# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 12 अगस्त 2025


■ रायपुर जामा मस्जिद के मुतवल्ली अब्दुल फहीम बोले- ज्यादातर मस्जिदों में तिरंगा फहराने की पहले ही परंपरा, इसका कोई विरोध नहीं




खास खबर

# वक्फ बोर्ड का फरमान, मस्जिद, दरगाह और मदरसों में 15 अगस्त को फहराना होगा तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यभर की सभी मस्जिद, मदरसा और दरगाह में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का फरमान जारी किया है। वक्फ बोर्ड द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि इस वर्ष 15 अगस्त को देश 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। इस अवसर पर राज्य की सभी मस्जिद, मदरसा और दरगाह के मुख्य द्वार पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज ने अपील की है कि मुल्क की आजादी का पर्व यौमे आजादी (स्वतंत्रता दिवस) के महत्व को समझते हुए इस पर्व को देशभक्ति, आपसी



एकता और भाईचारे के साथ मनाएं। राजधानी रायपुर की सबसे बड़ी जामा मस्जिद के मुतवल्ली अब्दुल फहीम ने हरिभूमि से चर्चा में कहा, हमारी मस्जिद के अलावा रायपुर और प्रदेश की ज्यादातर मस्जिदों में पहले से ही राष्ट्रीय ध्वज फहराने की परंपरा है। राष्ट्रीय ध्वज फहराने से कोई परहेज नहीं है।

वक्फ बोर्ड ने तिरंगा फहराने का आदेश इसलिए जारी किया है, क्योंकि जानकारों का कहना है कि जब वक्फ बोर्ड ने फोन करके इसके लिए प्रदेशभर की मस्जिदों में बात की, तो कुछ स्थानों से इसका विरोध करते हुए तिरंगा न फहराने की बात करते हुए कहा गया, हमें इसके लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। इसके बाद आदेश जारी किया गया है।

## जो ध्वजारोहण के खिलाफ वो देशद्रोही



डॉ. सलीम राज ने कहा, हमारा देश सूफी-संतों का देश है यहां हर जाति, धर्म, पंथ, समाज के लोग गंगा-जमुना तहजीब के साथ मिल-जुल कर रहते हैं। इस्लाम धर्म मुल्क से मोहब्बत का पैगाम देता है इसलिए मुल्क की आजादी के इस पर्व पर देश के प्रति अपना प्रेम और कर्तव्य निभाते हुए ध्वजारोहण करना चाहिए। जो लोग ध्वजारोहण के खिलाफ है वो देशभक्त नहीं है बल्कि देशद्रोही हैं। ऐसे लोगों को देश में रहने का कोई अधिकार नहीं है, उन्हें भारत छोड़कर चले जाना चाहिए जिन्हें तिरंगा फहराने से तकलीफ होती है।

## नानिहाद मुसलमानों की वजह से शक

डॉ. राज ने कहा, भारत का मुसलमान वतन परस्त है और अपने देश से मोहब्बत करता है, लेकिन कुछ नानिहाद मुसलमानों की वजह से बाकियों को भी शक की निगाहों से देखा जाता है, हमें ऐसे नानिहाद मुसलमानों से बचना है और देश की आजादी के पर्व को एक साथ मिल-जुल कर मनाना है और देश की गंगा-जमुना तहजीब को आगे बढ़ाना है देश को आगे बढ़ाना है।


आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | ₹72994/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | ₹89150/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | ₹97315/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

aNaND Jewels
Pandri, Raipur


इंडिया का प्रदर्शन, दो सांसद बेहोश, भाजपा बोली- अराजकता पैदा करना चाहते हैं विपक्षी दल

# 'वोट चोरी' के खिलाफ मार्च, पुलिस ने रोका राहुल-प्रियंका समेत कई सांसद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

*विपक्षी दलों के सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और कथित 'वोट चोरी' के खिलाफ सोमवार को संसद भवन परिसर से मार्च निकाला। हालांकि पुलिस ने उन्हें संसद मार्ग पर ही रोक दिया तथा बाद में हिरासत में ले लिया। विपक्षी दलों ने एकजुटता दिखाने के साथ ही यह भी कहा कि देश साफ-सुथरी मतदाता सूची चाहता है और चुनाव आयोग 'चुराव आयोग' नहीं हो सकता। इधर, भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल देश में अराजकता पैदा करना चाहते हैं।*

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया। विरोध प्रदर्शन में राकांपा (शरद पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने भी हिस्सा लिया। हिरासत में लिए गए नेताओं को संसद मार्ग थाने ले जाया गया, जहां पुलिस ने बाद में उन्हें छोड़ दिया।

राहुल गांधी ने कहा, सच्चाई देश के सामने है। यह लड़ाई राजनीतिक नहीं है, यह संविधान को बचाने की लड़ाई है, 'एक व्यक्ति एक वोट' की लड़ाई है। हम एक साफ-सुथरी और सही मतदाता सूची चाहते हैं। खड़गे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, भाजपा की कायराना तानाशाही नहीं चलेगी। ये जनता के वोट के अधिकार को बचाने की लड़ाई है। यह लोकतंत्र को बचाने का संघर्ष है। 'इंडिया' गठबंधन के साथी संविधान की धज्जियां उड़ाने वाली इस भाजपाई साज़िश को बेनक़ाब ⏭शेष पेज 8 पर

**खास बातें**

- हिरासत में लिए गए राहुल-प्रियंका, खड़गे और अखिलेश
- संसद मार्ग थाने ले जाकर दो घंटे बाद छोड़ा

**दो घंटे बाद सभी को छोड़ा गया**



**अखिलेश ने फांदा बैरीकेड :** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पुलिस के रोके जाने के बाद बैरीकेड फांदकर दूसरी तरफ चले गए। उन्होंने कहा, हम वोट बचाने के लिए बैरिकेड फांद रहे हैं।

**दो सांसद हुईं बेहोश :** प्रदर्शन के दौरान टीएमसी सांसद मिताली बाग और महुआ मोइत्रा की तबीयत बिगड़ गई और बेहोश हो गईं। राहुल गांधी और अन्य सांसदों ने उनकी मदद की। प्रियंका, डिंपल समेत कई सांसद 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे लगाते दिखे।



### राहुल बोले- यह संविधान बचाने की लड़ाई

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान बचाने की लड़ाई है। ये एक व्यक्ति-एक वोट की लड़ाई है, इसलिए हमें साफ वोटर लिस्ट चाहिए। वहीं, प्रियंका गांधी ने कहा कि यह सरकार डरी हुई है और कायर है। हिरासत में लिये जाने के बाद राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा, सच्चाई देश के सामने है।

### भाजपा बोली- हर दिन झूठ का नया पहाड़

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि लगातार हार के कारण कांग्रेस वैचारिक दिवालियेपन की स्थिति पर पहुंच गई है। कांग्रेस के पास कोई स्पष्ट मुद्दा नहीं है। ये लोग हर दिन झूठ का नया पहाड़ बनाते हैं। पिछले 2-3 दिनों में जो वाद-विवाद हुआ, उस पर भारतीय मीडिया ने फैक्ट-चेक करके राहुल के हर एक झूठ को प्रमाण के आधार पर बेनकाब किया है।

### शिवराज ने राहुल पर साधा निशाना

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राहुल गांधी पर 'देश विरोधी ताकतों के दबाव में' काम करने का आरोप लगाया। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, वह और 'इंडी' गठबंधन लोकतंत्र को बदनाम कर रहे हैं, उसकी धज्जियां उड़ा रहे हैं और संवैधानिक संस्थाओं की मर्यादाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। प्रधान और चौहान, दोनों ही भाजपा के प्रमुख ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) चेहरे हैं।

# सीएम साय को ले जाने वाला हेलीकॉप्टर खराब

## सारंगढ़-बिलाईगढ़ के लिए नहीं भर पाया उड़ान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय का हेलीकाप्टर खराब हो गया है। उड़ान नहीं भर पाने के कारण उन्हें वापस उतरना पड़ा। वे सारंगढ़-बिलाईगढ़ के दौरे पर जाने वाले थे, इसमें बैठ चुके थे, लेकिन उड़ान नहीं भर पाने से वापस उतरना पड़ा। हेलीकाप्टर में तकनीकी खराबी बताई जी रही है। बताया जा रहा है कि सीएम सड़क मार्ग से सारंगढ़ के लिए निकल गए हैं।

सोमवार को सीएम विष्णु देव साय का सारंगढ़-बिलाईगढ़ का प्रवास कार्यक्रम तय था। वे इस मौके पर करोड़ों रुपये के विकास कामों की सौगात जिलेवासियों को देने वाले हैं। तय शेड्यूल के मुताबिक सीएम साय रवाना होने वाले थे। वे रायपुर के हेलीपैड पहुंचे और हेलीकॉप्टर में बैठे। उनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव और भाजपा क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल मौजूद थे। हेलीकॉप्टर स्टार्ट हुआ, लेकिन नहीं उड़ सका। ऐसे में सभी को हेलीकॉप्टर से वापस उतरना पड़ गया।

### हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी की आशंका

हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है। माना जा रहा है कि इसी वजह से यह दिक्कत आई है। तकनीकी टीम हेलीकॉप्टर की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### जगन्नाथ मंदिर के निकट 12 फर्जी सेवक गिरफ्तार



**पुरी।** पुरी पुलिस ने श्री जगन्नाथ मंदिर के सेवक बनकर श्रद्धालुओं से वसूली करने के आरोप में 12 लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की उम्र 20 से 51 वर्ष के बीच है। श्रद्धालुओं द्वारा सेवकों के एक वर्ग द्वारा परेशान किए जाने की शिकायत के बाद पुलिस हरकत में आई थी।

### 'डिजिटल अरेस्ट' कर 1.05 करोड़ की ठगी

**पणजी।** केरल के एक व्यक्ति को 'डिजिटल अरेस्ट' के जरिये दक्षिण गोवा के एक निवासी से 1.05 करोड़ रुपए की ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान गोकुल प्रकाश एमके के रूप में हुई है, जिसने खुद को कानून प्रवर्तन अधिकारी बताकर क्यूपेम में रहने वाले पीड़ित को धमकाया।

### ईडी के समक्ष पेश हुए अभिनेता राणा



**हैदराबाद।** ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए से जुड़े धन शोधन के एक मामले में अभिनेता राणा दग्गुबाती प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश हुए। संघीय एजेंसी ने चार अभिनेताओं प्रकाश राज, विजय देवरकोंडा, राणा दग्गुबाती और लक्ष्मी मांचू को समन जारी किया था।

### ड्यूटी कर लौट रहे दो एएसआई की मौत, एक घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक दुर्घटना में दो पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई। इन तीनों उपनिरीक्षकों को अमरनाथ यात्रा के दौरान सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। वे श्रीनगर से जम्मू लौट रहे थे तभी लासजान इलाके के तेंगन में वे दुर्घटना का शिकार हो गए। घायल पुलिस अधिकारियों को अस्पताल ले जाया गया, जहां दो को मृत घोषित कर दिया गया।

### विभिन्न मूल्य के 2.17 लाख जाली नोट जब्त



**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को संसद में कहा कि 2024-25 के दौरान विभिन्न मूल्य के 2.17 लाख जाली नोट जब्त किए गए। इसके पिछले वित्त वर्ष में इस तरह के 2.23 लाख नोट पकड़े गए थे। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में यह जानकारी दी।

रायपुर और जबलपुर में दिनदहाड़े लूट की बड़ी वारदात, बाइक सवारों ने दिया अंजाम

# कट्टा अड़ाकर कार रुकवाई और कारोबारी से बदमाशों ने लूट लिए 15 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पंडरी थाना क्षेत्र में तीन बदमाशों ने चाकू तथा कट्टा दिखाकर कारोबारी से 15 लाख रुपए लूट लिए। घटना सोमवार सुबह साढ़े 11 बजे की है। कारोबारी बैंक रुपए जमा करने जा रहा था, इस दौरान बदमाशों ने शिकार बनाया। पुलिस को फिलहाल पुलिस को लुटेरों के बारे में अब तक किसी भी प्रकार का कोई सुराग नहीं मिला है। विधानसभा वालफोर्ट निवासी बोरवेल पाट्र्स कारोबारी चिराग ⏭शेष पेज 8 पर

■ कट्टे की नोक पर बदमाशों ने कार का दरवाजा खुलवाकर तीन किलोमीटर दूर ले जाकर की लूट



### सूनसान मार्ग पर ले जाकर की लूट

कारोबारी के अनुसार कार में सवार बदमाशों में एक ने जेब से चाकू निकाल कर उसके गले पर टिका दिया, दूसरा बदमाश उसे कट्टा से कवर कर कांपा से रेलवे यार्ड जाने वाले मार्ग खमतराई की ओर कार की दिशा मुड़वाकर ले गया। तीन किलोमीटर अंदर जाने के बाद बदमाशों ने कार रुकवाई और कार की सीट पर रखा नोटों से भरा बैग के साथ कारोबारी की सोने की अंगूठी और चेन लूटकर फरार हो गए।

# बैंक से 18 मिनट में लूट लिए 10 करोड़ का सोना, पांच लाख कैश



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले के सिहोरा ग्राम में सोमवार को पांच लोगों ने एक बैंक से 10 करोड़ रुपए मूल्य 10 किलोग्राम सोना और पांच लाख रुपए नकदी लूट ली। दो बाइक पर हेलमेट पहनकर आए आरोपी बैंक के अंदर घुसे और सिर्फ 18 मिनट में लूट को अंजाम देकर फरार हो गए। ⏭शेष पेज 8 पर

### कट्टे की नोंक पर बैंक में दहशत

घटना सुबह करीब नौ बजे इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक की शाखा में हुई। डीएसपी के अनुसार, तीन बदमाश बैंक के अंदर घुसे, जबकि उनके साथी बाहर खड़े रहे। अंदर बदमाशों ने कट्टे तानकर बैंककर्मियों और ग्राहकों को डराया और फिर बैंक में रखे जेवरात और नकदी लूटकर भाग निकले।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर प्राधिकारियों को दिए निर्देश

# आवारा कुत्तों को पकड़कर आश्रय स्थलों में रखें, अड़ंगा डालने वालों पर करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के इलाकों से सभी आवारा कुत्तों को उठाएं और उन्हें आश्रय स्थलों में रखें। न्यायालय ने यह भी कहा कि कुत्ते सड़कों पर वापस नहीं आएंगे। आवारा कुत्तों की समस्या को 'अत्यधिक गंभीर' बताते हुए न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन ने कई निर्देश पारित किए और चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों को उठाने के काम में बाधा ⏭शेष पेज 8 पर

**पकड़े गए कुत्तों का रखना होगा रिकॉर्ड :** पीठ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रोजाना पकड़े गए और आश्रय स्थल में रखे गए आवारा कुत्तों का रिकॉर्ड रखा जाए और अगली सुनवाई में पेश किया जाए।




**दिल्ली में एक भी शेल्टर नहीं :** एनिमल राइट एक्टिविस्ट और भाजपा की पूर्व सांसद मेनका गांधी ने कहा कि दिल्ली में एक भी शेल्टर नहीं हैं, तीन लाख कुत्तों को कहां डालेंगे दिल्ली सरकार के पहले तो शेल्टर बनाने होंगे। उन्होंने कहा कि शेल्टर का असल नाम 'पाउंड' होता है।



### चिदंबरम बोले- हर शहर कस्बे में हो लागू



आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट की तरफ से दिल्ली-एनसीआर के लिए जारी की गई गाइडलाइन को कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने देशव्यापी स्तर पर लागू करने की मांग की है। पूर्व गृह मंत्री चिदंबरम ने कहा कि आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को हर शहर और कस्बे में लागू किया जाना चाहिए।


CLASSIC GROUP
LIFESTYLE MATTERS
PRESENTS
आज़ादी महोत्सव
अव्यवस्थित जीवनशैली से
असुरक्षा से
अस्वच्छ वातावरण से
अस्वस्थता से
बच्चों की हर रोज़ मनोरंजन की फरमाइश से
असुविधा से
इस स्वतंत्रता दिवस
पाएँ आज़ादी
साथ ही पाएं आज़ादी
Registry Charges से
Electrification Charges से
और Club house Charges से
SCAN TO KNOW MORE
*T&C APPLY
CLASSIC CASTLE
Limited Premium Plots
NO FUTURE EXTENSION
901 902 1000 KACHNA, RAIPUR
SUMEET LANDSCAPE
CLASSIC VENTURES
Fully Developed Plots Available
800 - 2400 SQ.FT.
722 500 1000 VIDHAN SABHA ROAD
CLASSIC TOWERS
READY POSSESSION
2 & 3 BHK Flats
951 610 1000 AMLIDIH, RAIPUR
For more details visit www.rera.cgstate.com with RERA Numbers given below
Classic Castle
PCGRERA220620001124, P3CGRERA031120000020
Classic Ventures
CGRERA060320A000465
Classic Towers
PCGRERA270223001615

## चिंतन

# आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान देशभर में चले

भारत राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आवारा कुत्तों को पकड़ने को लेकर सर्वोच्च न्यायालय का हिदायत भरा निर्देश स्वागत योग्य है। दिल्ली-एनसीआर समेत देश भर में लोग आवारा कुत्तों के शिकार हो रहे हैं। यह राष्ट्रीय समस्या बन चुकी है। आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान देशभर में चलना चाहिए। सभी राज्य सरकारों को चाहिए वे खूंखार हो रहे आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाएं। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के इलाकों से सभी आवारा कुत्तों को उठाने व उन्हें आश्रय स्थलों में रखने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। कोर्ट ने चेतावनी भी दी कि यदि कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों को उठाने के काम में बाधा डालेगा, तो उसके खिलाफ अदालत अवमानना की कार्यवाही शुरू करेगी। दरअसल, पशु संरक्षण के नाम पर चल रहे कई संगठन व व्यक्ति आवारा कुत्तों व बंदरों के खिलाफ प्रशासनिक एक्शन में अवरोध पैदा करते रहे हैं। देश की सड़कों, गलियों को आवारा कुत्तों व बंदरों से सुरक्षित बनाना जरूरी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि भारत में हर साल रेबीज़ से लगभग 20,000 लोगों की मौत होती है। यह दुनिया भर में रेबीज़ से होने वाली मौतों का 36 प्रतिशत है। 20 लाख से अधिक कुत्ते काटने के मामले सामने आ चुके हैं। भारत में रेबीज़ साइलेंट किलर रोग के रूप में उभर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कथित पशु प्रेमियों व पेट एक्टिविस्टों को आईना भी दिखाया है कि क्या पशु कार्यकर्ता और 'कथित पशु प्रेमी' उन बच्चों को वापस ला पाएंगे जो रेबीज़ का शिकार हो गए। खास बात है कि उच्चतम न्यायालय ने 28 जुलाई को इस मामले को स्वतः संज्ञान में लिया था, अब उसी पर सुनवाई हो रही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आश्वस्त किया है कि दिल्ली सरकार चरणबद्ध तरीके से आवारा कुत्तों को पकड़ कर आश्रय स्थल भेजेगी। न्यायालय ने आदेश दिया है कि कुत्तों के लिए आश्रय स्थलों में पर्याप्त कर्मचारी हों, जो कुत्तों के बधियाकरण और टीकाकरण के साथ-साथ उनकी देखभाल भी करें। इन केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी होगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी कुत्ता न तो छोड़ा जाए या बाहर ले जाया जाए। शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार और गुरुग्राम, नोएडा एवं गाजियाबाद के नगर निकायों को सभी आवारा कुत्तों को पकड़कर आश्रय स्थलों में रखने का निर्देश दिया है। दुनिया में आवारा कुत्तों के हमलों की सबसे ज्यादा संख्या भारत में होती है। भारत में रेबीज़ से होने वाली मौतों के सबसे ज्यादा मामलों के साथ-साथ दुनिया में आवारा कुत्तों और बिल्लियों की संख्या भी सबसे ज्यादा है। पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2001 के मुताबिक, आवारा कुत्तों को मारा नहीं जा सकता, केवल नसबंदी की जा सकती है। नगर पालिकाओं के पास आवारा कुत्तों की नसबंदी के लिए पैसे की कमी होती है। उत्तर प्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र में आवारा कुत्तों की संख्या सबसे ज्यादा है। बिहार सरकार ने पाया कि आवारा कुत्तों का काटना राज्य में बीमारी का तीसरा बड़ा कारण है। आवारा कुत्ते राष्ट्रीय उद्यानों, अभयारण्यों, बफर ज़ोन और संरक्षित क्षेत्रों में लुप्तप्राय प्रजातियों और पशुधन को मार देते हैं। किसानों ने शिकायत की है कि आवारा कुत्ते उनके पशुधन को मार देते हैं। आवारा कुत्तों के हमले कई कारकों का परिणाम हैं, जिनमें सरकार और पशु कल्याण संगठनों की लापरवाही और व्यक्तिगत उदासीनता शामिल है। भारतीय वन्यजीव संरक्षण सोसायटी (डब्ल्यूपीएसआई) ने आवारा कुत्तों के खतरे को समाप्त करने के लिए सख्त कार्रवाई का आह्वान किया है।

## 'वोट चोरी' मुद्दा

डॉ. घनश्याम बादल



# खतरनाक मोड़ पर आरोपों की राजनीति

कांग्रेस के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस करके जिस तरह के आरोप चुनाव आयोग पर लगाए हैं वें काफी सनसनीखेज हैं। इन आरोपों के माध्यम से राहुल गांधी ने अपना तथा कथित 'एटमबम' फोड़ा है जिसके बारे में उन्होंने कहा था कि इस बम के फटते ही चुनाव आयोग उड़ जाएगा। 2024 के लोकसभा के चुनावों से ही राहुल गांधी काफी 'लाउड पॉलिटिक्स' कर रहे हैं। वे लगातार भाजपा मोदी एवं चुनाव आयोग तथा सरकार के खिलाफ बोल रहे हैं। एक तरह से उन्होंने आरोपों की छड़ी लगा रखी है और चुनाव आयोग तथा सरकार के प्रति जनता में वे एक अविश्वास की भावना पैदा करने में लगे हुए हैं। विपक्षी नेता होने के नाते यह बहुत स्वाभाविक है और यह भी सच है कि सत्ता पक्ष के नेता भी राहुल गांधी को उकसाने और कोसने व खिझाने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। उनके जाल में फंस राहुल गांधी अति उत्साह में भी कुछ ऐसी बातें कह जाते हैं कि हंसी के पात्र बन जाते हैं। 54 साल के राहुल की ऐसी बड़बोलेपन की टिप्पणियां उन्हें मीडिया में उपहास का पात्र भी बनवा देती हैं। इसके कई उदाहरण पिछले समय में देखने को मिले हैं जैसे लोकसभा में अपने भाषण के तुरंत बाद अपने ही एक साथी की तरफ देखकर अति उत्साह में संसद में आंख मारना, मैं और मैं संसद में बोलूंगा तो मोदी टिक नहीं पाएंगे, चौकीदार चोर है, नरेंद्र सरेंडर और ऐसे ही दूसरे वक्तव्यों से राहुल गांधी को फायदा कम और नुकसान ज्यादा हुआ है। लेकिन इस बार जब बिहार में सरकार ने वोटर लिस्ट में संशोधन (एसआईआर) का बीड़ा उठाया तब राहुल गांधी व विपक्षी दलों ने इस पर यह कहते हुए एतराज़ किया कि यह सब वोटों की चोरी के लिए किया जा रहा है। उनका आरोप है कि ऐसा इंडिया के समर्थक वोटरों को वोटर लिस्ट से हटाने एवं एनडीए समर्थकों को वोटर लिस्ट में जोड़ने के लिए यह सब ड्रामा किया जा रहा है। जबकि इतिहास बताता है कि चुनावों से पूर्व इस प्रकार की प्रक्रिया पहले भी होती रही है। राहुल और तेजस्वी यादव दोनों मिलकर बिहार की मतदाता सूची में ने केवल काटने जा रहे 65 लाख मतदाताओं की और इशारा करते हुए इस पर आपत्ति कर रहे हैं अपितु वोटर लिस्ट की अंतिम कमियां भी किनारे रहे हैं यहां एक बड़ा प्रश्न उठता है कि एक और आप महाराष्ट्र मध्य प्रदेश हरियाणा आदि राज्यों में वोटर लिस्ट की कमियों को वोटो की चोरी बताते हैं तो वहीं बिहार में जब मतदाता सूचियां में सुधार की बात आती है तब आप उसका विरोध करते हैं। राहुल लगातार ही चुनाव आयोग को घेर रहे हैं और सरकार पर भी गंभीर आरोप लगा रहे हैं। मध्यप्रदेश, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र तथा हरियाणा में आशा के विपरीत परिणाम आए तो वह और भी मुखर होकर बोले। उनके अनुसार कर्नाटक एवं महाराष्ट्र के चुनावों पर छह महीने उनकी टीम ने कार्य किया और पाया कि अचानक ही वोटर लिस्ट में एक करोड़ नए नाम जोड़ दिए गए हैं। इतना ही नहीं प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने डुप्लीकेट वोटर, गलत पते वाले वोटर एवं बहुत छोटे फोटो वाले वोटर्स के साथ-साथ एक ही छोटे से घर में अप्रत्याशित रूप से अत्यधिक वोटर होने का प्रमाण देने वाली वोटर लिस्ट दिखाई। उन्होंने अपने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से यह भी बताया कि किस तरह फॉर्म सिक्स का दुरुपयोग करते हुए उसमें 70 वर्षीय मतदाताओं के नाम भी वोटर लिस्ट में जोड़ने का खेल खेला गया। जबकि इस फार्म के माध्यम से केवल उन्हीं मतदाताओं के नाम जोड़े जा सकते हैं जो आने वाले चुनाव के समय ही 18 वर्ष की आयु के हुए हैं। यानी इस बार राहुल जो बात कर कर रहे हैं प्रमाण के साथ कर रहे हैं। यदि राहुल गांधी पर विश्वास करें तो लगता है कि वोटर लिस्ट में कमियां हैं और एक ही व्यक्ति के नाम अनेक जगहों पर भी अक्सर पाए जाते रहे हैं यानी माना जा सकता है कि इस विषय में उनके प्रमाण काफी पुख्ता हैं। लेकिन वे जिस तरह चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं वह बहुत ख़तरनाक है और यदि जैसा कि राहुल कहते हैं न्यायालय एवं चुनाव आयोग तथा सरकार एवं उनकी एजेंसियां मिलकर लोकतंत्र को चुरा रहे हैं तो फिर यह और भी चिंताजनक बात है तथा भारत में सच्चे लोकतंत्र की उपस्थिति पर गहरा सवालिया निशान खड़ा करते हैं। लेकिन उनकी प्रेस कांफ्रेंस के बाद चुनाव आयोग ने उन्हें एफिडेविट देकर प्रक्रिया के अनुसार अपनी बात रखने को कहा तो राहुल इसके लिए तैयार नहीं होते। अब क्या सही है और क्या ग़लत यह मीडिया में तो तय नहीं हो सकता बल्कि इसके लिए तो संविधान सम्मत तरीके से ही फैसला हो पाएगा। ग़लती चुनाव आयोग की है तो फिर वह शपथ पत्र क्यों दें।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विश्लेषण

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# यूएन में सहकारिता की वैश्विक अनुगूँज

**भारतीय सहकारिता की प्रशंसा संयुक्त राष्ट्र में की जा रही है। हाल में संपन्न हुआ सहकारिता सम्मेलन इसका बड़ा उदहारण है। सहकारिता की संस्कृति की यह वैश्विक अनुगूँज हमारी आर्थिक समृद्धि का कारण बनेगी। एक अच्छी बात यह रही कि हमारे देश के सहकारिता के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस साझेदारी को स्वयं संयुक्त राष्ट्र के विशिष्ट सम्मेलन में रखी। उन्होंने बहुत साफ़ शब्दों में कहा कि सहकारिता हजारों वर्ष से भारतीय जीवन मूल्यों की आत्मा रही है। यह साझेदारी पारदर्शिता और सामाजिक न्याय जैसे मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित एक सांस्कृतिक चेतना है जो हमें 'मैं' से 'हम' की ओर ले जाती है।**

विश्व में भारत की व्यापक छवि बन रही है। यह भारतीय नागरिकों व सरकार के लिए गर्व की बात है कि सहकारिता मॉडल पर चर्चा करते हुए भारतीय सहकारिता की प्रशंसा संयुक्त राष्ट्र में की जा रही है। हाल में संपन्न हुआ सहकारिता सम्मेलन इसका बड़ा उदहारण है। सहकारिता की संस्कृति की यह वैश्विक अनुगूँज हमारी आर्थिक समृद्धि का कारण बनेगी साथ ही विश्व में अपनी स्थापनाओं के लिए भी महत्त्वपूर्ण बन सकेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था, दुनिया के लिए सहकारी समितियां एक आदर्श हैं लेकिन भारत के लिए यह हमारी संस्कृति का आधार और जीवन जीने का एक तरीका है। प्रधानमंत्री की वही स्थापना अब संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन से स्वीकार की गई है।

संयुक्त राष्ट्र साझेदारी को प्रोत्साहन देता है। हमारे बहुपक्षीय संबंधों व बहुपक्षवाद की अवधारणाओं के लिए सयुक्त राष्ट्र की पैरवी विगत 80 वर्ष से निरंतर जारी है। सहकारिता के मूल में ही साझेदारी है। कायदे से सहकारिता जैसे उपक्रम को संयुक्त राष्ट्र द्वारा तत्परता व सक्रियता से पूरी पृथ्वी पर फैलाने की भरपूर कोशिश की जानी चाहिए थी। लेकिन विविध विषयों को केंद्र में रखकर आगे बढ़ता संयुक्त राष्ट्र सहकारिता पर उतना सक्रिय राष्ट्रों के बीच एकमत नहीं बना सका। यदि ऐसा कर सका होता तो हमारे साझा भविष्य कुछ ज्यादा समृद्ध हुए होते। समावेशी और सतत कार्रवाई सुनिश्चित करने में अपने विश्वसनीय भागीदार की खोज अब संयुक्त राष्ट्र में भी है। संयुक्त राष्ट्र यह चाहता है कि भारत जैसा लोकतंत्र हमारे साथ खड़ा हो और वह हमारे सहकारिता कार्यक्रम को आगे बढ़ाए।

एक अच्छी बात यह रही कि हमारे देश के सहकारिता के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस साझेदारी को स्वयं संयुक्त राष्ट्र के विशिष्ट सम्मेलन में रखी। उन्होंने बहुत साफ़ शब्दों में कहा कि सहकारिता हजारों वर्ष से भारतीय जीवन मूल्यों की आत्मा रही है। यह साझेदारी पारदर्शिता और सामाजिक न्याय जैसे मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित एक सांस्कृतिक चेतना है जो हमें 'मैं' से 'हम' की ओर ले जाती है। जिस प्रकार एक परिवार मिलजुलकर एक दूसरे की भलाई के लिए कार्य करता है, उसी प्रकार सहकारिता भी सामूहिक शक्ति का प्रमाण है। भारत के प्रधानमंत्री ने 'सहकार से समृद्धि' का मंत्र देकर सहकारिता को एक 'जन आंदोलन' का स्वरूप प्रदान किया है। आज यह आंदोलन भारत के कोने-कोने में पहुंचकर हर गांव, हर महिला, हर युवा, हर किसान को सशक्त कर रहा है। वस्तुतः यह समष्टिगत ताकत जो सहकारिता प्रदान कर रही है, उसे अमित शाह ने स्पष्ट किया। गैर-बराबरी मिटाने के लिए सहकारिता का माध्यम इसलिए अब विश्व में ज़रूरत बनता जा रहा है।

विश्व में गैर-बराबरी के कारण भूख, गरीबी व संघर्ष के विविध स्वरूप देखने को मिल रहे हैं। यदि भारत में छिड़ा सहकारिता आन्दोलन विश्व के लिए एक मिसाल बन सका तो इसमें अमित शाह का अप्रतिम योगदान इतिहास में अंकित होगा, जिसे उन्होंने कुछ वर्षों में ही भारत में उपलब्धि के रूप में हासिल किया है। यह संयुक्त राष्ट्र का एक महत्वाकांक्षी प्रयास बन सकेगा जो



कि अफ्रीकी देशों में व्याप्त असमानता को दूर कर सकता है। गैर-बराबरी के ज़ख्म को भर सकता है। आर्थिक समृद्धि के लिए नए रोडमैप दे सकता है। भारत का इसलिए यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवदान बनने जा रहा है जो कि सहकारिता आन्दोलन होगा। सहकार से समृद्धि यह नारा ही अपने आप में अद्वितीय है और यह साझेदारी से समृद्धि की नई चेतना का विस्तार है।

सहकारी समितियों की एक विशिष्ट विशेषता यह है कि वे लोकतांत्रिक होती हैं। वे जनता के लिए और जनता द्वारा संचालित संस्थाएँ हैं। ये विशेषताएँ अपने आप में सहकारी समितियों को सतत विकास का एक आदर्श माध्यम बनाती हैं, जो वास्तव में लोगों की जरूरतों को प्रतिबिंबित और पूरा करती हैं। सबसे अहम बात यह है कि संयुक्त राष्ट्र में हुए सम्मेलन में केन्या, कोलंबिया व मंगोलिया के राजदूत ने भारत की खूब तारीफ़ की। अगर केन्या के राजदूत के उद्बोधन का स्मरण करें तो उन्होंने कहा कि अच्छे रोज़गार सृजित करने के अलावा, सहकारी समितियाँ पारंपरिक रूप से बहिष्कृत समूहों जैसे महिलाओं, युवाओं, वृद्धों, विकलांग व्यक्तियों और स्वदेशी लोगों के लिए परिणामों में सुधार करके सामाजिक समावेशन और भूख व गरीबी उन्मूलन में भी योगदान देती हैं। भारत का एक आदर्श उदाहरण सामाजिक-एकजुटता व एकजुट अर्थव्यवस्था की सफलता और प्रासंगिकता सुनिश्चित करने की दिशा में इसे प्रदर्शित करता है।


सच यह है कि भारत की जनसँख्या इन्डियन डिविडेंड है। भारत में अभी 840,000 से ज़्यादा सहकारी समितियाँ हैं जिनके 32 करोड़ से ज़्यादा सदस्य हैं। यह संख्या जैसे जैसे बढ़ेगी, भारत के सहकारिता को बल मिलेगा। भारत में अभी एक सहकारिता विश्वविद्यालय है, आने वाले समय में इसकी संख्या जब कम से कम पांच हो जाएगी, तो भारत का सहकारिता मानव संसाधन पूरे विश्व में सर्वोत्तम परिणाम दे सकेगा। हमारे देश की लीडरशिप आज इतनी मजबूत है जो इसे करेगी भी। बेहतर दुनिया बनाने हेतु सच में संकल्प से सिद्धि एक माध्यम है। भारत की लीडरशिप इसके लिए सतत प्रयास कर रही है। आज जब एसडीजी-2030 के लक्ष्य को वैश्विक स्तर पर हासिल करने की बात की जा रही है तो भी भारत की ओर दुनिया रुख कर रही है। आईएलओ की प्रतिनिधि ने भारत की प्रशंसा इस बात पर की कि भारत ने सहकारिता व सहकारी समितियों को पहचाना। उसने इसे महत्व दिया व इसे एकजुट किया। भारत में सहकारिता को प्रमुखता दी जा रही है, इसे गरीबी उन्मूलन के उपादान के तौर पर प्रतिष्ठित की जा रही है। यही कारण है कि इसकी संयुक्त राष्ट्र में अनुगूँज सुनाई पड़ रही है। इस प्रशंसा से यह एहसास होता है कि सच में भारत ने कुछ किया है, कुछ विशेष अचीव किया है।

विश्व में अभी प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नए युग के लिए संभावित कदमों की पहचान करने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं, इस पर विचार किया जा रहा है। अभी भी विश्व के सभी देश सहकारिता को अपने देश के विकास का हिस्सा नहीं मान रहे हैं, अपितु वे यह विश्वास कर रहे हैं कि वे अचानक से वह सब हासिल कर लेंगे जो सहकारिता के बिना भी संभव है। भारत का अभिप्राय है ही है कि वह सम्पूर्ण विश्व को प्रभाषित करके सबको विकास व आत्मबोध के प्रकाश से भर दे। यदि विश्व में सहकारिता के विकास के लिए भारत सरकार सहकारिता पैरोकारों को तैनात करे तो निश्चय ही यह उसकी ओर से वैश्विक बदलाव की दिशा में अप्रतिम व महत्वाकांक्षी योजना सिद्ध होगी। इससे विश्व में सहकारिता के लिए भारत की देशों के स्वभाव परिवर्तन की एक नई गाथा ऐतिहासिक रूप से अंकित होगी।

( लेखक राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी रह चुके हैं और केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है समर्पण



संकलित

## दर्शन

समर्पण प्रत्येक प्राणी के लिए अत्यंत आवश्यक भाव है। यही वह भाव है जिसके माध्यम से हम अपने आत्मीय जनों के प्रिय बन सकते हैं। यह स्मरण रहे कि राग, द्वेष, घृणा तथा स्वार्थ का त्याग किए बिना समर्पण की कल्पना व्यर्थ है। हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में समर्पण का भाव आवश्यक है। समर्पण हमारे लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन की उन्नति के लिए आवश्यक है। संबंधों में मधुरता के लिए हमें परस्पर समर्पण भाव रखते हुए रिश्तों का निर्वहन करना होता है। स्वार्थ की दृष्टि से बनाए गए रिश्ते अल्पावधि के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी समर्पण भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब हम अपने संपूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, तब कोई भी लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहता। समर्पण के साथ-साथ विश्वास का होना भी आवश्यक है। जिस प्रकार एक बीज धरती में रोपित किया जाता है, तो वह संपूर्ण रूप से खुद को धरती मां की गोद में समर्पित कर देता है। तभी उसमें विकास के नए अंकुर फूट पड़ते हैं। भास्कर की किरणों उसे शक्ति प्रदान करती हैं। पवन की शीतलता उसे दुलारती है। मेघ उसका अभिसिंचन करते हैं। इस प्रकार उसे संपूर्ण प्रकृति का सहयोग एवं साहचर्य मिलने लगता है। उसके बाद वह धीरे-धीरे एक संपूर्ण वृक्ष का आकार ले लेता है। एक ऐसे वृक्ष का, जिसके आश्रय में तमाम प्राणी शीतलता प्राप्त करते हैं।

# शिव जी के अंशावतार हैं हनुमान जी




संकलित

## प्रेरणा

शिव जी के 19 अवतारों में से एक अवतार है हनुमान। इसे शिव जी का अंशावतार माना जाता है। त्रेता युग में जब रावण का आतंक बढ़ गया, तब विष्णु जी राम अवतार लेने वाले थे। उस समय सभी देवताओं ने श्रीराम की सेवा और मदद करने के लिए अलग-अलग अवतार लिए थे। शिव जी ने श्रीराम के परमभक्त हनुमान जी के रूप में अवतार लिया था। जब श्रीराम अश्वमेध यज्ञ कर रहे थे। उनका यज्ञ घोड़ा घूमते-घूमते देवपुर नगर पहुंचा। उस नगर के राजा थे वीरमणि। वीरमणि शिव भक्त थे। राजा के पुत्र रुक्मांगद ने यज्ञ के घोड़े को बंदी बना लिया था। जब ये बात जब श्रीराम के भाई शत्रुघ्न को मालूम हुई तो उन्होंने देवपुर पर आक्रमण कर दिया। शत्रुघ्न और वीरमणि की सेना का युद्ध शुरू हुआ तो हनुमान जी भी वीरमणि की सेना खत्म करने लगे। राजा की हार होती देखकर शिव जी राजा की ओर से युद्ध करने लगे। युद्ध में जब शिव जी और हनुमान जी का सामना हुआ तो हनुमान जी ने उनसे पूछा कि आप तो राम भक्त हैं। फिर हमसे युद्ध क्यों कर रहे हैं। शिव जी ने कहा कि मैंने राजा वीरमणि को उसके राज्य की रक्षा करने का वचन दिया है इसलिए मुझे राजा की ओर से युद्ध करना पड़ रहा है, वह मेरा प्रिय भक्त है। शिव जी और हनुमान जी के बीच युद्ध हुआ, लेकिन जब शिव जी पराजित नहीं हुए तो उन्होंने श्रीराम का स्मरण किया। जब श्रीराम युद्ध में पहुंचे तो शिव जी राजा वीरमणि के साथ श्रीराम की शरण में चले गए। इस तरह ये युद्ध शांत हो गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हिंदी बोलने में शर्म कैसी?

हमें अंग्रेजी बोलने में शर्म इसलिए आनी चाहिए क्योंकि जिन अंग्रेजों ने हमारे देश पर वर्षों राज कर देश को आर्थिक रूप से बर्बाद कर दिया, हम हिंदुस्तानियों पर ज़ुल्म ढाहे, आज आजाद देश में हम उनकी भाषा को मान-सम्मान देते हैं, इसे प्रयोग करने में गर्व महसूस करते हैं। आज हम भारतीयों में से बहुत से लोग अपनी हिंदी भाषा को बोलने में शर्म महसूस करते हैं, जबकि हमारे देश को आजाद करवाने वाले देशभक्तों और महापुरुषों ने हिंदी बोलने में अपनी शान समझी। उन्होंने इसके विस्तार के लिए काम भी किया। महात्मा गांधी ने हिंदी के लिए कहा था कि, परस्पर व्यवहार के लिए ऐसी भाषा की आवश्यकता है जिसे जनता का अधिकतम भाग पहले से ही जानता-समझता हो। हिंदी इस नजर से सर्वश्रेष्ठ है।

*-परेश राजपूत, भिलाई*

## ट्रेंड

### योगदान को महत्व



हमारी सरकार भारत के विकास में बेंगलुरु के योगदान को बहुत महत्व देती है और हम इस महान शहर के बुनियादी ढाँचे को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बेंगलुरु मेट्रो की येलो लाइन आईटी क्षेत्र से जुड़े लोगों को लाभान्वित करेगी।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### लोकतंत्र कलंकित



संसद के सत्र के दौरान मतदाता सूची से लाखों मतदाताओं का नाम हटाने के मामले में 300 सांसदों से चुनाव आयोग का मिलने से इनकार करना, व पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार के बाद उनको हिरासत में लिए जाना, निंदनीय व दुर्भाग्यपूरण घटना है, जिसने भारतीय लोकतंत्र को कलंकित किया है।

-आनंद शर्मा, कांग्रेस नेता

### अस्मिता के आधार



भारत की अस्मिता के दो उज्ज्वल आधार हैं- संस्कृति और संस्कृत। संस्कृत केवल भारतवर्ष की ही नहीं, अपितु समस्त विश्व की आद्य, प्राचीन और देव भाषा है। यह वह अमृतधारा है, जिससे अनादिकाल से समस्त सभ्यताओं ने ज्ञान-विज्ञान का पान किया।

- अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### त्योहार मनाया जाए



हर साल की तरह इस बार भी रीमा भाभी ने अपनी तरफ़से और मेरी सारी बहनों की तरफ़से मुझे राखी बाँधी।बहुत ही सुखद अनुभूति होती है जब परिवार के सभी सदस्यों के बीच में त्योहार मनाया जाए।

- अनुपम खेर, अभिनेता

**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## करंट अफेयर

# नासा की योजना चंद्रमा पर परमाणु रिएक्टर बनाने की



चंद्रमा पर उतरना, वहां ध्वज फहराना, वहां की मिट्टी अनुसंधान के लिए लाना अब पुरानी बात है। अब नई अंतरिक्ष दौड़ पृथ्वी के इस इकलौते उपग्रह पर स्थायी निर्माण और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर शुरू हो गई है, जिसमें परमाणु ऊर्जा संयंत्र अहम भूमिका निभा सकते हैं। खबरों की मानें तो अप्रैल 2025 में चीन ने वर्ष 2035 तक चंद्रमा पर परमाणु ऊर्जा संयंत्र बनाने की योजना पेश की थी, जो उसके प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान केंद्र को ऊर्जा देगा। इसके जवाब में अगस्त में अमेरिका के कार्यवाहक नासा प्रशासक सीन डफी ने कहा कि अमेरिका वर्ष 2030 तक चंद्रमा पर अपना परमाणु रिएक्टर चालू कर सकता है। यह नया भले ही लगे लेकिन यह चौंकाने वाली खबर कतई नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह अचानक शुरू हुई होड़ नहीं है। नासा और अमेरिकी ऊर्जा विभाग लंबे समय से छोटी परमाणु ऊर्जा प्रणालियों पर काम कर रहे हैं, जो चंद्रमा पर अड्डों, खनन कार्यों और दीर्घकालिक निवास के लिए बिजली उपलब्ध करा सकें। अंतरिक्ष कानून विशेषज्ञ मानते हैं कि यह हथियारों की होड़ नहीं बल्कि रणनीतिक बुनियादी ढांचे की दौड़ है। कानूनी रूप से प्रतिबंधित नहीं। परमाणु ऊर्जा का अंतरिक्ष में इस्तेमाल नया विचार नहीं है।

## ऑफ बीट

# रेत पर चित्र बनाने की कला 140,000 साल पहले की है



रेत पर चित्र उकेरने, या रेत की मूर्तियां बनाने वालों की कमी नहीं है, जैसा कि कई आधुनिक समुद्र तट या टीलों की सतह पर टहलने से पता चलेगा। रेत एक विशाल कैनवास है - और इसका उपयोग लोगों की समझ से कहीं अधिक लंबे समय से किया जा रहा है। हाल तक केवल यह अनुमान ही था कि सबसे पुरानी कला रेत पर रही होगी। जिन चट्टानों में हम इन्हें अधिकतर पाते हैं, उन्हें एओलियनाइट्स के रूप में जाना जाता है, जो समुद्र तट के किनारे बनने वाले प्राचीन टीलों के सीमेंटेड संस्करण हैं। ऐसी प्राचीन 'रेत कला' का वर्णन पहले कभी नहीं किया गया था, इसलिए हमने इसके लिए एक नया शब्द गढ़ा: 'अम्मोग्लिफ़' ('अमोस' का ग्रीक में अर्थ 'रेत' होता है)। इक्नोस पत्रिका के एक हालिया लेख में हमने केप दक्षिण तट से सात होमिनिन इक्नोसाइट्स (एक शब्द जिसमें ट्रैक और अन्य निशान शामिल हैं) के लिए तारीखें प्रदान की हैं। हमने जिसकी अम्मोग्लिफ़ के रूप में व्याख्या की थी, वह उनमें से चार स्थलों पर पाए गए थे। सबसे पुराना काल 149,000 से 129,000 वर्ष पहले का है। किसी भी पुरा-अभिलेख का अध्ययन करते समय एक महत्वपूर्ण चुनौती - चाहे ट्रैकवे, जीवाश्म, या अन्य प्रकार की प्राचीन तलछट - यह निर्धारित करना है कि सामग्री कितनी पुरानी है।

# 100 से ज्यादा जिंदगियों की तलाश

धराली और हर्षिल में रेस्क्यू का 7वां दिन, अब भी मलबों के ढेर बाकी

5 अगस्त को बादल फटने के बाद आई थी बड़ी आपदा

## 1,308 का अब तक रेस्क्यू



*देहरादून।* उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली और हर्षिल क्षेत्र में 5 अगस्त को बादल फटने और फ्लैश फ्लड के बाद शुरू हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन सातवें दिन भी जारी है। बीती रात लगातार बारिश के कारण धराली में मलबा दलदल में बदल गया है। मुखवा को धराली से जोड़ने वाले फुटओवर ब्रिज में क्रैक दिखाई देने से राहत कार्यों में नई चुनौती आ गई थी। बताया जा रहा है कि मलबे में अब तक 100 से ज्यादा लोगों के फंसे होने की आशंका है। हाईटेक मशीनों का इस्तेमाल करके उनकी तलाश की जा रही है। सेना की पैरा ब्रिगेड सोमवार को हर्षिल में जलाशय के ऊपर स्पीड बोट के जरिए नदी पर अस्थायी रास्ता बनाने में लगी रही। पैरा ब्रिगेड हर्षिल आर्मी कैंप से आगे रोप वे बनाने की भी योजना बना रही है, ताकि राहत और सामग्री पहुंचाना आसान हो सके।



### मलबे से निकाले गए 177 लोग

10 अगस्त तक के अपडेट के मुताबिक, अब तक 1,308 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया जा चुका है, जिनमें 177 लोगों को बीते दिन मलबे से निकाला गया था। कुल 326 हेलिकॉप्टर सॉर्टीज़ हुई हैं, जिनमें बीते दिन 64 सॉर्टीज़ हुईं - 8 चिनूक, एमआई-17 और एएलएच हेलिकॉप्टर से, और 56 यूसीएडीए एयरक्राफ्ट शामिल हैं। भारतीय सेना के ताजा अपडेट के मुताबिक, अब तक 5 मौतें हुई हैं और 100 से अधिक लोग लापता हैं।



## खबर संक्षेप

### यमन में बढ़ीं निमिषा प्रिया की मुश्किलें

**नई दिल्ली।** यमन में भारतीय मूल की नर्स निमिषा प्रिया की मुश्किलें बढ़ रही है, क्योंकि जिस व्यक्ति की हत्या के मामले में उन्हें दोषी ठहराया गया है उसके परिवार ने मामले में केरल के एक मौलवी के हस्तक्षेप के दावे को खारिज कर दिया है। इसके अलावा मृतक के भाई ने तीसरी बार निमिषा प्रिया को फांसी की सजा देने की याचिका लगाई है। दरअसल, निमिषा प्रिया को 2017 में तलाल अब्दो महदी की हत्या के मामले में पिछले महीने फांसी की सजा होनी थी लेकिन 16 जुलाई को फांसी टाल दी गई थी।

### कोलंबिया के राष्ट्रपति उम्मीदवार उरीबे की मौत

**बोगोटो।** कोलंबिया के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार मिगुएल उरीबे टर्बे का देहांत हो गया है। मिगुएल को 7 जून को बोगोटा में एक राजनीतिक रैली में कई बार गोली मारी गई थी। उनके देहांत की जानकारी उन्हीं के परिवार ने दी है। टर्बे की पत्नी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखते हुए कहा, 'मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि मुझे रास्ता दिखाएं ताकि मैं आपके बिना जीना सीख सकूं. शांति से आराम करो, मैं हमारे बच्चों का ख्याल रखूंगी।'

### ऑनलाइन सट्टेबाजी : राणा दग्गुबाती ईडी के सामने पेश

**हैदराबाद।** साउथ स्टार राणा दग्गुबाती सोमवार को हैदराबाद स्थित प्रवर्तन निदेशालय के क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए पेश हुए। यह मामला अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग आरोपों से संबंधित है। ईडी इस मामले की जांच धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कर रही है। इससे पहले, जुलाई में ईडी ने चार प्रमुख फिल्मी सितारों – प्रकाश राज, विजय देवरकोंडा, राणा दग्गुबाती और लक्ष्मी मांचू – को समन जारी कर अलग-अलग तारीखों पर पूछताछ के लिए तलब किया था।

## सेना की भर्ती को लेकर केंद्र सरकार पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

# पुरुषों के लिए 6, महिलाओं के लिए 3 सीटें सेना की कानूनी विंग में आरक्षण नीति रद्द

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय सेना की जज एडवोकेट जनरल (जेएजी) ब्रांच में पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग सीटें आरक्षित करने की नीति को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया है। कोर्ट ने साफ कहा कि लैंगिक तटस्थता का मतलब यह है कि सभी योग्य उम्मीदवारों का चयन केवल योग्यता के आधार पर होना चाहिए, न कि लिंग के आधार पर। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा, 'कार्यपालिका पुरुषों के लिए सीटें आरक्षित नहीं कर सकती। पुरुषों के लिए 6 और महिलाओं के लिए 3 सीटें तय करना मनमाना है और भर्ती की आड़ में इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती।'

**खास बातें**

- कहा- यह आरक्षण ठीक नहीं, सरकार पुरुषों के लिए सीटें आरक्षित नहीं कर सकती
- यह नीति ये समानता के अधिकार का उल्लंघन




### लैंगिक तटस्थता का सही अर्थ

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2023 के नियमों और लैंगिक तटस्थता का सही अर्थ यह है कि केंद्र सबसे योग्य उम्मीदवारों का चयन करे, चाहे वे किसी भी लिंग के हों। अदालत ने यह भी कहा कि अगर इस तरह की नीतियां अपनाई जाती रहीं, तो कोई भी राष्ट्र सुरक्षित नहीं रह सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि महिलाओं की सीटों को सीमित करना संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत मिली समानता के अधिकार का उल्लंघन है। इसके साथ ही, कोर्ट ने केंद्र और सेना को आदेश दिया कि वे आगे से भर्ती की संयुक्त मेरिट लिस्ट तैयार करें।

### यह है जेएजी विभाग

जज एडवोकेट जनरल (जेएजी) विभाग भारतीय सेना की कानूनी शाखा है, जो सेना से जुड़े सभी कानूनी मामलों को संभालने के लिए जिम्मेदार है। यह विभाग अनुशासनात्मक मामलों, मुकदमों, संवैधानिक अधिकारों और कानून के पालन को सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाता है। जेएजी विभाग के अधिकारी सेना के भीतर विभिन्न कानूनी कार्यों में शामिल होते हैं, जिनमें सैन्य कर्मियों को अनुशासनात्मक मामलों, कोर्ट मार्शल आदि मामले शामिल हैं।

### यह है मामला

यह फैसला दो महिला याचिकाकर्ताओं की उस याचिका पर आया, जिसमें जैग में पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए अलग वेकैंसीज को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि सेना की यह नीति समानता के अधिकार का उल्लंघन करती है और महिलाओं के अवसरों को अनावश्यक रूप से सीमित करती है।

### सरकार के इस तर्क पर भी जताई आपत्ति

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की खंडपीठ ने कहा, यदि 10 महिलाएं जेएजी के लिए अर्हता प्राप्त करती हैं और उनमें से सभी योग्यता के मामले में बेहतर हैं तो उन सभी को अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाना चाहिए। अदालत ने केंद्र सरकार के इस तर्क पर भी आपत्ति जताई कि यदि महिला जेएजी अधिकारियों को अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर लड़ाकू के रूप में नियुक्त किया जाता है तो उन्हें युद्धबंदी बनाए जाने का खतरा हो सकता है।

# दो वोटर आईडी कार्ड मामले में बिहार डिप्टी सीएम को नोटिस

## बोले- राहुल, तेजस्वी जैसा नहीं, मैं जवाब दूंगा

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा को चुनाव आयोग ने दो वोटर आईडी कार्ड रखने के लिए नोटिस दिया।



चुनाव आयोग ने कहा कि उनका नाम राज्य के बांकीपुर और लखीसराय दोनों विधानसभा क्षेत्रों की वोटर लिस्ट में पाया गया है। चुनाव आयोग ने उपमुख्यमंत्री से इस मामले पर 14 अगस्त तक अपना जवाब देने को कहा है। इस मामले पर डिप्टी सीएम ने प्रतिक्रिया भी दी है। उन्होंने कहा कि मैं चुनाव आयोग के नोटिस का जवाब जरूर दूंगा। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'निश्चित तौर पर मैं संवैधानिक संस्था का सम्मान करता हूं। मैं जवाब दूंगा और मैं राहुल गांधी और तेजस्वी यादव जैसे लोगों की तरह ढोल बजाने वाला नहीं हूं, नोटिस का जवाब दूंगा।

### तेजस्वी ने लगाया था आरोप

इससे पहले राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया था कि उपमुख्यमंत्री सिन्हा के पास दो वोटर आईडी कार्ड हैं और पूछा था कि सिन्हा के खिलाफ क्या कार्रवाई की जा रही है। यादव ने कहा, 'उनका नाम लखीसराय विधानसभा क्षेत्र में और पटना जिले के बांकीपुर विधानसभा सीट पर भी है।' उन्होंने कहा, 'हैरानी की बात है कि यह बिहार में चुनाव आयोग द्वारा की गई विशेष गहन समीक्षा के बाद हुआ है।'

### राहुल को 'आईना' दिखाने वाले कांग्रेसी मंत्री का इस्तीफा

चुनाव आयोग को लेकर चल रहे संग्राम के बीच पार्टी लाइन से अलग बयान देने वाले कर्नाटक सरकार में मंत्री एन राजन्ना का इस्तीफा ले लिया गया है। लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया है कि उसने 2024 के लोकसभा चुनावों में कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र (बेंगलुरु सेंट्रल संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत) में भाजपा के लिए 'वोट चुराए' थे। इस पर कर्नाटक सरकार में मंत्री एन राजन्ना ने ही एक तरह से राहुल को 'आईना' दिखाते हुए बयान दिया था कि वोटर लिस्ट कांग्रेस के समय में बनी थी। उस समय क्या सब लोग आंखें बंद करके चुपचाप बैठे थे? ये अनियमितताएं हमारी आँखों के सामने हुईं, हमें शर्म आनी चाहिए। उनके इस बयान के बाद अब सीएम सिद्धारमैया ने राजन्ना से इस्तीफा ले लिया है। राजन्ना के बयान पर कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कहा कि उनका बयान पूरी तरह से गलत है। उन्हें नहीं पता। शिवकुमार ने कहा कि मेरे मुख्यमंत्री और मेरी पार्टी का आलाकमान इसका जवाब देगा।



## एअर इंडिया ने किया ऐलान

# दिल्ली-वॉशिंगटन के बीच सितंबर से नहीं चलेगी कोई भी फ्लाइट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एअर इंडिया ने सोमवार को ऐलान किया कि वह 1 सितंबर 2025 से दिल्ली-वॉशिंगटन डी.सी. के बीच सीधी उड़ान सेवा बंद कर देगी। कंपनी ने कहा कि यह फैसला कई वजहों से लिया गया है, ताकि उसकी बाकी उड़ानें बिना किसी दिक्कत और समय पर चलती रहें। एयरलाइन के मुताबिक, इस निलंबन का मुख्य कारण विमान बेड़े में होने वाली कमी है। एअर इंडिया ने पिछले महीने अपने 26 बोइंग 787-8 विमानों का बड़े पैमाने पर रीट्रोफिट (आधुनिकीकरण) प्रोग्राम शुरू किया है, जो 2026 के अंत तक जारी रहेगा। इस प्रक्रिया के दौरान एक समय में कई विमान सेवा से बाहर रहेंगे। साथ ही, पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र के लगातार बंद रहने से लंबी दूरी की उड़ानों का रूट बढ़ जाता है और संचालन जटिल हो जाता है। कंपनी ने बताया कि 1 सितंबर 2025 के बाद वॉशिंगटन डी.सी. के लिए बुकिंग कराने वाले यात्रियों से संपर्क कर उन्हें वैकल्पिक यात्रा विकल्प दिए जाएंगे- जिसमें अन्य उड़ानों पर रीबुकिंग या पूरा रिफंड शामिल है।

- यात्रियों को मिलेगा रिफंड या रीबुकिंग का ऑप्शन



### वन स्टॉप फ्लाइट लेकर जा सकेंगे वॉशिंगटन

हालांकि, यात्री अब भी एअर इंडिया के इंटरलाइन पार्टनर्स- अलास्का एयरलाइंस, यूनाइटेड एयरलाइंस और डेल्टा एयरलाइंस- के जरिए न्यूयॉर्क (जेएफके), नेवार्क शिकागो और सैन फ्रांसिस्को से एक स्टॉप उड़ान लेकर वॉशिंगटन डी.सी. जा सकेंगे, जिसमें उनका सामान अंतिम गंतव्य तक सीधे चेक-इन रहेगा। एअर इंडिया भारत और उत्तरी अमेरिका के बीच टोरंटो और वैंकूवर सहित कुल छह गंतव्यों के लिए नॉन-स्टॉप उड़ानें जारी रखेगी।

## फ्रांस, यूके, कनाडा के बाद एक और देश की पहल

# ऑस्ट्रेलिया भी देगा फिलिस्तीन को मान्यता, इजराइल को बड़ा झटका

एजेंसी ▶▶ मेलबोर्न

गाजा संकट के बीच ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनेज ने सोमवार को घोषणा की कि सितंबर में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र में ऑस्ट्रेलिया फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता देगा। यह फैसला फ्रांस, कनाडा और यूके के बाद आया है, जिन्होंने भी फिलिस्तीन को मान्यता देने की योजना बनाई है। अल्बनेज ने बताया कि यह मान्यता फिलिस्तीनी प्राधिकरण से मिले कुछ शर्तों पर आधारित होगी। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया फिलिस्तीनी लोगों के अपने राज्य के अधिकार को मान्यता देगा। प्रधानमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मान्यता के बावजूद हम गाजा में हिंसा और संकट को समाप्त करने के लिए दो राज्य समाधान पर जोर देंगे।



**दो राज्य समाधान ही शांति की कुंजी :** अल्बनेज ने दो राज्य समाधान को मध्य पूर्व में शांति और स्थिरता लाने का सबसे प्रभावी रास्ता बताया। उनका कहना था कि 'फिलिस्तीन की लंबे समय से चली आ रही वैध आकांक्षाओं को मान्यता देकर हम इजराइल के लोगों के अधिकारों को भी सम्मानित कर रहे हैं।'

### हामास की सरकार में भूमिका नहीं

अल्बनेज ने यह भी स्पष्ट किया कि मान्यता के बावजूद, फिलिस्तीन की सरकार में हामास की कोई भूमिका नहीं होगी। गाजा का डीमिलिटरीकरण और चुनाव भी आवश्यक शर्तें होंगी। यह ध्यान देने योग्य है कि संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से 147 से अधिक देश फिलिस्तीन को पहले ही मान्यता दे चुके हैं, जो विश्व की लगभग 75% आबादी का प्रतिनिधित्व करता है।

## आप भी एआई की सलाह लेकर दवाएं ले रहें तो यह खबर है आपके लिए

# नमक की जगह सोडियम ब्रोमाइट, चैटजीपीटी ने पहुंचाया अस्पताल

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई आजकल बहुत सी चीजों का हल आपको चुटकियों में दे देता है इसलिए लोग हेल्थ एडवाइज लेने के लिए भी उसके पास पहुंच जाते हैं। लेकिन ये बिल्कुल भी सही नहीं है। जी हां, स्वास्थ्य संबंधी किसी भी तरह की परेशानी के लिए चैट जीपीटी (चैटजीपीटी) यानी एआई के ऊपर निर्भर रहना खतरे से खाली नहीं है। अगर आप चैटजीपीटी की सलाह लेकर दवाएं ले रहे हैं तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, न्यूयार्क में एक 60 वर्षीय व्यक्ति को चैटजीपीटी की सलाह नुकसान कर गई और वह सीधा हॉस्पिटल पहुंच गया। एक 60 वर्षीय व्यक्ति को चैटजीपीटी से अपने डाइट से टेबल सॉल्ट/नमक (सोडियम क्लोराइड) हटाने का तरीका पूछने के बाद डॉस्पिटल जाना पड़ा। दरअसल, उसने नमक के हेल्थ पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में पढ़ा था और नमक की जगह कुछ और खाना चाहता था। नमक की जगह, उसने सोडियम ब्रोमाइड का इस्तेमाल शुरू कर दिया। सोडियम ब्रोमाइट एक ऐसा केमिकल है जिसका इस्तेमाल 1900 के दशक की शुरुआत में दवाओं में किया जाता था, लेकिन अब ये ज्यादा मात्रा में जहरीला माना जाता है।

- 60 वर्षीय बुजुर्ग 3 महीने से कर रहा था इसका इस्तेमाल



### कैसे बिगड़ी सेहत?

उस आदमी ने चैटजीपीटी पर पढ़ा कि क्लोराइड की जगह ब्रोमाइड इस्तेमाल किया जा सकता है, जिसके बाद उसने तीन महीने तक क्लोराइड की जगह ब्रोमाइड ही खाया। उसने इंटरनेट से सोडियम ब्रोमाइड खरीदा और उसे अपने खाने में इस्तेमाल किया। समय के साथ, उसकी सेहत बिगड़ने लगी। उसे बहुत प्यास लगने लगी, स्किन संबंधी समस्याएं होने लगीं और उसे मानसिक स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं जैसे कि पैरानोइया और हैल्युसिनेशंस होने लगे। जब उसे पहली बार हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था, तो उसने कोई दवाई या सप्लीमेंट लेने की बात नहीं बताई। बाद में उसने बताया कि वह खाने में नमक नहीं खा रहा था, घर पर ही पानी उबालकर साफ कर रहा था और नमक की जगह सोडियम ब्रोमाइड इस्तेमाल कर रहा था।

### हेल्थ के साथ खिलवाड़ करने की चीज नहीं एआई

अमेरिकन कॉलेज ऑफ फिजिशियन जर्नल्स में छपी ये केस रिपोर्ट दिखाती है कि चैटजीपीटी जैसे एआई चैटबॉट गलत या मिसलीडिंग जानकारी दे सकते हैं। ये हेल्थ के लिए तो खासतौर पर देखने को मिलता है। पहले ब्रोमाइड नमक का इस्तेमाल इनसोमेनिया, चिंता और हिस्टीरिया की दवाओं में किया जाता था, लेकिन अब इसे नहीं दिया जाता क्योंकि इसकी ज्यादा मात्रा खतरनाक हो सकती है। लोगों को बिना किसी डॉक्टर से सलाह लिए सिर्फ एआई पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

### कैसे किया गया उसका इलाज?

डॉक्टरों ने जांच में पाया कि वह ब्रोमिज्म से पीड़ित था, यानी उसके शरीर में ब्रोमाइड की मात्रा बहुत ज्यादा हो गई थी, जो जहर की तरह असर करती है। उसकी तबीयत ठीक करने के लिए उसे लिक्विड्स और इलेक्ट्रोलाइट्स दिए गए। हालत सुधरने के बाद उसे आगे इलाज के लिए हॉस्पिटल के मानसिक स्वास्थ्य विभाग में भर्ती किया गया।



# भूपेश के शरणागत वाले बयान पर सियासत साय ने कहा- कानून सभी के लिए बराबर




भूपेश अपनी पार्टी में स्थान सुरक्षित करने के लिए ऐसा बयान दे रहे: साव

**रायपुर।** ईडी सीबीआई कार्रवाई पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा था कि जनता जान चुकी है, विपक्षी नेताओं को टारगेट कर बदनाम किया जा रहा। मुझसे यह उम्मीद की जा रही है कि मैं भाजपा में शामिल हो जाऊं, लेकिन मैं डरकर या दबाव में झुकने वाला नहीं हूं।

उन्होंने तीखे अंदाज में कहा, मैं हेमंत बिस्वा शर्मा नहीं हूं, जो डरने पर शरणागत हो जाएं। उनके इस बयान पर जमकर सियासत हो रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, कानूनी प्रक्रिया चल रही है। कानून तो सबके लिए बराबर है। भूपेश बघेल का मामला कोर्ट में है। कोर्ट ही फैसला करेगा। मामले में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने भूपेश बघेल के बयान पर पलटवार करते हुए कहा, भूपेश बघेल अपनी पार्टी में स्थान सुरक्षित करने के लिए ऐसा बयान दे रहे हैं। आज उनकी हालत ऐसी हो गई है, उन्हें कांग्रेस पर अपनी प्रतिबद्धता दिखानी पड़ रही है। जांच एजेंसी की कार्रवाई को लेकर वे मुगालते में ना रहें। श्री साव ने कांग्रेस द्वारा सोशल मीडिया पर अमर्यादित शब्दों के इस्तेमाल पर कहा, आज कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं का स्तर गिर गया है। कांग्रेस पूरी तरह से सीमाओं को लांघ चुकी है। निम्न स्तर की राजनीति कहां तक लेकर जाएगी। कांग्रेस नेता कहां तक गिरेंगे, ये समझ से परे है।

## कांग्रेस नेताओं का राजनीतिक कैरियर समाप्ति की ओर: श्रीवास्तव



बीजेपी प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने इस मामले में कहा, वो हेमंत बिस्वा शर्मा हैं, वो कोर्ट में जमानत के लिए नहीं घूमते, लेकिन भूपेश जमानत के लिए कोर्ट में घूम रहे हैं। जब वे प्रदेश अध्यक्ष थे, तब कहते थे कि मैं कोर्ट से कभी जमानत नहीं लूंगा, लेकिन अब ऐसी क्या परिस्थिति का आ गई कि अग्रिम जमानत लेनी पड़ रही है। हेमंत बिस्वा शर्मा को अपनी गलती का एहसास हुआ कि कांग्रेस में रह कर कभी देश सेवा नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा, भूपेश बघेल का ये बयान स्पष्ट कर रहा है कि कोई एक व्यक्ति संज्ञान ले और उनके भाजपा में प्रवेश का रास्ता साफ हो जाए, ताकि उनका राजनीतिक भविष्य मजबूत हो। कांग्रेस के लगभग सभी बड़े नेताओं का राजनीतिक कैरियर समाप्ति की ओर है।

## विपक्ष पर बघेल ने साधा निशाना



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने राजनीतिक रुख को .और यह सीधे-सीधे राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता के बल पर जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उनका कहना था कि जनता यह सब देख रही है और समय आने पर जवाब देगी।

# 5967 आरक्षकों की भर्ती प्रक्रिया महत्वपूर्ण दौर में, अब लिखित परीक्षा के लिए व्यापमं वेबसाइट पर पंजीयन जरूरी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में दो साल पहले अक्टूबर 2023 में शुरू हुई 5 हजार 967 पुलिस आरक्षकों की भर्ती प्रक्रिया अब महत्वपूर्ण दौर में आ पहुंची है। भर्ती प्रक्रिया के प्रथम चरण में दस्तावेजों की जांच, शारीरिक नाप व शारीरिक दक्षता परीक्षा में पात्र पाए गए अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा होनी है। खास बात ये है कि इस परीक्षा में शामिल होने के पहले व्यापमं की वेबसाइट पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय ने इस भर्ती के संबंध में कहा है कि लिखित परीक्षा के लिए पात्र आवेदकों को व्यापमं की वेबसाइट के लिंक में जाकर पंजीयन करना ( प्रोफाइल आईडी के माध्यम से) व लिखित परीक्षा केंद्र के लिए जिले का चयन करना अनिवार्य होगा।


## कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

क्र. 1185/न.पा.नि/जोन क्र. 05/2025-26 बिलासपुर दिनांक 08/08/2025

### कर निर्धारण के खातों में नाम परिवर्तन संबंधी सूचना

छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के अनुसार भूमि/मकान/हिस्सा के कर निर्धारित के खातों में नाम परिवर्तन के संबंध में जोन क्र. 05 निगम औषधालय, नगर पालिक निगम बिलासपुर में आवेदन प्राप्त हुआ है। यदि किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस सूचना प्रकाशन तिथि के 15 दिवस के भीतर नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.) के जोन क्र. 05 (निगम औषधालय) में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। विज्ञापन माह (जुलाई - 2025)

| क्र. | वार्ड क्र. | मोहल्ला | रसीद क्र./ दिनांक | जिसके नाम पर दर्ज है | जिसके नाम पर दर्ज करना है | आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30 | डबरीपारा | 16026/57 27.06.2025 | श्री रफीउद्दीन शेख पिता श्री सफीउद्ददीन | श्री रियाजुद्ददीन शेख पिता श्री रफीउद्दीन शेख | नजुल अधिकारी आदेश, नजुल शीट, शपथ पत्र |
| 2 | 34 | जूना बिलासपुर | 16026/59 02.07.25 | श्री सुनिल कुमार अग्रवाल पिता स्व. श्यामलाल अग्रवाल | श्री अनिल कुमार अग्रवाल पिता स्व. श्यामलाल अग्रवाल | पंजीकृत दानपत्र, बी-1, पी-2, डायवर्सन की कॉपी, शपथ पत्र |
| 3 | 34 | जूना बिलासपुर | 16026/60 02.07.25 | श्री सुनिल कुमार अग्रवाल पिता स्व. श्यामलाल अग्रवाल | श्री अनिल कुमार अग्रवाल पिता स्व. श्यामलाल अग्रवाल | पंजीकृत दानपत्र, बी-1, पी-2, डायवर्सन की कॉपी, शपथ पत्र |
| 4 | 30 | गोडपारा | 16026/61 08.07.25 | श्री दीपक राज उपाध्याय, गौतम शर्मा, श्यामा कन्ट्रक्शन एस.के.एस. डेव्हलपर्स | श्रीमती वर्षा सराफ पति श्री अजय सराफ | बिक्री पत्र, नजुल आदेश, नजुल शीट, शपथ पत्र |
| 5 | 33 | लिंक रोड | 16026/62 09.07.25 | श्री कैलाश कुमार ओटवानी पिता श्री डी.पी. ओटवानी मार्फत शिव दास अयैर | श्रीमती रेणुका आलोक पिंगले पति स्व. श्री आलोक त्रिंबक पिंगले | बिक्री पत्र, बी-1, पी-2, डायवर्सन की कॉपी, शपथ पत्र |
| 6 | 34 | तेलीपारा | 16026/64 14.07.25 | श्री रमेश जायसवाल पिता श्री कुंज बिहारी जायसवाल | 01. श्री अरविन्द कुमार गुप्ता पिता श्री जगन्नाथ गुप्ता 02. श्री अनिल कुमार गुप्ता पिता श्री जगन्नाथ गुप्ता | बिक्री पत्र, बी-1, पी-2, डायवर्सन की कॉपी, शपथ पत्र |
| 7 | 33 | करबला | 16026/65 15.07.25 | 01. श्रीमती सीमा शर्मा पति श्री कैलाश शर्मा, 02. श्रीमती सुनीता शर्मा पति श्री विकास शर्मा, 03. श्रीमती अनिता शर्मा पति श्री आकाश शर्मा 04. श्रीमती सीमा शर्मा पति श्री आदर्श शर्मा | 01. श्रीमती कविता आडवानी पति श्री अनिल कुमार आडवानी 02. श्री मोहित आडवानी पिता श्री अनिल आडवानी | विक्रय विलेख, कब्जा प्रमाण पत्र, शपथ पत्र |
| 8 | 36 | कतियापारा | 16026/100 22.07.25 | श्री संजय आडवानी पिता टहलराम आडवानी | मीना अंगुरिया पिता श्री हरीशचन्द्र अंगुरिया | बिक्री पत्र, बी-1, पी-2, परिवर्तित भूमि संधारण, शपथ पत्र |
| 9 | 32 | मसानगंज | 16029/02 28.07.25 | श्रीमती मुमताज बेगम पति स्व. मोहम्मद हनीफ | के .सी.ए. मार्केटिंग प्रा.लि. द्वारा डयरेक्टर श्री विवेक कुमार अग्रवाल पिता श्री कैलाशचन्द्र अग्रवाल | बिक्री पत्र, नजुल आदेश, नजुल शीट, शपथ पत्र |
| 10 | 34 | कश्यप कालोनी | 16029/03 28.07.25 | श्री तविंदर पाल सिंह पिता श्री हरवंश सिंह भाटिया एवं अन्य 03 | श्री अशोक कुमार सोनी पिता स्व. मोहन लाल सोनी | बिक्री पत्र, बी-1, पी-2, डायवर्सन की कॉपी, शपथ पत्र |
| 11 | 34 | करबला | 16029/04 28.07.25 | श्रीमती सरिता देवी अग्रवाल पति श्री साजन कुमार अग्रवाल | श्री विकास दुहलानी पिता श्री गोविंद राम दुहलानी | बिक्री पत्र, पी-2, डायवर्सन की कॉपी, शपथ पत्र |
| 12 | 34 | तेलीपारा | 16029/05 31.07.25 | श्रीमती रेणु मनुजा पति श्री अशोक मनुजा | 01. श्रीमती ईश्वरी देवी फुलवानी पति स्व. मेघराज फुलवानी, 02. श्रीमती सीमा फुलवानी पति श्री राजकुमार फुलवानी | बिक्री पत्र, बी-1, पी-2, डायवर्सन की कॉपी, शपथ पत्र |
| 13 | 34 | तेलीपारा | 16029/06 31.07.25 | श्री आनंद चटर्जी पिता श्री एस. के. चटर्जी | श्रीमती सलमा बेगम पति श्री मोहम्मद सलीम | बिक्री पत्र, बी-1, पी-2, डायवर्सन की कॉपी, शपथ पत्र |
| 14 | 34 | जूना बिलासपुर | 16029/07 01.08.25 | श्री मनोहर लाल गुप्ता पिता रामजी साव गुप्ता | श्री रमाकांत गुप्ता एवं श्री सुर्यकांत गुप्ता दोनों पिता स्व. मनोहर लाल गुप्ता | कब्जा प्रमाण पत्र, सहमती पत्र, शपथ पत्र |
| 15 | 34 | जूना बिलासपुर | 16029/08 01.08.25 | श्री मनोहर लाल गुप्ता पिता रामजी साव गुप्ता | श्री रमाकांत गुप्ता एवं श्री सुर्यकांत गुप्ता दोनों पिता स्व. मनोहर लाल गुप्ता | कब्जा प्रमाण पत्र, सहमती पत्र, शपथ पत्र |
| 16 | 31 | मसानगंज | 16026/010 15.04.25 | 01. ऋषभ जाजोदिया, सागर जाजोदिया पिता श्री सुरेश कुमार जाजोदिया 02. सरस्वती जाजोदिया पति श्री सुरेश कुमार जाजोदिया | श्री प्रणव वर्मा पिता श्री महादेव वर्मा | नजुल शीट की कॉपी, नजुल आदेश की कॉपी, शपथ पत्र |

वृक्षारोपण कार्य महान, एक वृक्ष सौ पुत्र समान

जोन आयुक्त, जोन क्र. 05, न.पा.नि., बिलासपुर (छ.ग.)


# कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर से जुटी मितानिनें, 3 सूत्रीय मांग को लेकर नारेबाजी, जोरदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के दूरस्थ बीहड़ अंचल से हजारों की संख्या में बस में सवार होकर कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिले से मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लॉक को आर्डिनेटर रविवार रात नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पहुंचीं। डोम स्थल पर रात गुजारने के बाद सोमवार सुबह वे संभागस्तरीय धरना प्रदर्शन में शामिल हुईं। यह धरना देर शाम तक चलता रहा। लामबंद मितानिनों ने 3 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना स्थल पर जमकर नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। इसके कारण सोमवार को तूता के धरनास्थल पर सुबह से लेकर देर शाम तक खासी रौनक देखने को मिली।

- तूता धरनास्थल पर बस्तर संभाग की मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलटर, ब्लॉक को-आर्डिनेटर का संभाग स्तरीय धरना
- दूरदराज के इलाकों से रविवार रात बसों की सवारी कर पहुंचीं धरना स्थल, सुबह से लेकर देर शाम दिया धरना

छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य मितानिन संघ के आव्हान पर प्रदेशभर की 72 हजार मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लाक को आर्डिनेटर 7 अगस्त से तूता स्थित धरना स्थल पर अपनी लंबित मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराने आंदोलन कर रही हैं। इसी कड़ी में सोमवार को बस्तर संभाग की मितानिन बड़ी संख्या में धरना स्थल पर मौजूद रहीं। उन्होंने 3 सूत्रीय मांगों को लेकर संभाग स्तरीय प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में बस्तर संभाग के कांकेर, कोंडागांव, नारायपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिले की मितानिन बड़ी संख्या में शामिल हुईं। संघ की प्रदेश अध्यक्ष सरोज सिंह सेंगर, प्रांतीय सचिव नंद किशोर वासनिक आंदोलनकारी साथियों की हौसला अफजाई करने धरना स्थल पर मौजूद रहे। उन्होंने हरिभूमि को बताया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक मितानिनों का धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। मंगलवार को सुकमा जिले की मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलटर और ब्लाक कोआर्डिनेटर जिला स्तरीय प्रदर्शन का आगाज तूता धरना स्थल पर करेंगे।

## तीन सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन

प्रदेश के स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ माने जाने वाली मितानिन 7 अगस्त से 11 अगस्त तक कामबंद कलमबंद हड़ताल कर 3 सूत्रीय मांग के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने संभागवार धरना प्रदर्शन कर रही हैं। 12 अगस्त से इनका जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन शुरू हो जाएगा, जिसमें हर दिन प्रदेश के अलग-अलग जिलों से मितानिन नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर आंदोलन में शामिल होंगी। मितानिनों की प्रमुख मांगों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविलयन, मानदेय क्षतिपूर्ति में 50 फीसदी की बढ़ोतरी और ठेका प्रथा बंद करने की मांग शामिल है।


## FEDERAL BANK
YOUR PERFECT BANKING PARTNER

### आम सूचना

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि नीचे उल्लिखित खाते/खातों में स्वर्ण आभूषणों को फेडरल बैंक लिमिटेड, **रायपुर/मुख्य शाखा, रायपुर/शंकर नगर शाखा, भिलाई शाखा** तथा **बिलासपुर शाखा** द्वारा **28.08.2025** या किसी भी बाद की तिथि/दिनों को नीचे दर्शाई गई शाखाओं में निजी बिक्री के लिए रखा जाएगा क्योंकि संबंधित उधारकर्ता गिरवी रखी वस्तुओं को भुनाने/ऋण खाते/खातों को नियमित करने में विफल रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए संबंधित शाखाओं से संपर्क किया जा सकता है।

| खाताधारक का नाम | स्वर्ण ऋण खाता क्र. |
|---|---|
| अमरीन खान | 14455600002844 |

**नीलामी/निजी बिक्री 28 अगस्त 2025 को की जाएगी। रायपुर/मुख्य शाखा - एलसी आर्केड, भूतल, वंदना बजाज के पास, आश्रम चौक, रामकुण्ड, जी.ई. रोड, रायपुर (छ.ग.) - 492001, फोन नं. - 0771-2236278**

| खाताधारक का नाम | स्वर्ण ऋण खाता क्र. |
|---|---|
| सुमित सोनी | 19456900000863,19456400019892,19456400018472 |

**नीलामी/निजी बिक्री 28 अगस्त 2025 को की जाएगी। रायपुर/शंकर नगर शाखा - 18/1421, कुशल वाटिका, न्यू शांति नगर, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) - 492007, फोन नं. 07712422900**

| खाताधारक का नाम | स्वर्ण ऋण खाता क्र. |
|---|---|
| गितन कुमार निर्मलकर | 25036400002213 |
| आदित्य प्रताप सिंह | 25036400003120 |
| अक्षय प्रताप सिंह | 25036400003112 |
| नयन राणा | 25036400003161 |

**नीलामी/निजी बिक्री 28 अगस्त 2025 को की जाएगी। भिलाई शाखा - विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा), दक्षिण गंगोत्री, व्यवसायिक भूखण्ड योजना, सुपेला भिलाई नगर, दुर्ग (छ.ग.)-490023**

| खाताधारक का नाम | स्वर्ण ऋण खाता क्र. |
|---|---|
| इमरान अली | 16666400044970 |
| भागवत सिंह राजपूत | 16666400047734 |
| लक्ष्मी साहू | 16665600002499 |
| प्रदीप कुमार अहिरवार | 16665600002507 |
| विजय बहादुर सिंह जगत | 16666400050514 |
| सैय्यद आबिद अली | 16666400048146 |

**नीलामी/निजी बिक्री 28 अगस्त 2025 को की जाएगी। बिलासपुर शाखा - फेडरल बैंक, गुरूकृपा बिल्डिंग, व्यापार विहार मेन रोड, बिलासपुर (छ.ग.), फोन नं. - 07752-261462**


# छत्तीसगढ़ में महुआ, गुड़ की शराब, एमपी, यूपी महाराष्ट्र और राजस्थान से भी आ रही है मदिरा

- सैकड़ों सरकारी दुकानें संचालित फिर भी अवैध क्यों?
- आबकारी विभाग की धरपकड़ से हो रहा खुलासा



**रायपुर।** राज्य के विभिन्न जिलों में सरकारी दुकानों से शराब की नियमित बिक्री होने के बाद भी राज्य में अलग-अलग तरीकों से बनी अवैध शराब के साथ पड़ोसी राज्य एमपी, महाराष्ट्र से लेकर यूपी और राजस्थान की शराब भी यहां आकर बिक रही है और आबकारी विभाग इन मामलों में कार्रवाई भी कर रहा है। राज्य में पूर्ववर्ती सरकार के समय बिना होलोग्राम वाली शराब बिक्री होने की बातें सामने आती थी, अभी हाल में भी शराब का इसी तरह का गोरखधंधा पकड़ा गया है।

राज्य में पिछले चार-पांच महीनों के दौरान आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के मामलों में की गई कार्रवाईयों का ब्योरा देखने से ये बात सामने आती है कि राज्यभर में अलग-अलग तरीकों से अवैध शराब बनाई जा रही, दूसरे प्रदेशों से लाकर यहां खपाया जा रहा है।

## एक नजर अवैध शराब के मामलों पर

आबकारी विभाग दुर्ग ने थाना नंदिनी नगर के ग्राम ग्राम घटियाखुर्द में आरोपी अनिकेत पारधी एवं अज्ञात के कब्जे से कुल 75 लीटर गुड़ से निर्मित कच्ची मदिरा जब्त की, जिसका बाजार मूल्य 11,250 रूपए है। टीम ने 900 किलोग्राम गुड़ निर्मित पाश (किण्वित पदार्थ) भी जब्त किया है, जिसका अनुमानित मूल्य 45 हजार रूपए है। बलौदाबाजार जिले में कसडोल वृत्त के ग्राम हसुआ बलौदा में अवैध कच्ची महुआ शराब के निर्माण एवं संग्रहण की सूचना प्राप्त होने पर आबकारी टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर अलग-अलग क्षमता वाली जरीकेन में भरी कुल 110 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त की। जब्त महुआ शराब का अनुमानित बाजार मूल्य 22,000 रूपए तथा नष्ट किए गए लाहन का मूल्य 41,400 रूपए है। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में थाना शंकरगढ़ क्षेत्र के ग्राम महुआडीह में की गई कार्रवाई के दौरान सुमिता दास के पास से 16 लीटर और शैलेन्द्र दास के पास से 8 लीटर अवैध हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त की गई।

## विदेशी शराब और बीयर जब्त, यूपी का लेबल

इसी तरह वाड्रफनगर विकासखंड के धनवार चेकपोस्ट पर वाहन जांच के दौरान एक ट्रक से 21.14 लीटर विदेशी शराब और बीयर जब्त की गई, जिस पर उत्तर प्रदेश में बिक्री हेतु का लेबल लगा हुआ था। राजनांदगांव में महाराष्ट्र की शराबराजनांदगांव जिले में 15.300 बल्क लीटर महाराष्ट्र निर्मित देशी दारू (संत्रा) एवं 8.500 बल्क लीटर हाथ भट्ठी से बनी कच्ची महुआ शराब जब्त की गई है। इसी क्रम में थाना गेंदाटोला के ग्राम हैदलकुड़ो तालाब पचरी से युगल किशोर साहू के कब्जे से 50 पाव देशी दारू (9 बल्क लीटर) जब्त की गई। वहीं थाना जोब क्षेत्र के ग्राम मरकाकसा में रामचन्द्र हिचाने के मकान से 4 बल्क लीटर महुआ शराब बरामद की गई। इसके अतिरिक्त थाना डोंगरगांव अंतर्गत ग्राम बदराटोला में देवेन्द्र साहू के पास से 35 पाव देशी दारू संत्रा (6.300 बल्क लीटर) तथा ग्राम तलवारटोला में दिलीप दुग्गा से 4.500 बल्क लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त की गई। इसके साथ राज्य में राजस्थान की शराब भी पकड़ी जा चुकी है।

## नकली होलोग्राम वाली भी पकड़ी गई

आबकारी विभाग बेमेतरा ने 17.28 लीटर नकली देशी मसाला शराब जब्त की। कंतेली बेमेतरा रोड पर दबिश दी। इस दौरान आरोपी कमलेश यादव (उम्र 30 वर्ष), होंडा स्कूटी से 96 नग पाव नकली देशी मसाला शराब के साथ पकड़ा गया। जब्त की गई शराब में नकली होलोग्राम लगे हुए पाए गए। बरामद शराब का अनुमानित बाजार मूल्य 39,600 रुपये है।


## homefirst — We'll take you home

## Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703,
Website: homefirstindia.com Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

### परिशिष्ट-IV-A [नियम 8 (6) का प्रावधान देखें]
### अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के सह पठित के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना
आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी (ओं) और सह-ऋणी (ओं) को स्तंभ (ii) के अनुसार सूचित किया जाता है कि स्तंभ (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल संपत्तियां सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित हैं, जिनका भौतिक कब्जा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा इसके बकाया तथा ब्याज की वसूली के लिए लिया गया है, जैसा कि नीचे विस्तृत रूप से बताया गया है तथा बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप, धारा 12 के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए नीचे हस्ताक्षरकर्ता उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत उक्त संपत्ति/संपत्तियों की बिक्री से बकाया राशि वसूलने का प्रस्ताव है और इसे "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि नीचे वर्णित है। होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को देय कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ताओं (ओं) से देय राशि की वसूली के लिए नीलामी "ऑन लाइन" आयोजित की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋणधारक (ओं) एवं सह ऋणधारक (ओं) के नाम | संपति का पता | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की राशि | कब्जा की तिथि | बाजार मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि व समय | ईएमडी व दस्तावेजों के प्रस्तुति की तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी का नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हनोक नथानिएल, सोनिया नथानिएल | ख.नं. 1704/3/घ/5, तुर्काडीह चौक के पास, करहीपारा, मौजा निरतु, प.ह.नं.53, रा.नि.मं. सकरी, तह-तखतपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: : पूर्व-20 फीट रोड, पश्चिम-भोला श्रीवास की भूमि, उत्तर-विक्रेता की भूमि, दक्षिण-सरकारी भूमि। | 03-06-2025 | 19,75,143 | 07-08-2025 | 21,60,000 | 2,16,000 | 12-09-2025 (11am-2pm) | 10-09-2025 (upto 5pm) | 8789804126 |
| 2 | अर्जुन बघेल, द्रोपती बघेल | ख. नं. 117/9, मौजा जयराम नगर, ख. नं. 117/9, प.ह.नं. 27, मस्तूरी, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-विक्रेता की भूमि, पश्चिम-पूजा फरती की भूमि, उत्तर- सड़क, दक्षिण-विक्रेता की भूमि। | 03-06-2025 | 8,82,748 | 07-08-2025 | 10,44,000 | 1,04,400 | 12-09-2025 (11am-2pm) | 10-09-2025 (upto 5pm) | 8789804126 |
| 3. | स्व. आकाश सोनवानी (मृत), अनीश सोनवानी, अन्य स्व. आकाश सोनवानी (मृत) के वैध प्रतिनिधि | ख. नं. 117/9, मौजा जयराम नगर, ख. नं. 117/9, प.ह.नं. 27, मस्तूरी, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-विक्रेता की भूमि, पश्चिम-पूजा फरती की भूमि, उत्तर- सड़क, दक्षिण-विक्रेता की भूमि। | 03-06-2025 | 17,05,513 | 07-08-2025 | 14,40,000 | 1,44,000 | 12-09-2025 (11am-2pm) | 10-09-2025 (upto 5pm) | 8789804126 |
| 4. | प्रदीप कुमार बंजारे, अरुणा दिवाकर | प.ह.नं. 30, मौजा बिल्हा, ख.नं. 126/94 (भाग), प.ह.नं. 30, मौजा पत्थरखान, तहसील बिल्हा व जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-गोविंद की भूमि, पश्चिम-प्रस्तावित सड़क, उत्तर-मुस्तफाक की भूमि, दक्षिण-विक्रेता की भूमि। | 03-06-2025 | 13,41,483 | 07-08-2025 | 11,00,000 | 1,10,000 | 12-09-2025 (11am-2pm) | 10-09-2025 (upto 5pm) | 8789804126 |
| 5. | आशा राम चौधरी, प्रिया चौधरी, गौरव चौधरी | ख. नं. 77/4, मौजा मड़वा, प.ह.नं. 47, रा.नि.मं. मुंगेली, मुंगेली, छत्तीसगढ़, 495334 चौहद्दी: पूर्व-दान दाता का प्लाट, पश्चिम-प्रस्तावित सड़क, उत्तर-प्रस्तावित सड़क, दक्षिण-शंकर का प्लाट। | 03-06-2025 | 17,76,620 | 07-08-2025 | 15,24,300 | 1,52,430 | 12-09-2025 (11am-2pm) | 10-09-2025 (upto 5pm) | 8789804126 |
| 6. | अभय देवांगन, विजय देवांगन, कमला देवांगन | ख.नं. 2248/3, प.ह.नं. 41, मौजा सैदा, म. नं.-06, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001, चौहद्दी: पूर्व-सड़क, पश्चिम- विक्रेता की भूमि, उत्तर-प्रस्तावित सड़क, दक्षिण-विक्रेता की भूमि। | 03-06-2025 | 19,84,562 | 07-08-2025 | 10,19,200 | 1,01,920 | 12-09-2025 (11am-2pm) | 10-09-2025 (upto 5pm) | 8789804126 |
| 7. | ओम प्रकाश सूर्यवंशी, संतोषी बाई | ख.नं. 126/94, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. बिल्हा विकास खंड, तह. बिल्हा व जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-गोविंद बाबू और कोमल वर्मा का प्लॉट, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-विक्रेता प्लॉट, दक्षिण-अन्य प्लॉट। | 03-06-2025 | 12,80,784 | 07-08-2025 | 8,67,850 | 86,785 | 12-09-2025 (11am-2pm) | 10-09-2025 (upto 5pm) | 8789804126 |
| 8. | निर्भय गिरी गोस्वामी, दीपिका गोस्वामी | ख.नं.-1828/3 भाग, प.ह.नं. 29, मौजा मोपका, तहसील व जिला - बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495006 चौहद्दी: पूर्व-कार्तिक साहू और अन्य की भूमि, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-विक्रेता का प्लाट, दक्षिण-रूपेश कुमार साहू का प्लाट। | 03-06-2025 | 12,86,592 | 07-08-2025 | 11,15,400 | 1,11,540 | 12-09-2025 (11am-2pm) | 10-09-2025 (upto 5pm) | 8789804126 |
| 9. | भजन सिंह, देवजानी | ख.नं.68/1 (भाग), प.ह. नं. 29, ख. नं. 68[भाग], प.ह.नं. 29, मौजा मुंगेली, तहसील एवं जिला - मुंगेली, मुंगेली, छत्तीसगढ़ 495334 चौहद्दी: पूर्व-श्याम बाई का प्लॉट, पश्चिम-विक्रेता प्लॉट, उत्तर-रोड, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट। | 03-06-2025 | 10,88,844 | 07-08-2025 | 9,57,750 | 95,775 | 12-09-2025 (11am-2pm) | 10-09-2025 (upto 5pm) | 8789804126 |
| 10. | दिनेश कस्तूरिया, लता कस्तूरिया | ख.नं. 102/7, मौजा छतौना, ख.नं. 102/7, मौजा छतौना, प.ह.नं. 37, रा.नि.मं. अमसेना, तह. सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ 495001 चौहद्दी: पूर्व-नहर, पश्चिम-सड़क, उत्तर-विक्रेता का प्लाट, दक्षिण-विक्रेता का प्लाट। | 03-06-2025 | 12,93,022 | 07-08-2025 | 8,90,400 | 89,040 | 12-09-2025 (11am-2pm) | 10-09-2025 (upto 5pm) | 8789804126 |
| 11. | त्रिलोचन मानिकपुरी, श्वेता मानिकपुरी, महेश मानिकपुरी | ख.नं. 24/3, प.ह.नं. 44, मौजा हाफा, प.ह.नं. 44, रा.नि.मं.-सकरी, तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग., बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-निस्तारी रास्ता, पश्चिम-विक्रेता का प्लॉट, उत्तर-विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट। | 03-06-2025 | 13,10,741 | 07-08-2025 | 8,00,000 | 80,000 | 12-09-2025 (11am-2pm) | 10-09-2025 (upto 5pm) | 8789804126 |
| 12. | विश्वनाथ, राधा काछी | प्लाट नं. -147, प.ह.नं.42, मौजा-मेण्ड्रा, ख.नं.149/1 (भाग) तहसील सकरी, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ पिन कोड-495001 | 03-10-2023 | 16,66,078 | 17-07-2025 | 8,80,000 | 88,000 | 12-09-2025 (11am-2pm) | 10-09-2025 (upto 5pm) | 8789804126 |

| ई-नीलामी सेवा प्रदाता | ई-नीलामी वेबसाइट/ विवरण, अन्य नियम एवं शर्तों हेतु | खाता संख्या: ईमडी/अन्य राशि जमा करने हेतु | शाखा आईएफएससी कोड | लाभार्थी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| कंपनी का नाम : ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीस लि. (आक्शन टाईगर) हेल्प लाईन नंबर: 079-35022160/149/182 संपर्क व्यक्ति : राम शर्मा-8000023297 e-Mail id : ramprasad@auctiontiger.net and support@auctiontiger.net. | http://www.homefirstindia.com https:homefirst.auctiontiger.net | 912020036268117 होम फर्स्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड एक्सिस बैंक लि. एमआईडीसी, अंधेरी पूर्व | UTIB0000395 | अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड |

बोली वृद्धि राशि - रु. 10,000/-। बिक्री वेब पोर्टल (https://homefirst.auctiontiger.net) पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी। ई-नीलामी निविदा दस्तावेज जिसमें ऑनलाइन ई-नीलामी बोली फॉर्म, घोषणा, ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम और शर्तें शामिल हैं, पोर्टल साइट पर उपलब्ध हैं। प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले भार, नीलामी में रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के शीर्षक और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकाया के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन होम फर्स्ट की किसी भी प्रतिबद्धता या किसी भी प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही इसे माना जाएगा। संपत्ति को सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेचा जा रहा है बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी। **किसी प्रकार की अस्पष्टता के मामले में नोटिस का अंग्रेजी संस्करण प्रामाणिक माना जायेगा।**

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना**

ऋणधारक/जमानतदार को ई-नीलामी की तिथि से पहले मांग सूचना में उल्लिखित राशि के साथ-साथ वर्तमान ब्याज और सहायक व्यय का भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, अन्यथा संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।
दिनांक: 12-08-2025 स्थान: बिलासपुर

द्वारा हस्ताक्षरित, प्राधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

# वनडे सीरीज : वेस्टइंडीज ने लिया बदला, पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया, सीरीज 1-1 से बराबर

एजेंसी ▸▸ तारूबा (त्रिनिदाद और टोबैगो)

- जेडन सील्स ने सात ओवरों में 23 रन देकर तीन विकेट लिए
- चेज ने 2 छक्कों और एक विजयी चौके की मदद से बनाए नाबाद 49 रन

रोस्टन चेज और जस्टिन ग्रीव्स की उपयोगी पारियों की मदद से वेस्टइंडीज ने बारिश से प्रभावित दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 10 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी।

पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 37 ओवर में सात विकेट पर 171 रन बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेडन सील्स ने सात ओवरों में 23 रन देकर तीन विकेट लिए। बारिश के व्यवधान के कारण वेस्टइंडीज के सामने डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत 35 ओवर में 181 रन बनाने का लक्ष्य रखा गया। चेज ने 47 गेंदों पर दो छक्कों और एक विजयी चौके की मदद से नाबाद 49 रन बनाए, जिससे वेस्टइंडीज 33.2 ओवर में पांच विकेट पर 184 रन बनाकर जीत हासिल करने में सफल रहा।




### चेज और ग्रीव्स ने की 77 रन की अटूट साझेदारी

त्रिनिदाद और टोबैगो के तारूबा स्थित ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए मैच में वेस्टइंडीज का स्कोर 18 ओवर में तीन विकेट पर 101 रन था, जो 24 ओवर में पांच विकेट पर 111 रन हो गया। इसमें शेरफेन रदरफोर्ड का विकेट भी शामिल था, जिन्होंने 33 गेंदों में तीन छक्कों और चार चौकों की मदद से 45 रन बनाए। चेज और ग्रीव्स (31 गेंदों पर 26 रन) ने छठे विकेट के लिए 77 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचा। इससे पहले वेस्टइंडीज ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। हसन नवाज ने एक बार फिर पाकिस्तान के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 30 गेंदों पर नाबाद 36 रन बनाए। उन्होंने पहले वनडे में नाबाद 63 रन बनाए थे। हसन की रविवार की पारी में तीन छक्के शामिल थे। इनमें से दो छक्के उस ओवर में लगे जो बारिश के बाद पाकिस्तान की पारी का आखिरी ओवर साबित हुआ। हुसैन तलत ने 32 गेंदों पर 31 रन बनाए। पाकिस्तान के अधिकतर बल्लेबाजों में धीमी बल्लेबाजी की। इनमें कप्तान मोहम्मद रिजवान भी शामिल थे, जिन्होंने 38 गेंद पर 16 रन बनाए।



### अंतिम मैच आज

पाकिस्तान ने शुक्रवार को पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया था। तीसरा और अंतिम मैच मंगलवार को इसी स्टेडियम में खेला जाएगा। पाकिस्तान ने इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ फ्लोरिडा में खेली गई पिछली टी-20 श्रृंखला 2-1 से जीती थी।

## खबर संक्षेप



### लंदन चैंपियनशिप : संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर रहीं दीक्षा

**लंदन।** भारत की दीक्षा डागर सेंचुरियन क्लब में चल रही पीआईएफ लंदन चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर रहीं। दीक्षा ने शुरुआती नौ होल में तीन बर्डी के साथ अच्छी शुरुआत की लेकिन इसके बाद वह 11वें से 14वें होल के बीच तीन बोगी कर गईं, जिससे उन्होंने पार स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर तीन अंडर 216 रहा। दीक्षा लेडीज यूरोपीय टूर की ऑर्डर ऑफ मेरिट में 12वें स्थान पर हैं। अदिति अशोक (72) पार के कुल स्कोर के साथ संयुक्त 34वें जबकि प्रणवी उर्स (75) दो ओवर के कुल स्कोर से 44वें स्थान पर रहीं। जर्मनी की लॉरा फन्फस्टक ने कुल 10 अंडर के स्कोर के साथ एक शॉट से खिताब जीता।

### मिड-अमेच्योर' चैंपियनशिप में भाग लेंगे चार भारतीय

**तांगेरांग (इंडोनेशिया)।** भारतीय गोल्फ यूनियन (आईजीयू) ने एशिया-प्रशांत गोल्फ परिसंघ (एपीजीसी) और इंडोनेशिया गोल्फ संघ की ओर से आयोजित पहली



'मिड-अमेच्योर' चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए चार सदस्यीय टीम भेजी है। मिड-अमेच्योर गोल्फ प्रतियोगिताओं में आम तौर पर ऐसे खिलाड़ी भाग लेते हैं, जो एक आयु सीमा (ज्यादातर देशों में 25 साल) को पार करने के बाद भी अमेच्योर गोल्फ में खेलते हैं। आईजीयू के मौजूदा अखिल भारतीय 'मिड-अमेच्योर' चैंपियन रणजीत सिंह के नेतृत्व वाली भारतीय टीम में अर्जुन सिंह, सिमरजीत सिंह और कर्नल वरुण परमार शामिल हैं। यह टीम 12 से 14 अगस्त तक गाडिंग राया गोल्फ क्लब में इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस ट्रॉफी के लिए 20 देशों के कुल 80 गोल्फर मुकाबला करेंगे।

### जूनियर हॉकी राष्ट्रीय में 30 टीमें लेंगी हिस्सा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 30 टीमें भाग लेंगी, जो मंगलवार से जालंधर में नए डिवीजन आधारित प्रारुप में खेली जाएगी। नया प्रारुप



इस वर्ष के शुरू में सीनियर और सब जूनियर पुरुष, महिला तथा जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पहले ही लागू किया जा चुका है। भाग लेने वाली 30 टीमों को डिवीजन 'ए', डिवीजन 'बी' और डिवीजन 'सी' में विभाजित किया गया है। इसमें अपने से शीर्ष डिवीजन में जगह बनाने और निचले डिवीजन में खिसकने का प्रावधान है। डिवीजन 'ए' में देश की 12 सर्वश्रेष्ठ जूनियर पुरुष टीमें शामिल हैं। इनमें गत विजेता पंजाब, उपविजेता उत्तर प्रदेश और तीसरे स्थान पर रहने वाली हरियाणा भी शामिल हैं। इस डिवीजन के पूल मैच 16 अगस्त से शुरू होंगे, जिसके बाद 20 से 23 अगस्त तक क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जाएंगे।

## भारतीय टीम के ऐलान से पहले नेशनल क्रिकेट एकेडमी करेगा परीक्षण

# एशिया कप 2025: हार्दिक देंगे फिटनेस टेस्ट एनसीए में 1 सप्ताह और रहेंगे सूर्यकुमार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एशिया कप के लिए भारतीय टीम के ऐलान से पहले ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में फिटनेस टेस्ट देंगे। इसके अलावा भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव हार्निया की सर्जरी करने के बाद पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं। वह एनसीए में 1 हफ्ता और गुजारेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार हार्दिक पंड्या का 11 और 12 अगस्त को रुटीन फिटनेस परीक्षण होगा। हार्दिक जुलाई के मध्य से मुंबई में ट्रेनिंग कर रहे हैं। 31 साल के इस खिलाड़ी ने भारत के टी20 वर्ल्ड कप 2024 और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतने में अहम भूमिका निभाई। पंड्या ने हाल के समय में व्हाइट बॉल में अच्छा प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम को उनसे एशिया कप में भी ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद होगी।




### श्रेयस को मिलेगा मौका ?

पंड्या से पहले मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने 27 से 29 जुलाई के बीच अपना फिटनेस टेस्ट दिया था। दिसंबर 2023 से भारत के लिए टी20 नहीं खेले श्रेयस ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स को 2024 में चैंपियन बनाया। एक साल बाद पंजाब किंग्स को आईपीएल 2025 के फाइनल में पहुंचाया। यह देखना दिलचस्प होगा कि चयनकर्ता श्रेयस को मौका देते हैं या नहीं।




### पूरी तरह से नहीं उबरे यादव

इस बीच भारतीय टीम के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव जून में जर्मनी के म्यूनिख में हुई स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी से अभी तक पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं। जानकारी के अनुसार सूर्या को फिजियो और मेडिकल टीम की निगरानी में पूरी तरह से फिट होने के लिए एनसीए में एक और हफ्ता बिताना होगा। कुछ दिन पहले सूर्यकुमार ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था। इसमें वे एनसीए में बल्लेबाजी का अभ्यास करते हुए दिखे थे।

### आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म करने के लिए हम प्रतिबद्ध : हरमनप्रीत



**मुंबई।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि उनकी टीम मिथक तोड़कर अगले महीने शुरू हो रहे एकदिवसीय महिला विश्व कप में आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ट्रॉफी का सूखा खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अभी तक कोई विश्व खिताब नहीं जीत पाई है हालांकि कुछ अवसरों पर वह इसके करीब पहुंची थी। इसमें 2017 में इंग्लैंड में खेला गया वनडे विश्व कप भी शामिल है, जिसमें भारत उपविजेता रहा था। हरमनप्रीत ने कहा, 'हम उस मिथक को तोड़ना चाहते हैं, जिसका सभी भारतीय इंतजार कर रहे हैं। विश्व कप हमेशा खास होता है। मैं हमेशा अपने देश के लिए कुछ खास करना चाहती हूं। जब भी मैं युवी भैया (युवराज सिंह) को देखती हूं तो मुझे काफी प्रेरणा मिलती है।' इस अवसर पर पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह, पूर्व कप्तान मिताली राज और हरमनप्रीत की टीम की साथी स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स भी उपस्थित थे। भारतीय टीम का हाल में प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। उसने इंग्लैंड दौरे में टी20 और वनडे श्रृंखला जीती थी। वह 30 सितंबर से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले 14 सितंबर से खिताब की प्रबल दावेदार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैच की घरेलू श्रृंखला खेलेगी और हरमनप्रीत ने कहा कि इससे उनकी टीम को खुद को परखने का मौका मिलेगा।

## आईसीसी वनडे रैंकिंग

# भारतीय टीम पहले नंबर पर काबिज, पाक को नुकसान



एजेंसी ▸▸ दुबई

पाकिस्तानी टीम को आईसीसी रैंकिंग में जबरदस्त नुकसान उठाना पड़ा है। टीम की हालत काफी खराब नजर आ रही है। आईसीसी की वनडे रैंकिंग की बात करें तो इस वक्त भारतीय क्रिकेट टीम पहले नंबर पर है। टीम इंडिया की रेटिंग 124 की है। दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड है और तीसरे पर ऑस्ट्रेलियाई टीम का कब्जा बना हुआ है। इस बीच बात अगर चौथे नंबर की करें तो इस पर पहले पाकिस्तानी टीम हुआ करती थी, जो अब नहीं है। अब नंबर चार पर श्रीलंका की टीम पहुंच गई है। दरअसल खुद श्रीलंका ने तो ऐसा कुछ नहीं किया, जिससे उसे एक पायदान का फायदा मिला हो, पाकिस्तानी टीम वेस्टइंडीज से मैच हार गई है, इसलिए उसे एक स्थान का नुकसान हुआ है।

### पाकिस्तानी टीम नंबर पांच पर पहुंची

पाकिस्तानी टीम अभी तक चौथे नंबर पर मौजूद थी, लेकिन अब टीम नंबर पांच पर जा पहुंची है। श्रीलंका की रेटिंग जहां एक ओर 103 की है, वहीं पाकिस्तान की रेटिंग 102 की हो गई है। हालांकि पाकिस्तान के अब यहां से और नीचे जाने की संभावना काफी कम है, क्योंकि नंबर छह पर साउथ अफ्रीका की टीम है, जिसकी रेटिंग 96 की है।

### वेस्टइंडीज को एक स्थान का फायदा

*वेस्टइंडीज बनाम पाकिस्तान सीरीज का तीसरा मुकाबला अभी बाकी है। इसी मैच के परिणाम से तय होगा कि सीरीज पर कौन सी टीम कब्जा जमाएगी। इस बीच वेस्टइंडीज ने सीरीज का दूसरा मैच अपने नाम किया है, इसलिए उसे फायदा मिलता हुआ दिख रहा है। वेस्टइंडीज की टीम अब एक स्थान की छलांग के साथ नंबर 10 पर जा पहुंची है, जो इससे पहले 11वें स्थान पर हुआ करती थी। बांग्लादेश की टीम नंबर 11 पर चली गई है। आईसीसी ने आखिरी बार इस रैंकिंग को 10 अगस्त तक अपडेट किया है। अब देखना है कि सीरीज जब समाप्त होगी तो रैंकिंग पर क्या असर दिखाई देता है।*

## फुटबॉल

# कम्युनिटी शील्ड पर क्रिस्टल पैलेस का कब्जा, लिवरपूल को हराया



एजेंसी ▸▸ लंदन

क्रिस्टल पैलेस ने इस सत्र में अपना स्वप्निल अभियान जारी रखा और प्रीमियर लीग चैंपियन लिवरपूल को हराकर वेंबली में एक और उलटफेर करते हुए कम्युनिटी शील्ड फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता।

मई में एफए कप फाइनल में मैनचेस्टर सिटी को उलटफेर का शिकार बनाने के बाद पैलेस ने एक बार फिर कुछ विषम परिस्थितियों से पार पाकर मैच 2-2 से ड्रॉ होने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से जीत हासिल की। पैलेस की इस जीत के नायक गोलकीपर डीन हेंडरसन रहे। उन्होंने शूटआउट में दो पेनल्टी बचाई। हेंडरसन ने मैच के बाद कहा, 'यह अविश्वसनीय है। लिवरपूल जीत का प्रबल दावेदार था। उसके पास कुछ शानदार खिलाड़ी हैं और उनकी टीम मजबूत है। हमने तीन महीने के अंदर दो ट्रॉफी जीती हैं। यह अविश्वसनीय है।' एफए कप में जीत के साथ पैलेस ने अपने इतिहास में पहली बड़ी ट्रॉफी जीती थी और अब कम्युनिटी शील्ड जीतकर उसने साबित कर दिया कि उसकी पिछली जीत महज संयोग नहीं थी।

### मेजर लीग सॉकर टूर्नामेंट : इंटर मियामी की करारी हार

**ऑरलैंडो।** इंटर मियामी को सुपरस्टार लियोनेल मेसी की अनुपस्थिति में मेजर लीग सॉकर फुटबॉल टूर्नामेंट के एक मैच में ऑरलैंडो सिटी से 4-1 से करारी हार का सामना करना पड़ा। मेसी दाहिने पैर में चोट लगने के कारण इस मैच में नहीं खेल पाए और मियामी को उनकी बड़ी कमी खली। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी को यह चोट दो अगस्त को नेकाक्सा के खिलाफ लीग कप मैच में लगी थी। मेसी ने अपने क्लब के 23 मैचों में से 18 मैच में खेलते हुए 18 गोल किए हैं। ऑरलैंडो सिटी की तरफ से लुइस मुरील ने प्रत्येक हाफ में एक गोल किया जबकि मार्टिन ओजेडा ने एक गोल करने के अलावा एक गोल में मदद की। मुरील ने ओजेडा की मदद से दूसरे मिनट में गोल करके ऑरलैंडो सिटी को बढ़त दिलाई, जो केवल तीन मिनट तक कायम रही। यानिक ब्राइट ने अपने 40वें मैच में अपना पहला गोल करके इंटर मियामी को बराबरी पर ला दिया।

## अमेरिकी जिम्नास्टिक चैंपियनशिप...



**न्यू ऑरलियन्स।** अमेरिकी जिम्नास्टिक चैंपियनशिप के सीनियर महिला फाइनल के बाद ओवरऑल स्वर्ण पदक विजेता हेजली रिवेरा (बीच में), फ्लोरिडा विश्वविद्यालय की रजत पदक विजेता लीन वोंग (बाएं) और वर्ल्ड चैंपियंस सेंटर की कांस्य पदक विजेता जोसलीन रॉबर्सन (दाएं) पोडियम में खुशी मनाती हुईं।

## ओलंपिक मेजबानी के लिए आईओसी से भारत कर रहा बातचीत

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बताया कि 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी को लेकर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के भावी मेजबान आयोग के साथ निरंतर बातचीत चल रही है। मांडविया ने



कहा कि पूरी बोली प्रक्रिया भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) संभाल रहा है। उन्होंने कहा, 'आईओए ने आईओसी को आशय पत्र सौंप दिया है। बोली अब आईओसी के भावी मेजबान आयोग के साथ निरंतर बातचीत चरण में है।' मांडविया ने कहा, 'भारत में ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाना भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की जिम्मेदारी है और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) विस्तृत चयन प्रक्रिया से गुजरकर ओलंपिक की मेजबानी के अधिकार सौंपती है।' भारत ने हालांकि अपनी बोली में किसी शहर का नाम नहीं दिया है लेकिन गुजरात सरकार इसमें काफी दिलचस्पी दिखा रही है। उसके खेल मंत्री हर्ष संघवी उस भारतीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे, जिसने पिछले महीने बोली पर चर्चा करने के लिए लुसाने स्थित आईओसी मुख्यालय का दौरा किया था। निरंतर बातचीत के चरण में आइओसी मेजबानी के दावेदारों की तैयारी का व्यावहारिक आकलन करती है।

## चेन्नई ग्रैंड मास्टर 2025: अर्जुन के अजेय अभियान पर रोक

# सरीन की पहली जीत, बड़ा उलटफेर करते हुए एरिगैसी को हराया

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

निहाल सरीन ने चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स 2025 में अपनी पहली जीत दर्ज करते हुए बड़ा उलटफेर कर दिया। उन्होंने चौथे राउंड में हमवतन अर्जुन एरिगैसी को हराकर उनके अजेय अभियान पर रोक लगा दी। वहीं, जर्मन ग्रैंडमास्टर विंसेंट केमर ने डच स्टार अनीश गिरी से ड्रॉ खेलते हुए चार मैचों की अजेय लय बरकरार रखी। अंकतालिका में उनकी बढ़त कायम है।


चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स 2025 का ये तीसरा सीजन है, जिसे भारत का सबसे मजबूत क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट माना जाता है। एमजीडी-1 की ओर से आयोजित इस टूर्नामेंट में मास्टर्स और चैलेंजर्स नाम से दो 10-खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन वर्ग शामिल हैं, जिसे 9 राउंड में 10 दिनों तक खेला जाएगा।

### जर्मन ग्रैंडमास्टर विंसेंट केमर की विजयी लय बरकरार




### मास्टर्स विजेता को मिलेंगे 25 लाख रुपए

*कुल एक करोड़ रुपए की इनामी राशि में मास्टर्स विजेता को 25 लाख रुपए, चैलेंजर्स विजेता को 7 लाख रुपए और 2026 मास्टर्स में सीधी जगह मिलेगी। इसके अलावा टूर्नामेंट मास्टर्स विजेता को 2026 कैंडिडेस क्वालिफिकेशन के लिए 24.5 फिडे सर्किट अंक भी मिलेंगे। निहाल की अर्जुन एरिगैसी पर जीत एक तनावपूर्ण और रणनीतिक मुकाबले के बाद आई, जिसकी शुरुआत रेती ओपनिंग से हुई थी, जहां अर्जुन ने अपने हमवतन के सेटअप की नकल की। शतरंज के दिग्गज विश्वनाथन आनंद कमेंट्री बॉक्स में मौजूद थे, जो फैंस को एक अनोख लाइव अनुभव दे रहे थे। खेल धीमी गति से आगे बढ़ा और 15वीं चाल पर अर्जुन ने पहला मोहरा अपने नाम किया। वहीं निहाल को बढ़त बनाने का मौका मिला और उन्होंने 70वी चाल पर जीत दर्ज कर 2025 सीजन में अपनी पहली सफलता हासिल की। इसी बीच मुरली कार्तिकेयन ने भी प्रभावित किया। वह जॉर्डन वैन फॉरेस्ट को हराकर अंकतालिका में ऊपर चढ़ गए।*



# छात्राओं के रोजाना बेहोश होने से दहशत में स्कूल, कांप रहे हाथ-पैर, फोबिया या कुछ और...टीम करेगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

अभनपुर के अंतर्गत आने वाले कुरूं क्षेत्र के शासकीय विद्यालय में इन दिनों डर का माहौल है। यहां पिछले एक सप्ताह से नियमित रूप से छात्राएं बेहोश होकर गिर रही है। अब एक जांच टीम बनाई गई है, जो मामले की जांच करेगी। घटना के बाद से स्कूल के अन्य विद्यार्थियों के साथ ही ग्रामीणों में भी कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। मामले की जानकारी होने के बाद जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा भी जांच के लिए चिकित्सकों को पूर्व में भेजा गया था। चिकित्सकों का कहना है कि मौसम में बदलाव और उमस के कारण यह स्थिति निर्मित हो रही है। एसआर बंजारे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरूं में लड़के और लड़कियां दोनों ही अध्ययनरत हैं। बेहोश होने की घटनाएं केवल लड़कियों के साथ ही हो रही है।

स्कूल प्रबंधन को आदेश दिए गए हैं कि वे विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उन्हें डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए उचित प्रयास किए जाएं और जादू-टोना जैसी भ्रामक जानकारियों से दूर रहने समझाया जाया। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जांच करने तथा विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अन्य दिशा-निर्देश स्कूलों को दिए जाएंगे ताकि विद्यार्थी बगैर डर के उचित माहौल में अध्ययन कर सकें।

### फोबिया है वजह

शुक्रवार को ऊपरवारा से चिकित्सकों की एक टीम जांच के लिए भेजी गई थी। एक अन्य जांच टीम का गठन किया गया है, जो सोमवार को जांच करने गांव और स्कूल जाएगी। शुक्रवार को जांच करने वाले चिकित्सकों का कहना है कि कुछ लड़कियों को बेहोश होते देखकर अन्य छात्राएं भी दहशत में आ गईं। इसके कारण उनके हाथ-पैर कांपने लगे। यह फोबिया जैसी स्थिति होती है। इसका जादू-टोना से कोई संबंध नहीं है। बेहोशी के साथ हाथ-पैर कांपने के पीछे पूर्णतः मनोवैज्ञानिक कारण है।

## मामला अभनपुर के अंतर्गत आने वाले शासकीय विद्यालय कुरूं का




■ बीते एक सप्ताह से प्रतिदिन 4 से 6 छात्राएं हो रही बेहोश

### प्रार्थना का समय घटाने आदेश

गर्मी और उसम के कारण छात्राओं के बेहोश होने की बात प्रारंभिक जांच में सामने आई है। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को देखते हुए दो चरणों में प्रार्थना करवाने अथवा समय घटाने के लिए कहा गया है।

- हिमांशु भारती
जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर

### छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण

हमने टीम बनाई है, जो सोमवार को जांच करने स्कूल जाएगी। छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर फोबिया सहित अन्य कारणों का पता लगाया जाएगा।

- डॉ. भारत भूषण कोसरिया
ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, अभनपुर

## तीन श्रेणी बनाकर की गई कार्रवाई, तीसरी श्रेणी के शिक्षक 6 साल के लिए प्रतिबंधित

# 120 शिक्षक मूल्यांकन के लिए बैन, इनकी जांची कॉपियों में पुनर्मूल्यांकन के बाद बढ़े 20-50 अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के परिणाम जारी किए जाने के बाद माध्यमिक शिक्षा मंडल ने उन शिक्षकों पर कार्रवाई की है, जिन्होंने मूल्यांकन में कार्य में लापरवाही बरती। माशिम ने ऐसे 120 शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य में प्रतिबंधित कर दिया है, जिनके द्वारा जांची गई कॉपियों में पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के बाद अंकों में 20 से 50 नंबर तक की वृद्धि हुई है। तीन श्रेणियां बनाकर इन शिक्षकों पर कार्रवाई की गई है। पहली श्रेणी में उन शिक्षकों को रखा गया है, जिनकी जांची कॉपियों में पुनर्मूल्यांकन-पुनर्गणना के बाद 20 से 40 नंबर बढ़े हैं। इन पर तीन वर्ष का प्रतिबंध लगाया गया है। दूसरी श्रेणी में उन शिक्षकों को रखा गया है, जिनके द्वारा मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं में 50 नंबर तक आरटी-आरवी के बाद बढ़े हैं। इन्हें 5 सालों के लिए प्रतिबंधित किया गया है। तीसरी श्रेणी उन शिक्षकों की है, जिनकी कॉपियों में 50 नंबर से भी अधिक अंक बढ़ गए हैं। इन पर 6 साल का बैन लगा है। ना केवल मूल्यांकन कार्य बल्कि इन्हें माशिम के सभी तरह के पारिश्रामिक कार्यों से वंचित किया गया है। यही नहीं इन शिक्षकों की एक वर्ष की वेतनवृद्धि रोकने विभाग से अनुशंसा की गई है।

**मंडल ने सभी तरह के पारिश्रामिक कार्यों से वंचित किया गया**

## पशु पालन फसल उत्पादन जैसे विषयों की भी कॉपियां नहीं जांच सके उचित रूप से

### आसान विषयों में भी गलती

ना केवल गणित और विज्ञान जैसे जटिल विषय, बल्कि अपेक्षाकृत आसान विषयों में भी लापरवाही बरती गई है। पशुपालन, फसल उत्पादन जैसे विषयों की उत्तरपुस्तिकाएं भी शिक्षक उचित रूप से नहीं जांच सकें हैं। दसवीं कक्षा में सर्वाधिक त्रुटियां सामाजिक विज्ञान के विषय में हुई है। जबकि बारहवीं कक्षा में हिन्दी के 11, रसायनशास्त्र के 6, अंग्रेजी व व्यवसाय अध्ययन के 5, अर्थशास्त्र के 4,भौतिकशास्त्र व जीव विज्ञान के 3, राजनीति विज्ञान, कृषि व फसल उत्पादन के 2 तथा गणित व पशुपालन विषय के एक-एक शिक्षक पर कार्रवाई हुई है।




**शिक्षकों की एक वर्ष की वेतनवृद्धि रोकने विभाग से अनुशंसा की गई**

### 12वीं से अधिक लापरवाही 10वीं में

दसवीं कक्षा के मूल्यांकन कार्य में बारहवीं कक्षा की तुलना में अधिक लापरवाही बरती गई है। 10 कक्षा में प्रतिबंधित मूल्यांकनकर्ताओं की सूची अनुसार प्रथम श्रेणी में 59, द्वितीय श्रेणी में 6 तथा तृतीय श्रेणी में एक शिक्षक है। बारहवीं कक्षा में प्रथम श्रेणी में 47 तथा द्वितीय श्रेणी में 7 शिक्षक है। दोनों बोर्ड कक्षा मिलाकर तृतीय श्रेणी में प्रतिबंधित एकमात्र शिक्षक जांजगीर-चांपा के अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जर्वे के सीएस भारद्वाज है। उनके द्वारा दसवीं कक्षा में जिस छात्र की सामाजिक विज्ञान की उत्तरपुस्तिका जांची गई थी।

# डीजीपी ने हाईकोर्ट में पेश किया जवाब कहा प्रदेश में नई जेलों का निर्माण जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों की भीड़ व उनके रहने की अमानवीय परिस्थितियों को लेकर पेश जनहित याचिकाओं पर शासन की ओर से सोमवार को डीजीपी ने हाईकोर्ट में शपथपत्र पेश कर बताया कि, प्रदेश में नई जेलों का निर्माण किया जा रहा है । मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच में सुनवाई की गई ।

राज्य शासन की ओर से पुलिस महानिदेशक का शपथपत्र पेश किया गया। इसमें बताया गया कि, पूरे प्रदेश की जेलों में 20 हजार से अधिक कैदी सजा काट रहे हैं। इसमें 5 हजार 600 बंदी अधिक हैं। कोर्ट को यह भी बताया गया कि , जेलों का निर्माण पूरे राज्य में तेजी से चल रहा है । बेमेतरा का जेल भवन पूरा हो गया है । इसी तरह अम्बिकापुर में 200 कैदियों की क्षमता के नये बैरक तैयार कर लिए गए हैं । बिलासपुर सेन्ट्रल जेल में नये भवन निर्माण के लिए अब तक 6 बार टेंडर निकाला गया है , मगर कोई पार्टी इसे लेने इच्छुक नहीं है अब सातवीं बार नये सिरे से टेंडर बुलाया जा रहा है । चीफ जस्टिस ने सुनवाई के बाद इस मामले में शासन से नया शपथपत्र प्रस्तुत करने को कहा है । अब अगली सुनवाई इसी डीबी में 16 सितंबर को निर्धारित की गई है। इससे पहले अधिवक्ता शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय जेलों में क्षमता से अधिक बंदियों की मौजूदगी को लेकर एक जनहित याचिका अधिवक्ता सुनील पिल्लई के माध्यम से दायर की थी। इसके कुछ समय बाद जेलों में अमानवीय परिस्थितियों को लेकर भी एक पी आई एल लगाई गई। इस बीच हाईकोर्ट के संज्ञान में भी कुछ माध्यमों से यह बात आई कि जेलों में कैदियों की स्थिति अच्छी नहीं है इसे कोर्ट ने स्वयं एक जनहित याचिका के तौर पर स्वीकार किया । चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में एक साथ सुनवाई शुरू की गई।

लगातार चल रही सुनवाई में पहले शासन ने बताया था कि, जेलों में कैदियों के स्वास्थ्य व अन्य सुविधाओं को लेकर काम किया जा रहा है । इसी तरह रायपुर व बिलासपुर जिले में विशेष जेलों की स्थापना व बेमेतरा में खुली जेल शुरू करने की बात कही गई। सरकार के वकील ने तब कहा था कि रायपुर जिले में विशेष जेल हेतु भूमि मिल चुकी है बाद में इसमें काम शुरू कर दिया गया है।

# प्रदेश में चार माह से वाहन बिक्री की रफ्तार मंद, त्योहारी सीजन में तेजी की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अप्रैल से लेकर जुलाई तक के चार माह ऑटोमोबाइल सेक्टर के लिए मंदी वाले रहे हैं। चार माह से वाहनों की बिक्री की रफ्तार मंद हो गई है। अब इस माह से त्योहारी सीजन का आगाज हो रहा है, तो इसमें रफ्तार में तेजी आने की संभावना है, लेकिन यह तेजी बीते साल जितनी होगी, यह कहा नहीं जा सकता ।

बीते साल तो अपने प्रदेश में रिकॉर्ड सात लाख वाहन बिके थे। बीते पांच साल से वाहन बिक्री का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है, लेकिन इस साल जिस तरह से चार माह का समय बीता है, उससे लगता है पांच साल बाद कम वाहनों की बिक्री का रिकॉर्ड बन सकता है।वाहन बिक्री के लिए इस बार अप्रैल से जब नया सत्र प्रारंभ हुआ तो इस सत्र में कारों की कीमत बढ़ने के कारण कारों की बिक्री तो प्रभावित हुई ही, साथ ही दोपहिया वाहनों की बिक्री भी प्रभावित हो गई। अप्रैल में जहां कारों की बिक्री 20 फीसदी प्रभावित हुई, वहीं दुपहिया वाहन भी बीते साल से सवा सात फीसदी कम बिके। कारोबारियों को लगा, अगले माह सब ठीक हो जाएगा, लेकिन मई में अप्रैल से भी बड़ा झटका लगा। इस माह जहां दुपहिया वाहन बीते साल से करीब 10 फीसदी कम बिके, वहां कारों की बिक्री 30 फीसदी तक प्रभावित हो गई। मंदी का यह सिलसिला जून में भी जारी रहा। जून में एक बात अच्छी रही है कि इस माह दुपहिया वाहनों की बिक्री बीते दो माह से कम प्रभावित रही, लेकिन बीते साल की तुलना में फिर भी चार फीसदी वाहन कम बिके।

■ **चारपहिया के साथ ही दोपहिया वाहनों की बिक्री भी बीते साल से कम हो गई**

### त्योहारी सीजन अच्छा रहेगा

चार माह से कारोबार प्रभावित हो रहा है, लेकिन इसका कोई खास कारण नहीं दिख रहा है। संभावना है कि इस माह से त्योहारी सीजन प्रारंभ हो रहा है, तो त्योहारी सीजन में दीपावली तक अच्छा कारोबार होगा।

- विवेक गर्ग, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ फाडा

### त्योहारी सीजन में बढ़ेगी रफ्तार

इस माह से त्योहारी सीजन का आगाज हो रहा है। रक्षाबंधन के बाद से ही त्योहारी सीजन प्रारंभ हो जाता है। सबसे पहले गणेश चतुर्थी में 11 दिनों तक लगातार वाहन बिकेंगे। इसके बाद हालांकि पितृपक्ष लग जाता है, लेकिन इसके बाद नवरात्रि और फिर दीपावली के कारण बहुत ज्यादा खरीदारी होती है। कारोबारियों को इस बार भी बीते साल की तरह अच्छा कारोबार होने की संभावना है।

### पांच साल लगातार बढ़ा ग्राफ

प्रदेश में पांच साल से बिक्री का आंकड़ा लगातार बढ़ा है। जहां 2020 में साल भर में 481797 बिके, वहीं 2021 में यह आंकड़ा कम होकर 455859 हो गया। यह साल कोरोना काल का साल था, इसलिए वाहनों की बिक्री कुछ कम हुई। लेकिन इसके बाद 2022 में पहली बार आंकड़ा पांच लाख के पार गया और इस साल 501194 वाहन बिके। 2023 में यह रिकॉर्ड भी टूट गया और इस साल 564443 वाहन बिके। पहली बार बीते साल 2024 में करीब सात लाख वाहन बिके हैं।

## सिलेंडर ब्लास्ट में घटना में डीआरजी जवान झुलसा

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के पुलिस लाइन में पदस्थ डीआरजी जवान के बिस्तर के नीचे रखा सिलेंडर ब्लास्ट होने से जवान झुलस गया । जिसे बेहतर उपचार के लिए मेकाज में भर्ती किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक कांकेर जिले के नरहरपुर के रहने वाले भूपेंद्र नॉनहरे 25 वर्ष जो 2021 से डीआरजी में आरक्षक के पद पर बीजापुर में पदस्थ है। रविवार की शाम को कोतवाली थाना से ड्यूटी खत्म होने के बाद भूपेंद्र सोने के लिए बीजापुर के न्यू पुलिस लाइन में अपने कमरे में गया, जहां गैस सिलेंडर लीक हो गया। इस बात की जानकारी जवान को नहीं थी, जवान कमरे में आने के बाद पंखा चालू करने के साथ अगरबत्ती जलाकर सो गया। रात करीब 12 बजे अचानक बिस्तर के नीचे रखा सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। इस घटना में जवान का हाथ, पैर झुलस गया, साथ ही ब्लास्ट की आवाज से पुलिस लाइन में मौजूद अन्य जवान भूपेंद्र के कमरे में आये, जहां से उसे बीजापुर के जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां से बेहतर उपचार के लिये मेकाज रेफर किया गया जवान की हालत ठीक बताई जा रही है।

## शराब खरीदने के विवाद पर चाकू से हमला

**रायपुर।** गंज थाना क्षेत्र में शराब खरीदने के विवाद पर दो पक्षों ने एक-दूसरे पर चाकू तथा बीयर की बोतल से हमला कर दिया। हमले से तीन लोगों को चोटें आई हैं। पुलिस के अनुसार, छोटा रामनगर कबीर चौक निवासी तेजपाल चौहान शनिवार की शाम करीब 5 बजे अपने दोस्त गीतेश वर्मा और तोषण साहू के साथ गंजपारा भट्ठी शराब लेने पहुंचा था। लाइन में लगे होने के दौरान गंजपारा निवासी अमन सोनी, लक्की गोप, दुर्गेश उर्फ दरवेश और तामू उर्फ तामेश्वर पहुंचे और पहले शराब लेने की बात कहकर तेजपाल को धक्का देकर पीछे करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने तेजपाल को गाली देते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। बीचबचाव करने आए तोषण साहू तथा गीतेश के सिर पर बीयर की बोतल से वार कर दिया।

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय, जबलपुर पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु विज्ञापन

// वर्ष 2024-25 //

स्वशासी समिति नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों स्ववित्तीय (Self finance) में प्रवेश हेतु आवेदन आंमत्रित किये जाते है। आवेदक को बारहवीं परीक्षा 10+2 बायोलॉजी समूह से किसी मान्यता प्राप्त संस्था से उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा। बारहवीं प्राप्त अंको के आधार पर मेरिट के आधार पर प्रवेश दिये जावेगें। आवेदन करने हेतु न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक अनारक्षित वर्ग के लिए तथा 33 प्रतिशत अंक अराक्षित वर्ग के लिए आवश्यक होगें। आवेदक की उम्र 31 जनवरी 2025 को 17 वर्ष से कम नही होना चाहिए एवं 45 वर्ष से अधिक नही होना चाहिए। चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर में मध्यप्रदेश सह-चिकित्सय परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों एवं उनमें उपलब्ध सीटो का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रं. | पाठ्यक्रम का नाम | | डिग्री / डिप्लोमा / प्रमाण पत्र | पाठ्यक्रम की अवधि | छात्रों हेतु उपलब्ध सीट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी | स्पोटर्स | पी.जी. डिग्री कोर्स | दो वर्षीय | 05 |
| | | आर्थो | | | 05 |
| | | कार्डियोलॉजी | | | 05 |
| | | न्यूरोलॉजी | | | 05 |
| 2 | बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी (BPT) | | डिग्री कोर्स | साढे चार वर्षीय | 50 |
| 3 | बैचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन (BMLT) | | डिग्री कोर्स | तीन वर्षीय | 50 |
| 4 | ऑप्थैल्मिक असिस्टेंट (OPTHAL) | | डिप्लोमा कोर्स | दो वर्षीय | 25 |
| 5 | डायलिसिस टेक्नीशियन (DIALYSIS) | | डिप्लोमा कोर्स | दो वर्षीय | 50 |
| 6 | कैथ लैब टेक्नीशियन (CATH.LAB) | | डिप्लोमा कोर्स | दो वर्षीय | 25 |
| 7 | एनेस्थीसिया टेक्नीशियन (ANEASTHESIA) | | डिप्लोमा कोर्स | दो वर्षीय | 25 |
| 8 | ओ.टी टेक्नीशियन (OT) | | सर्टिफिकेट कोर्स | एक वर्षीय | 50 |
| 9 | ई.सी.जी टेक्नीशियन (ECG) | | सर्टिफिकेट कोर्स | एक वर्षीय | 50 |
| 10 | एक्स-रे टेक्नीशियन (DXRT) | | डिप्लोमा कोर्स | दो वर्षीय | 25 |

पैरामेडिकल काउसिंल भोपाल से अनुमति की प्रत्याशा में एक्स-रे टेक्नीशियन (DXRT) आवेदन भरवाये जा रहे है। यदि काउसलिंग आयोजित होने तक अनुमति प्राप्त नही होती है, तो एक्स-रे टेक्नीशियन (DXRT) कोर्स को सम्मिलित नही किया जावेगा।

पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए विवरण पुस्तिका एवं आवेदन पत्र पैरामेडिकल कार्यालय तृतीय तल पी.एस.एम विभाग के बाजू में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर से दिनांक 11/08/2025 से समय 10:30 बजे 5:30 तक के बीच में रू 700/- का आवेदन शुल्क वाउचर पैरामेडिकल शाखा से प्राप्त कर, बैंक ऑफ बडौदा मेडिकल कॉलेज शाखा में जमा कर आवेदन फार्म प्राप्त किये जा सकते है। आवेदन पत्र को भरकर जमा करने एवं आवेदन फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25/08/2025 है। विलंब शुल्क रु 300/-सहित कुल रू 1000/- का वाउचर जमा कर आवेदन फार्म दिनांक 29/08/2025 तक प्राप्त एवं जमा किये जा सकते है। डाक द्वारा निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। इस संबध में विस्तृत जानकारी चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर की वेबसाइट www.nscbmc.ac.in भी प्राप्त की जा सकती है। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु निर्धारित आवेदन पत्र भी उक्त साइट से डाउनलोड करके प्रात किया जा सकता है। डाउनलोड किये हुए आवेदन पत्र जमा करते समय आवेदन पत्र का शुल्क उपरोक्त दर्शाये अनुसार देय होगा। इन सभी पाठ्यक्मो में प्रवेश एवं कोर्स चयन के लिए काउसिलिंग आयोजित की जाती है, काउसिलिंग (आवंटन प्रक्रिया) की सूचना पृथक से महाविद्यालय के बेवसाइट एवं स्थानीय / प्रादेशिक समाचार पत्रो में सूचना जारी की जावेगी। जिसका अवलोकन आवेदको को स्वयं करना होगा, काउंसिलिंग के लिए अलग से कोई सूचना नहीं दी जावेगी। काउसिलिंग एवं प्रवेश प्रक्रिया महाविद्यालय के फार्माकॉलोजी के लेक्चर हॉल मे सपन्न कराई जावेगी एवं शासन के नियमानुसार आरक्षण देय होगा। प्रथम काउसिलिंग के पश्चात् अगर किसी कोर्स में सीट रिक्त रहती है, उस विशिष्ट कोर्स में द्वितीय काउंसिलिंग आयोजित की जा सकती है।

नोट:-1. प्रवेश के समय सीटो एवं शैक्षणिक शुल्क में शासकीय नियमानुसार कमी एवं वृद्धि की जा सकती है। 2. ऐसे छात्र जो 12 वीं (10+2) की परीक्षा 1. लेब्रोटरी मेडिसन 2. क्लीनिकल बायोकेमेस्ट्री 3. माईक्रोबायलोजी विषय से उत्तीर्ण की है वे छात्र सिर्फ बैचलर ऑफ लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र होगे।
नोट:-अगामी दिनो में कोर्स की सीटो में किसी प्राकर की वृद्धि एवं कमी की जा सकती है, एवं नये कोर्स की सूचना हेतु नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज की साइट का अवलोकन करें।

G-17075/25 " स्वच्छता ही सेवा " मुख्य कार्यापालन अधिकारी , ने.सु.चं.बो. मेडिकल कॉलेज जबलपुर

एनएमडीसी
NMDC
एनएमडीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
"खनिज भवन", 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद–500 028
CIN : L13100TG1958GOI001674

अनुबंध विभाग

दिनांक : 12.08.2025

एनएमडीसी लिमिटेड, इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक "नवरत्न" सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी डोनीमलाई कॉम्प्लेक्स, **कर्नाटक में एक नए 7 एमटीपीए लौह अयस्क स्क्रीनिंग और बेनिफिशिएशन प्लांट–II (एसपी–II) के लिए टर्नकी आधार पर टेलिंग्स डैम–I (टीडी–I) के डिजाइन, इंजीनियरिंग, उपकरण/सामग्री की आपूर्ति, भंडारण, साइट पर हैंडलिंग, निर्माण, संस्थापन, परीक्षण और कमीशनिंग** कार्य के लिए 14.08.2025, 1100 बजे निविदा–पूर्व बैठक में भाग लेने के लिए अनुभवी, प्रतिष्ठित और सक्षम घरेलू निविदादाताओं को आमंत्रित करती है। **निविदा–पूर्व बैठक का स्थान:** एमएन दस्तूर कार्यालय, कोलकाता। बैठक का संक्षिप्त एजेंडा, कार्य का प्रारंभिक दायरा, समय–सारणी, परियोजना स्थल आदि जैसे विवरण प्राप्त करने के लिए, निविदादाता एनएमडीसी की वेबसाइट **http://www.nmdc.co.in** को देख सकते हैं। इसके अलावा, किसी भी पूछताछ के लिए निविदादाता निम्नलिखित अधिकारियों से सीधे या ईमेल के माध्यम से भी संपर्क कर सकते हैं: 1. श्री अनिरबन बिस्वास, ईमेल: **Anirban.B@dastur.com** 2. श्री अरिंदम चटर्जी, एजीएम (अनुबंध); ईमेल: **arindam210990@nmdc.co.in**

एनएमडीसी लिमिटेड की ओर से
कार्यकारी निदेशक (वर्क्स)

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

साईकोलि:मप्र:कुस:(क्षेत्र)2025:698 दिनांक 03.08.2025

आम सूचना

एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा अधिग्रहित ग्राम पाली में भूमि मुआवजा प्राप्त करने हेतु भारतीय डाक के माध्यम से दिनांक 23.05.2025 को नोटिस भेजा गया था, जिसमें कुछ भू-स्वामी की मृत्यु हो जाने के कारण उनको प्रेषित पत्र इस कार्यालय में वास प्राप्त हुआ है, तथा भूमि के खातेदारों के मृत्यु के संबंध में ग्रामवासियों एवं कोटवार के माध्यम से जानकारी लिया गया इसके अनुसार निम्न सभी खातेदारों की मृत्यु होना बताया गया ऐसे खातेदारों का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | ग्राम का नाम | खातेदार का नाम / पिता का नाम | खसरा नं. | रकबा (एकड में) | मुआवजा राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | पाली | बिरबल दास पिता लक्षमण दास | 404/3 | 0.12 | 96000.00 |
| 02 | पाली | सोनूराम,तीजराम वल्द घासीराम | 331/6 | 0.05 | 40000.00 |
| 03 | पाली | मानमति बेवा कृष्णाराम रावत | 251/7, 357/6 | 0.14 | 104000.00 |
| 04 | पाली | धनश्याम पिता रामदुलारे | 374 | 0.41 | 328000.00 |
| 05 | पाली | तुलसाय पिता कांताराम यादव | 281/2 | 0.10 | 60000.00 |
| 06 | पाली | लखन लाल पिता रामदुलारे | 375/1 | 0.28 | 224000.00 |
| 07 | पाली | हुलेश राम पिता गंभीर साय यादव | 134/2 | 0.10 | 60000.00 |
| 08 | पाली | संतोषी कुमारी पिता पिताम्बर एवं अन्य | 146,151/6,162/6, 379/1 | 0.25 | 180000.00 |
| 09 | पाली | धन सिंह पिता धीर याय | 340/1, 340/3 | 0.40 | 320000.00 |
| 10 | पाली | अनिल कुमार पाण्डेय पिता राधेहरि | 331/1, 333/1 | 0.17 | 120000.00 |
| 11 | पाली | ईतवार पिता रनसाय | 308/2 | 0.22 | 130000.00 |
| 12 | पाली | अमरिका बाई बेवा गणेश प्रसाद, राजूप्रसाद, दुर्गाप्रसाद,पिता गणेश प्रसाद | 182, 194/2, 401/2 | 0.11 | 84000.00 |
| 13 | पाली | चमरा वल्द तातु, रामप्यारी बेवा तातु | 160 | 0.07 | 56000.00 |
| 14 | पाली | दयादास वल्द ईतवार | 169, 170, 352/1 | 0.29 | 232000.00 |
| 15 | पाली | पतई बाई पिता कार्तिक राम | 153/1 | 0.05 | 30000.00 |
| 16 | पाली | फूलकुंवर बेवा दया दास | 499/1 | 0.31 | 248000.00 |
| 17 | पाली | मोहित राम पिता रामप्रसाद | 273/2 | 0.11 | 66000.00 |
| 18 | पाली | राम कुमार पिता गोविंद राम कमला बाई पति रामकुमार | 399/1 | 035 | 350000.00 |
| 19 | पाली | रामेश्वरी बेवा साधराम घसिया | 225/5, 381/2 | 0.17 | 132000.00 |
| 20 | पाली | राधेलाल पिता गंभीर साय | 33527, 403/6 | 0.23 | 184000.00 |
| 21 | पाली | भोला राम पिता रन साय यादव | 312, 313/1, 344, 361/2 | 0.39 | 268000.00 |

उक्त तालिका में वर्णित भू-स्वामियों के वारिसों को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरित के कार्यालय में आकर मुआवजा के संबंध में आवश्यक दस्तावेज के साथ मुआवजा भुगतान हेतु आवेदन 15 दिनों के अन्दर प्रस्तुत करें अन्यथा एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए कोलबियरिंग एरिया एक्ट 1957 (A&D) के प्रावधानों के अंतर्गत आपके स्वामित्व की भूमि मुआवजा राशि नियमानुसार ट्रिब्युनल में जाम कर दी जाएगी।

स्टाफ अधिकारी (भू.रा.)
SECL/25-26/124 एसईसीएल,कुसमुण्डा क्षेत्र

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

जांच कार्यवाही की सूचना

झिलिमिली उपक्षेत्र के अन्तर्गत पाण्डवपारा माइन में कार्यरत निम्नलिखित कर्मचारी को अनाधिकृत अनुपस्थिति के कारण आरोप पत्र जारी किया गया था । आरोप पत्र एवं विभागीय जाँच कार्यवाही की बैठक की सूचना नोटिस बोर्ड एवं संबंधित कर्मचारी के बी. फार्म में दर्ज पते पर भेजा गया किन्तु संबंधित कर्मचारी के विभागीय जॉच कार्यवाही में सम्मिलित न होने के कारण जॉच कार्यवाही पूर्ण नही हो पा रही है।

नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत के तहत मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अंतिम अवसर प्रदाय करते हुए निम्नलिखित कर्मचारी को अंतिम बैठक हेतु सूचित किया जाता है ताकि अपना बचाव संबंधी पक्ष प्रस्तुत कर सके। बैठक दिनांक एवं समय नाम के समक्ष दी गई है।

अत: संबंधित कर्मचारी को अपने समस्त दस्तावेज, गवाह, सहकर्मी (यदि कोई हो तो) को साथ लेकर उपस्थित होने का आदेश दिया जाता है उपस्थित न होने की स्थिति में यह समक्षा जाएगा कि आरोपी कर्मचारी को अपने बचाव में कोई उपयुक्त स्पष्टीकरण नही है या जांच कार्यवाही में भाग नही लेना चाहते हैं, तदानुसार प्रबंधन, आचार संहिता नियमावली के तहत् एकपक्षीय निर्णय लेते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु स्वतंत्र होगा।

| क्र. | नाम / पिता का नाम एवं पता | पदनाम | आरोप पत्र क्र. एवं दिनांक | अंतिम बैठक की तिथि, समय एवं स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री चमरु लाल आ. भईया लाल पता-ग्राम- आमगांव, पो+थाना-बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) पिन कोड- 497335 | ड्रीलर | आरोप पत्र क्र.-2011 दिनांक 02.02.2025 | 26.09.2025, शाम 5.00 बजे, खान प्रबंधक कार्यालय, पाण्डवपारा कॉलरी |

SECL/25-26/122 जांच अधिकारी, पाण्डवपारा कॉलरी, बैकुण्ठपुर क्षेत्र

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

जांच कार्यवाही की सूचना

झिलिमिली उपक्षेत्र के अन्तर्गत पाण्डवपारा माइन में कार्यरत निम्नलिखित कर्मचारी को अनाधिकृत अनुपस्थिति के कारण आरोप पत्र जारी किया गया था । आरोप पत्र एवं विभागीय जॉच कार्यवाही की बैठक की सूचना नोटिस बोर्ड एवं संबंधित कर्मचारी के बी. फार्म में दर्ज पते पर भेजा गया किन्तु संबंधित कर्मचारी के विभागीय जॉच कार्यवाही में सम्मिलित न होने के कारण जॉच कार्यवाही पूर्ण नही हो पा रही है।

नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत के तहत मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अंतिम अवसर प्रदाय करते हुए निम्नलिखित कर्मचारी को अंतिम बैठक हेतु सूचित किया जाता है ताकि अपना बचाव संबंधी पक्ष प्रस्तुत कर सके। बैठक दिनांक एवं समय नाम के समक्ष दी गई है।

अत: संबंधित कर्मचारी को अपने समस्त दस्तावेज, गवाह, सहकर्मी (यदि कोई हो तो) को साथ लेकर उपस्थित होने का आदेश दिया जाता है उपस्थित न होने की स्थिति में यह समक्षा जाएगा कि आरोपी कर्मचारी को अपने बचाव में कोई उपयुक्त स्पष्टीकरण नही है या जांच कार्यवाही में भाग नही लेना चाहते हैं, तदानुसार प्रबंधन, आचार संहिता नियमावली के तहत् एकपक्षीय निर्णय लेते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु स्वतंत्र होगा।

| क्र. | नाम / पिता का नाम एवं पता | पदनाम | आरोप पत्र क्र. एवं दिनांक | अंतिम बैठक की तिथि, समय एवं स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री चन्द्रिका सिंह आ. रामाधार पता-ग्राम+पो. कन्दरई, थाना-जयनगर, जिला-सुरजपुर (छ.ग.) पिन कोड- 497226 | ज.असि. (प्रशिक्षु) | आरोप पत्र क्र.-3140 दिनांक 03.03.2024 | 24.09.2025, शाम 5.00 बजे, खान प्रबंधक कार्यालय, पाण्डवपारा कॉलरी |

SECL/25-26/123 जांच अधिकारी, पाण्डवपारा कॉलरी, बैकुण्ठपुर क्षेत्र

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### 'वोट चोरी' के खिलाफ...

करके ही रहेंगे। संसद के मकर द्वार के सामने मार्च शुरू करने से पहले विपक्षी सांसदों ने राष्ट्रगान गाया। पुलिस ने उनका मार्च रोकने के लिए संसद मार्ग पर पीटीआई बिल्डिंग के सामने बैरिकेड लगा रहे थे। पुलिस द्वारा रोके जाने पर विपक्षी सांसद सड़क पर ही बैठ गए और 'वोट चोरी बंद करो', 'तानाशाही नहीं चलेगी', 'मोदी सरकार हाय-हाय' जैसे नारे लगाने लगे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पुलिस के रोके जाने के बाद बैरीकेड फांदकर दूसरी तरफ चले गए। उन्होंने कहा, हम वोट बचाने के लिए बैरिकेड फांद रहे हैं। जिन लोगों ने वोट काटे हैं, उनके खिलाफ चुनाव आयोग को कार्रवाई करनी चाहिए। 18 हजार वोटों को मतदाता सूची से हटाया था, जिनकी सूची मैंने खुद दी है। आयोग ने हलफनामा मांगा, हमने दे दिया। हर किसी को मतदान करने का अवसर मिलना चाहिए। उधर, पुलिस अधिकारियों को लाउड स्पीकर पर सांसदों को रोकने के संबंध में घोषणा करते सुना गया। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा और सागरिका घोष, कांग्रेस सांसद ज्योतिमणि और संजना जाटव पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड पर खड़ी हो गईं और उन्होंने सरकार के खिलाफ नारे लगाए। इन चारों महिला सांसदों ने साड़ी पहन रखी थी। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह भी मार्च का हिस्सा बने। आप ने हाल में 'इंडिया' गठबंधन से अलग होने की घोषणा की थी। सांसदों ने सिर पर सफेद रंग की टोपी पहन रखी थी जिस पर 'एसआईआर' और 'वोट चोरी' लिखा था तथा उन पर लाल रंग के क्रॉस का निशान भी था। राहुल गांधी नारेबाजी कर रहे सांसदों को पानी की बोतल वितरित करते हुए देखे गए। करीब आधे घंटे तक नारेबाजी के बाद विपक्षी नेताओं को बसों से संसद मार्ग थाने ले जाया गया और बाद में उन्हें छोड़ दिया गया मार्च शुरू होने से पहले दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि किसी ने भी इस प्रदर्शन के लिए अनुमति नहीं मांगी थी। राहुल गांधी द्वारा मतदाता सूची में कथित धांधली का आरोप लगाए जाने और इस संबंध में कुछ खुलासे करने का दावा किए जाने के बाद विपक्षी दलों का यह पहला विरोध प्रदर्शन है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बेंगलुरु के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र के आंकड़े सामने रखते हुए सात अगस्त को आरोप लगाया था कि मतदाता सूची में हेरफेर करके 'वोट चोरी' का मॉडल भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए लागू किया गया है। उन्होंने दिल्ली में संवाददाताओं के समक्ष महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सूची के आंकड़े प्रस्तुत किए थे। राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में 1,00,250 मतों की चोरी की गई जबकि यह सीट पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 32,707 मतों के अंतर से जीती थी।

### कट्टा अड़ाकर कार...

जैन के साथ लूट के शिकार हुए हैं। चिराग ने पुलिस को बताया कि वह घर से रकम लेकर बैंक जमा करने जा रहा था। इस दौरान कांपा रेलवे क्रासिंग के पास बगैर नंबर प्लेट की पल्सर बाइक में तीन लड़के आए। रोड खराब होने की वजह से चिराग कार धीरे चला रहे थे। कारोबारी के पास पहुंचे एक लड़के ने कार का शीशा खटखटाकर खुलवाया। शीशा खोलने पर उस लड़के ने चिराग पर कट्टा तान दिया। कट्टा अड़ाने के बाद बदमाशों ने कारोबारी से कार का दरवाजा खुलवाया। दरवाजा खुलने के बाद कार में दो बदमाश सवार हो गए। **एक बदमाश बाइक से कार का पीछा करते पहुंचा** -कारोबारी के अनुसार जो दो बदमाश उसकी कार पर सवार हुए थे, उनका एक साथी दोपहिया लेकर कार का पीछा करते हुए आया। कारोबारी को लूटने के बाद बदमाश उसी बाइक से भागे। बदमाश कारोबारी को जिस मार्ग से ले गए थे, उसी मार्ग से भागे हैं। कारोबारी के साथ जहां लूट हुई है, वह पूरी तरह से सूनसान इलाका है। दिन के समय भी वहां लोगों की आवाजाही नहीं के बराबर रहती है। साथ ही घटनास्थल से लेकर कारोबारी के साथ जहां लूट हुई है, उस मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे नहीं हैं। इस वजह से पुलिस को बदमाशों की पतासाजी करने में परेशानी हो रही है। **पहले से रैकी कर की वारदात** -वारदात के तरीके को देखते हुए पुलिस को आशंका है कि कारोबारी से लूट करने वाले बदमाशों ने पहले आसपास के एरिया की अच्छे से रैकी की होगी। इसके बाद लूट की घटना की होगी। बदमाशों की पतासाजी करने पुलिस कारोबारी के घर से निकलने से लेकर घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है। सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल करने अलग से टैक्निकल टीम लगाई है। **तीन से चार दिन की बिक्री की रकम** -कारोबारी ने जैसा पुलिस को बताया है, उनकी दुकान में बिक्री की तीन से चार दिन की रकम को वह शनिवार को अपने ऑफिस देवेंद्र नगर से अपने घर ले गए थे। बैंक खुलने पर उसी पैसे को वह बैंक में जमा करने घर से निकले थे। अब पुलिस इस बात की पड़ताल कर रही है कि कारोबारी के पास इतनी बड़ी रकम होने की गोपनीय जानकारी बदमाशों तक कैसे पहुंची। बहरहाल पुलिस कारोबारी के बयान के आधार पर लूट का अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### बैंक से 18 मिनट...

जबलपुर रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक अतुल सिंह ने बताया, ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक' की गणना के अनुसार, लुटेरों ने 10 किलोग्राम सोना (लगभग 10 करोड़ रुपए) और पांच लाख रुपए नकद लूट लिए। मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया, बैंक की शाखा में कोई सुरक्षा गार्ड नहीं था। घटना के समय वहां छह कर्मचारी थे। लुटेरे सुबह 8.50 बजे इसमें घुसे और करीब 9.08 बजे बाहर आए। वे मोटरसाइकिल पर भाग गए। हमने सीसीटीवी कैमरे खंगाले हैं। उनके हाथ में हथियार नहीं थे। लुटेरों में से एक ने अपनी बेल्ट के नीचे एक बन्दूक लगा रखी थी। **घटना के 45 मिनट बाद पुलिस को दी सूचना** -कर्मचारियों ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा के बाद घटना के 45 मिनट बाद पुलिस को सूचित किया। अगर उन्होंने हमें समय पर सूचित किया होता तो लुटेरे पकड़े गए होते। आरोपियों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि बैंक खुलने का समय सामान्यत पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे होता है, लेकिन त्योहार की वजह से शाखा को सुबह आठ बजे ही खोल दिया गया। **विशेष टीम की तलाश शुरू** -पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए विशेष टीम का गठन किया है। बैंक कर्मचारियों द्वारा लूटे गए सोने और नकदी का सटीक आंकलन किया जा रहा है। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है और लोग दिनदहाड़े हुई इस वारदात से स्तब्ध हैं।

### आवारा कुत्तों को...

डालेगा, तो उसके खिलाफ अदालत अवमानना की कार्यवाही शुरू करेगी। पीठ ने कहा, यदि कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों को उठाने और उन्हें पकड़ने के काम में बाधा डालता है और इसकी सूचना हमें दी जाती है, तो हम ऐसी किसी भी बाधा के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। पीठ ने कहा कि क्या पशु कार्यकर्ता और 'कथित पशु प्रेमी' उन बच्चों को वापस ला पाएंगे जो रेबीज का शिकार हो गए। इसने कहा, 'क्या वे उन बच्चों की जिंदगी वापस ला पाएंगे? जब स्थिति की मांग होती है, तो आपको कार्रवाई करनी ही होती है। मामले पर अगली सुनवाई के लिए छह सप्ताह बाद की तारीख तय की। सुप्रीम कोर्ट 28 जुलाई को स्वतः संज्ञान में लिये गए उस मामले की सुनवाई कर रहा था, जो राष्ट्रीय राजधानी में आवारा कुत्तों के काटने से रेबीज फैलने को लेकर था। शीर्ष अदालत ने सोमवार को दिल्ली सरकार और गुरुग्राम, नोएडा एवं गाजियाबाद के नगर निकायों को सभी आवारा कुत्तों को पकड़कर आश्रय स्थलों में रखने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि कुत्तों के लिए आश्रय स्थलों में पर्याप्त कर्मचारी हों, जो कुत्तों के बधियाकरण और टीकाकरण के साथ-साथ उनकी देखभाल भी करें। इन केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी होगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी कुत्ता न तो छोड़ा जाए या बाहर ले जाया जाए। कोर्ट ने कहा कि चूंकि यह एक 'क्रमिक प्रक्रिया' है, तो भविष्य में आश्रय स्थलों की संख्या बढ़ाने का सुझाव दिया जाता है। पीठ ने कहा कि फिलहाल, अधिकारियों को 5,000 कुत्तों के लिए छह से आठ हफ्तों में आश्रय स्थल बनाने से शुरुआत करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अधिकारी 'जल्द से जल्द सभी इलाकों, विशेष रूप से शहर के संवेदनशील क्षेत्रों और बाहरी हिस्सों से आवारा कुत्तों को पकड़ना शुरू करें। पीठ ने कहा, 'यह कैसे करना है, यह अधिकारियों को देखना है। इसके लिए यदि उन्हें एक बल बनाना पड़े तो वे इसे जल्द से जल्द करें। पीठ ने जोर देकर कहा कि शहर और बाहरी इलाकों को आवारा कुत्तों से मुक्त करना 'सबसे पहला और प्रमुख' कार्य है। इस बीच, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से अनुरोध किया कि नोएडा, गुरुग्राम और गाजियाबाद के संबंधित अधिकारियों को भी अदालत के निर्देशों का पालन करने के लिए कहा जाए। पीठ ने इस सुझाव से सहमति जताई और कहा कि इस कार्य में कोई समझौता नहीं होना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि ये निर्देश केवल 'वृहद जनहित' को ध्यान में रखते हुए जारी किए जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'शिशुओं और छोटे बच्चों को किसी भी कीमत पर आवारा कुत्तों से बचाना होगा, जिनके काटने से रेबीज होता है। कार्रवाई ऐसी होनी चाहिए जिससे लोगों, चाहे वे छोटे हों या बड़े, के मन में यह विश्वास पैदा हो कि वे सड़कों पर आवारा कुत्तों के काटने के डर के बिना घूम सकते हैं। शीर्ष अदालत ने इस प्रक्रिया में किसी भी भावनात्मक हस्तक्षेप से बचने की सलाह दी। **हेल्पलाइन बनाने के निर्देश** -अधिकारियों को एक हफ्ते के भीतर कुत्ते के काटने की घटनाओं की तत्काल सूचना देने के लिए एक हेल्पलाइन बनाने और शिकायत मिलने के चार घंटे के भीतर कुत्ते को पकड़ने का निर्देश दिया गया। प्राधिकारियों को पीड़ितों को तुरंत चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराने के बारे में जानकारी देने के लिए भी निर्देश दिया गया। कोर्ट ने कहा, रेबीज वैक्सीन की उपलब्धता, खासकर असली वैक्सीन, एक बड़ी चिंता है। संबंधित अधिकारी, विशेषकर दिल्ली सरकार को यह विस्तृत जानकारी सार्वजनिक करनी होगी कि कहां-कहां वैक्सीन उपलब्ध है, कितना भंडार है और हर महीने कितने लोग इलाज के लिए आते हैं।

### पीएम सूर्य घर योजना,...

बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर इनको योजना से अलग भी किया जा सकता है। प्रदेश सरकार ने बिजली बिल हॉफ से मुफ्त बिजली के नारे के साथ पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की तरफ गंभीरता से ध्यान दिया है। इसके लिए पॉवर कंपनी को गंभीरता से काम करने की हिदायत दी गई है। इसके बाद से लगातार पॉवर कंपनी जहां प्रदेश भर में शिविर लगाकर आवेदन ले रही है, वहीं अब सोलर पैनल लगाने वाले वेंडरों पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

### ट्रस्ट को गुमनाम ...

रूप से व्यक्त करेंगे। सरकार ने गत 13 फरवरी को लोकसभा में आयकर विधेयक, 2025 पेश किया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बैजयंत पांडा की अध्यक्षता वाली प्रवर समिति ने इसमें कुछ बदलाव की सिफारिश की थी। उक्त विधेयक को शुक्रवार को सदन में वापस ले लिया गया। प्रवर समिति ने सुझाव दिया था कि सरकार को उन लोगों के लिए टीडीएस दावों से संबंधित प्रावधानों में बदलाव करना चाहिए जो तय समयसीमा तक आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल नहीं कर पाते। संशोधित विधेयक के अनुसार, लोगों को मूल आयकर रिटर्न दाखिल करने के लिए प्रदान की गई वैधानिक समयसीमा के बाद आयकर रिटर्न दाखिल करने की स्थिति में टीडीएस रिफंड का दावा करने की अनुमति होगी। विधेयक के कथन में कहा गया है, मसौदे की प्रकृति, वाक्यांशों के संरेखण, परिणामी परिवर्तनों और परस्पर संदर्भों में सुधार किए गए हैं। इसलिए, सरकार ने प्रवर समिति की रिपोर्ट के अनुसार आयकर विधेयक, 2025 को वापस लेने का निर्णय लिया। परिणामस्वरूप, आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेने के लिए आयकर (संख्यांक 2) विधेयक, 2025 तैयार किया गया है।

### यूपी से आकर दबंगों...

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के सनावल थाना अंतर्गत ग्राम तालकेश्वरपुर में वन विभाग और राजस्व की भूमि मौजूद है और उक्त भूमि पर गांव के आदिवासी समाज के लोगों का वर्षों से कब्जा है। ग्रामीण वर्षों से भूमि पर खेती किसानी करते आ रहे है। हालांकि कुछ वन भूमि को वन विभाग ने कब्जा मुक्त भी कराया है लेकिन अभी भी 50 एकड़ से अधिक भूमि पर कब्जा है। वहीं अब उक्त भूमि पर अब यूपी के लोगों की नजर पड़ गई है। ग्रामीण जय सिंह ने बताया कि यूपी बभनी सागोबान निवासी ग्रामीणों ने भूमि पर कब्जा करना शुरू किया था जिसे लेकर विवाद चल रहा था। ग्रामीणों का कहना था कि यह छत्तीसगढ़ की जमीन है और वे यूपी से आकर इसपर कैसे कब्जा कर सकते है। सोमवार को इसी विवाद के बीच तालकेश्वरपुर निवासी विजय सिंह, विद्या सागर सिंह व शंकर प्रसाद अपना खेत देखने गए हुए थे। इसी दौरान यूपी से लगभग 20 से 25 की संख्या में लाठी डंडे व टांगी से लैस लोग पहुंच गए और तीनों ग्रामीणों के साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान ग्रामीणों ग्रामीणों को टांगी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। ग्रामीण घटना स्थल पर ही बेहोश हो गए थे। इधर ग्रामीणों को जब इस बात की जानकारी हुई तो वे भी मौके पर पहुंचे लेकिन पूर्व में छत्तीसगढ़ के ग्रामीणों की संख्या कम थी ऐसे में उन्होंने बाकी ग्रामीणों की भी पिटाई कर दी। वहीं जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचते हमलावर पांगन नदी को पार कर यूपी भाग निकले।

### किया गया रिफर...

खिलाफ सनावल थाने में शिकायत की है। थाना प्रभारी सनावल गजपति मिर्रे ने बताया कि घटना की शिकायत मिली है। इस मामले में अपराध दर्ज किया जा रहा है।

### एअर इंडिया का...

तिरुवनंतपुरम से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई2455 को रविवार शाम तकनीकी खराबी के कारण चेन्नई भेजा गया। वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, त्रिवेंद्रम से दिल्ली जा रही एअर इंडिया की उड़ान एआई 2455 आज एक त्रासदी के बेहद करीब पहुंच गयी, जिसमें मैं, कई सांसद और सैकड़ों यात्री सवार थे। उन्होंने कहा, प्रस्थान में देरी के साथ शुरू हुई यह यात्रा एक भयावह अनुभव में बदल गयी। उड़ान भरने के तुरंत बाद हमें अभूतपूर्व टर्बुलेंस (हवा की गति में परिवर्तन होने के कारण विमान को झटके लगना) का सामना करना पड़ा। करीब एक घंटे बाद कैप्टन ने उड़ान सिग्नल में खराबी की घोषणा की और विमान को चेन्नई ले जाया गया। कांग्रेस नेता ने कहा, लगभग दो घंटे तक उतरने की अनुमति का इंतजार करते हुए हम हवाई अड्डे के ऊपर चक्कर लगाते रहे और उसके बाद जब पहली बार हवाई अड्डे पर उतरने की कोशिश की गयी तो एक दिल दहला देने वाला क्षण आया तथा बताया गया कि एक और विमान रनवे पर मौजूद है। क्षण भर में कैप्टन की सूझबूझ से विमान ने ऊपर उड़ान भर ली और सभी की जान बचा ली। दूसरे प्रयास में विमान सुरक्षित उतरा।

### पूर्व सीएम भूपेश ...

को चुनौती देने वाली छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की याचिका पर विचार करने से इंकार कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने पीएमएलए की धारा 44 की संवैधानिक वैधता की समीक्षा करने से इनकार करते हुए कहा कि सत्य की खोज में सबूतों को उजागर करने पर प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता। धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों को पूरक आरोपपत्र दायर करने का अधिकार देता है। शीर्ष अदालत ने हालांकि कहा कि अगर बघेल को लगता है कि छत्तीसगढ़ में कई मामलों की जांच कर रहे ईडी अधिकारी शीर्ष अदालत के 2022 के फैसले में निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं कर रहे हैं तो वह उच्च न्यायालय का रुख कर सकते हैं। न्यायमूर्ति बागची ने ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू से कहा कि 1898 में दंड प्रक्रिया संहिता के मूल स्वरूप में आगे की जांच की परिकल्पना नहीं की गई थी, बल्कि अंतरिम पुलिस रिपोर्ट की बाध्यता से निपटने के लिए 1973 में इसकी परिकल्पना की गई। न्यायमूर्ति बागची ने राजू से कहा, 'ख़राबी कानून में नहीं है। मुश्किल इसके दुरुपयोग में है। नयी संहिता (1973) में संशोधन को बीएनएसएस में भी लागू किया गया है। न्यायिक निगरानी की जरूरत इसलिए आ रही है क्योंकि सीआरपीसी की धारा 173(8) यह सुनिश्चित करने के लिए लाई गई थी कि जांच एक अंतिम रिपोर्ट या पुलिस रिपोर्ट के साथ समाप्त हो। इस अंतरिम पुलिस रिपोर्ट की कभी कल्पना भी नहीं की गई थी। अंतरिम पुलिस रिपोर्ट के दुरुपयोग से बचने के लिए सीआरपीसी की धारा 173(8) लाई गई। अब हो यह रहा है कि यह दुरुपयोग को रोक नहीं पा रही है। इस दुरुपयोग को देखा जाना चाहिए।पीठ ने बघेल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से कहा कि ईडी द्वारा पूरक आरोपपत्र दाखिल किए जाने में कुछ भी अवैध या गलत नहीं है, क्योंकि आगे की जांच से आरोपियों को भी मदद मिल सकती है। इसने कहा, तो आपका मामला यह है कि प्रावधान का दुरुपयोग किया जा रहा है। शक्ति का यह अर्थ नहीं लगाया जाना चाहिए कि आप अनधिकृत कार्रवाई में लिप्त होंगे। यदि शक्ति का प्रयोग कानून या प्रावधान के तहत सख्ती से किया जाता है, तो यह आरोपी के पक्ष में भी हो सकता है, आरोपी निर्दोष है या नहीं, यह पता लगाने के लिए शिकायत की आगे जांच क्यों नहीं की जा सकती? पीठ ने सिब्बल से कहा, यह कोई अपराध में संलिप्तता इंगित करने वाला तथ्य हो सकता है या कोई दोषमुक्त करने वाला तथ्य भी हो सकता है। अगर आप देखें तो इस तरह से जांच का किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने या पुलिस रिपोर्ट दर्ज न करने से कोई लेना-देना नहीं है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि कानून वास्तव में कहता है कि यह जांच एजेंसियों को न्याय के लिए तथ्य सामने लाने और सच्चाई को उजागर करने के लिए कोई शक्ति प्रदान नहीं कर रहा है, बल्कि एक अवशिष्ट शक्ति को मान्यता दे रहा है।

### कथित शराब ...

मामलों की जांच कर रही हैं, जो कथित तौर पर भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान हुए थे। जुलाई में, चैतन्य को कथित छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया गया था।

### पाक की परमाणु युद्ध...

है कि ऐसे बयान भारत के एक मित्र (अमेरिका) देश की धरती से दिए गए हैं। बताते चलें कि पाक सेनाप्रमुख की परमाणु युद्ध की ये धमकी एक ऐसे चिंताजनक वैश्विक माहौल में सामने आयी है। जब दुनिया के कुछ भागों में पहले से जारी युद्ध की वजह से अस्थिरता बनी हुई है। वहीं, उनके अपने देश के पश्चिमी सीमा पर भारत के साथ तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं। मुनीर अमेरिका की सेना के जनरल और यूनाइटेड स्टेट्स सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के कमांडर माइकल कुरिला के विदाई समारोह में भाग लेने के लिए अमेरिका की यात्रा पर हैं। बीते लगभग दो महीने में पाक सेनाप्रमुख की अमेरिका की यह दूसरी यात्रा है।

### हम डूबे तो आधी...

सिंधु नदी पर बांध बनाने का इंतजार करेंगे। जब वो ऐसा करेगा तो हम उसे अपनी 10 मिसाइलों से हमला कर नष्ट कर देंगे। सिंधु नदी भारतीयों की पारिवारिक संपत्ति नहीं है और पाकिस्तान के पास मिसाइलों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने भारत पर आरोप लगाते हुए कहा कि भारत के इस कदम से 25 करोड़ लोगों के सामने भुखमरी का खतरा पैदा हो सकता है। भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम को लेकर आसिम मुनीर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी रणनीति की वजह से यह युद्ध टला।

### पैर फिसला और ...

पालतू कुत्ते के सिवाय दूसरा कोई मौजूद नहीं था। घटना के बाद बेजुबान बार-बार पानी के अंदर बाहर हो रहा था। रात आठ बजे जब आसपास के ग्रामीणों ने कुत्ते की इस हरकत को देखा तो उन्हें आश्चर्य हुआ। जब वे नजदीक गए तो उन्हें बाइक, कपड़े, मोबाइल और जोड़ी चप्पल दिखी। इसके बाद ग्रामीणों ने कुत्ते की गतिविधि और सामान की सूचना डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने मोबाइल और बाइक नंबर से उसके मालिक के बारे में पता किया तो उसकी शिनाख्ती कबीर नगर निवासी आलोक सिंह के रूप में हुई।

सभी प्रकार की एलर्जी
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
24 घंटे आपात चिकित्सा
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति विहार चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग
• Hearing Aids सुनाई मशीन
• Dental/ दंत रोग
• मुख के कैंसर प्लास्टिक सर्जरी
• चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते है तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें

असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** ब्यूटी पार्लर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़की/ महिला ब्यूटीशियन की आवश्यकता है। वेतन 6000 से शुरू पता बबली ब्यूटी पार्लर दिल्ली आईएएस कोचिंग के पास मुंगेली रोड, बिलासपुर मो. 9630917372 (38428)

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर शिक्षक, सर्वेयर, फण्डामेटल, टायपिंग, वर्ड एक्सल, पावर पाईंट, पेजमेकर, कोरल ड्रा, फोटोशॉप, इंटरनेट, जीएसटी, टैली वेतन 25000 फोन ना करें स्वयं आकर मिलें। अटल चौक बहतराई बिलासपुर मो. 6262354545 (38429)

**आवश्यकता है-** पार्सल डिलवरी करने हेतु लड़कों की जरूरत है तथा मेडिकल में कार्य हेतु लड़के की जरूरत है मो. 8319774327, 7489874508 (38426)

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती एवं योग्य लड़के/लड़की की आवश्यकता है, कम से कम 10/12वीं पास संपर्क करें:- मो.. 8718888555, वाट्सएप- 9827101976 (38422)

**आवश्यकता है-** घरेलू कार्य हेतु एक लड़की/ महिला की आवश्यकता है कार्य समय सुबह 9बजे से शाम 6:30 बजे तक सम्पर्क करें- शिव मंदिर के पास, विद्या नगर, बिलासपुर 9685901101, 7000953447 (38423)

**आवश्यकता है-** फाइनेन्स कम्पनी में सेल्स मैनेजर की आवश्यकता है योग्यता स्नातक, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्रीराम टॉवर के पास, व्यापार विहार बिलासपुर 7879923905, 9977089866 (38416)

आवश्यकता है
डॉक्टर (MBBS)
नर्सिंग स्टॉफ (B.SC/GN)
काउन्टर स्टॉफ
आया बाई (हॉस्पिटल एवं घरेलू कार्य हेतु)
सम्पर्क करें- सुबह 11 से 01 बजे तक
अग्रवाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल
मगरपारा रोड, बिलासपुर
07752-226296,402543

**आवश्यकता है-** सुर्या बार में कैप्टन, वेटर और गार्ड की आवश्यकता है अनुभव वाले सम्पर्क करें पुराना बस स्टैंड बिलासपुर सुर्या बार मोबाइल नम्बर 9755001888 (38421)

**आवश्यकता है-** आरवन सिक्यूरिटी में हाउस कीपिंग, सिक्योरिटी गार्ड, फिल्ड ऑफिसर, गार्ड सुपरवाइजर की शीघ्र आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- बजरंग कॉम्प्लेक्स पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 7696644151, 9244922374 (38415)

**आवश्यकता है-** सूटकेस दुकान में कार्य करने हेतु लड़के चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार समय (10am to 10pm) (2pm to 10pm) पता- बालाजी बैग हाउस, टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर 9827955578 (38442)

आपके सपनों का आशियाना
जल्द होगा आपका...
पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड
सब कुछ है यहां

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** रियल स्टेट TNC प्रोजेक्ट के मार्केटिंग+ टेलिकॉलिंग+ सेल्स कार्य हेतु 20पद शिक्षित युवक/युवतियां चाहिए। आकर्षक वेतन+ कमीशन योग्यतानुसार आधार कार्ड सहित दिनांक 18/04/2025 प्रातः 11 से 4 तक सम्पर्क- एफिनिटी ग्रोथ मार्केटिंग सॉल्यूशन 8982284910 स्काई टावर फर्स्ट फ्लोर गोविंदम पैलेस के सामने रिंग रोड-2, बिलासपुर (38434)

**आवश्यकता है-** फुल टाइम एकाउंटेंट युवक चाहिए। जिसे Tally Prime में कार्य एवं einvoice, eway bill बनाने का अनुभव हो सम्पर्क करें- अविनाश मोदी पी-2, संजय अपार्टमेन्ट, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर 9179991222 (517)

**आवश्यकता है-**Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घर बैठे पार्ट/ फुल टाईम SMS जॉब करके लड़के, लड़कियां, गृहणियां कमाए 15000- 45000 महिना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Call/ Whats App/ SMS करें- 9798472261 (1092)

**आवश्यकता है-** ज्वेलरी शॉप में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़की की आवश्यकता है। योग्य, अनुभवी को प्राथमिकता। बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- शाह जेठालाल जादव जी ज्वैलर्स सिम्स चौक सदर बाजार बिलासपुर 9111888556 (38444)

**आवश्यकता है-** 6वर्ष, 8वर्ष के बच्चों को घर आकर पढ़ाने हेतु फुल टाइम के लिए एक फ्रेशर युवती चाहिए, अधिकतम आयु 22वर्ष, शिक्षा 12 पास, वेतन 6000 से 8000 सम्पर्क करें- 7587259141 (38443)

**आवश्यकता है-** इंदौर भोपाल में ऑफिस कार्य हेतु 18-30 वर्ष, 10th 12th , ग्रेजुएट लड़के चाहिए। वेतन 11000 + कमीशन बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें- 7415455110 9589217914 (367)

**आवश्यकता है-** आर्टिफिशियल ज्वेलरी शॉप हेतु लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है। सम्पर्क- संध्या ज्वेलरी एण्ड कॉस्मेटिक श्रीराम क्लॉथ मार्केट पानी टंकी के पास अग्रसेन चौक बिलासपुर 9691083080, 7987423847 (38433)

**आवश्यकता है-** साड़ी शोरुम में काम करने हेतु अनुभवी सेल्समैन, सेल्सगर्ल की आवश्यकता है। अनुभवी ही सम्पूर्ण विवरण सहित सम्पर्क करें- कोसा क्रियेशन, जूनी लाइन, बिलासपुर (वेतन योग्यता अनुसार 6000 से 9000 प्रतिमाह) (38430)

**आवश्यकता है-** UTN शॉप में सर्व कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है मासिक वेतन 10000 से 15000 पता- शॉप नं-16 प्रथम तल सीएलसी. प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 7806007192, 7999594790 (38441)

**आवश्यकता है-** (M/F) सेल्स मैनेजर ,सेल्स मेन, हेल्पर (समय 10 से 8) सैलरी 8000 से 15000 सम्पर्क करें- Farmers Pride Organic Store, उसलापुर नेचर सिटी गेट से 200मी सकरी रोड 9179294949, 7389938413 (38434)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** किराना दुकान में काम करने के लिये कर्मचारी की आवश्यकता है। (पुरुष/ महिला) वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- किशनचंद किराना (करबला बिलासपुर) 8817018694 (38440)

**आवश्यकता है-** कार चलाने के लिए अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- आकाश इन्टरप्राइजेज व्यापार विहार बिलासपुर 9993235631 (38432)

**आवश्यकता है-** साड़ी, रेडीमेड दुकान में कार्य करने हेतु लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता आनुसार सम्पर्क करें- शिव क्लॉथ स्टोर बिलासा चौक शनिचरी बाजार बिलासपुर 9827916580, 9827887934 (38439)

**आवश्यकता है-** मेडिकल बिलिंग कार्य हेतु अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर युवक/ युवती एवं गोडाउन कार्य हेतु ग्रेजुएट अनुभवी युवक की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- मालिकराम मेडिकल एजेंसी बिलासपुर (38438)

**आवश्यकता है-** ऑफिस में कार्य हेतु लड़के/ लड़कियों एवं हॉटल साइड हेतु सुपरवाइजर जिसे सिविल कार्य का अनुभव हो व चौकीदार की आवश्यकता है, संपर्क - राजेश गुप्ता, मंगला रोड, सेंट पेलोटी के सामने बिलासपुर 7697041000 (38445)

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित संस्थान के डायरेक्टर आवास में मेंटेनेंस/ ऑफिस संबधित कार्यो हेतु सुपरवाईजर/ केयर टेकर की आवश्यकता है योग्यता- 12वीं, स्वयं की बाइक, वेतन- योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9519468455 (38437)

**आवश्यकता है-** ज्वैलर्स शॉप में कार्य करने हेतु सेल्सगर्ल की आवश्यकता है सम्पर्क करें- छेदीलाल मोतीलाल ज्वैलर्स, सदर बाजार, बिलासपुर 9827181112, 9981740000 (38436)

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रॉनिक, फर्नीचर शोरूम में काम करने हेतु सेल्समैन लड़कों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सुधा सेल्स, सत्या शोरूम के बाजू में, नूतन चौक, सरकण्डा, बिलासपुर 9827497999 (38431)

**आवश्यकता है-** लिमिटेड कंपनी को जरूरी अनपढ़ से 12-वी पास लड़कों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, सिक्योरिटी, सैलरी 28500/- से 45500/- ( रहना+खाना फ्री पक्की नौकरी) 09211591851 (1099)

**आवश्यकता है-** होटल में कार्य महिला/ पुरुष पोस्ट - कुक/ शेफ, किचन स्टाफ, सुपरवाइजर, रेस्टोरेंट मैनेजर , रिसेप्शनिस्ट कार्य जानकार को प्राथमिकता। संपर्क -होटल अपना केसरी होटल शिव-प्रभा, पावर हाऊस भिलाई, मो.-98932-15251,89669-81590 (795)

**आवश्यकता है-** ऑफिस में कार्य हेतु युवतियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 से 20000 समय सुबह 10 से 5:30 तक सम्पर्क करें- श्रीराम केयर हॉस्पिटल के पीछे गीतांजलि विहार बिलासपुर 6268331784 (6780)

**आवश्यकता है-** रायपुर एवं रायगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु 8,10 पास, हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले वेतन 14500 से 18000 रहना फ्री+ PF + ESIC + खाने की सुविधा. Mo. 9201958117, 9201958114 (6764)

**आवश्यकता है-** रूमसर्विस हेतु अनुभवी वेटर्स एवं कुक की आवश्यकता है संपर्क करें सुबह 9 से 11 तक हॉटल शिवनेरी लिंकरोड बिलासपुर (38417)

**आवश्यकता है-** अतुल आटो तिफरा में निम्न पदों की आवश्यकता है सर्विस सुपरवाइजर- 2, ड्राइवर- 2, मैकेनिक- 5, हेल्पर- 5 अनुभवी ही सम्पर्क करें- 9303555032 (38419)

## बेचना

**बेचना है-** रायपुर रोड में बिलासपुर हाईकोर्ट के सामने, एयरपोर्ट रोड, मेन रोड से 50मी. अन्दर 50×200 वर्गफीट, व्यावसायिक, डायवर्सन, बाउन्ड्रीवाल, कार शोरूम, आटोमोबाईल, होटल एवं अन्य व्यावसायिक उपयोग हेतु उपयुक्त प्लाट बेचना है। सम्पर्क करें-9300310774 (38390)

## खरीदना

**खरीदना-** बिलासपुर से अधिकतम 15 कि.मी. की दूरी पर मेन रोड से लगी हुई कृषि भूमि खरीदना है। कृपया भूमि स्वामी ही सम्पर्क करें- 8349054531 (38365)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

## किराया

**किराया-** विनोबा नगर गायत्री मंदिर के पास 2000 वर्गफीट में बना हुआ 2BHK प्रथम तल फूल फर्निश्ड, पार्किंग व सर्वसुविधायुक्त बंगला किराए से देना है संपर्क - 9827158359 (38424)

## कृषि उपकरण

**कृषि उपकरण-**सबसे कम दामों में ट्राली, टेंकर, हाइड्रोलिक ट्राली मल्टीक्रॉप थ्रेसर, कल्टीवेटर, केजव्हील, कोपर, दतारी, लेबलर सभी कृषि उपकरण, रिपेयरिंग, पेन्टिग एक्सचेन्ज हेतु सुविधा- किसान एग्रो गतौरी रतनपुर रोड 9827683510, 9827892413 (38268)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

आपके सपनों का आशियाना
जल्द होगा आपका...
पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड
सब कुछ है यहां

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/ Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sqcm |
| Bhilai+Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sqcm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sqcm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sqcm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sqcm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sqcm |
| All CG+MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sqcm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sqcm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
COLOUR 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15% extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100 Rs. EXTRA.

ADVT. Booking Time 10.30 am to 4.00 pm.
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500/- 1 Sunday | 800/- 1 Sunday |
| 900/- 2 Sunday | 1200/- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| HEALTH CARE | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

## श्री डी. के सोनी

**छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष** - हिल द वर्ल्ड फाउंडेशन, दिल्ली
**छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष** - राष्ट्रीय मानव अधिकार संसाधन विकास संस्था, नागपुर
**छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष** - अखिल भारतीय स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन
**अध्यक्ष** - सरगुजा सोसाइटी फॉर जस्टिस, अम्बिकापुर
**संरक्षक** - सरगुजा सीने आर्ट एसोसिएशन, अम्बिकापुर
**सदस्य** - नेशनल फेडरेशन ऑफ़ सोसाइटी फॉर फ़ास्ट जस्टिस, दिल्ली
**सदस्य** - सरगुजा स्वर्णकार समाज

### पारिवारिक जानकारी

पिता: **स्व. रामजी प्रसाद सोनी**
माता: **श्रीमती किरोधा देवी**
पत्नी: **श्रीमती रजनी सोनी**
जन्मदिन: **12 अगस्त 1976**
शिक्षा: **बीए, एलएलबी, पी.एच.डी. डॉक्टर ऑफ फिलोस्पी**
कार्यक्षेत्र: **सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ वकालत, सामाजिक और आरटीआई कार्यकर्ता।**

पुत्र: **स्पर्श सर्राफ**
इंटरनेशनल स्पीड बॉल खिलाड़ी हैं जो कई मेडल जीतकर सरगुजा सहित छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किये हैं।

पुत्र: **शौर्य सर्राफ**
फेंसिंग (तलवारबाजी) का नेशनल खिलाड़ी हैं जिनके द्वारा भी कई मेडल जीतकर सरगुजा का नाम रोशन किया गया है।
शौर्य सर्राफ का जन्मदिन 13 अगस्त को है।

DK MOVIE COMING SOON

# भ्रष्टाचार के विरूद्ध एक पहचान

एक शख्स जिसने भ्रष्टाचार को रोकने आवाज़ उठाई, एक शख्स जिसने गांव की गलियों से लेकर सरकारी दफ्तरों और न्यायालय तक भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी, कोई इन्हें आरटीआई एक्टिविस्ट के नाम से जानता है तो कोई इन्हें समाजसेवी कहता है। कई नामों से जाने जानेवाले इस शख्स ने भ्रष्टाचार के खिलाफ ऐसी लड़ाई लड़ी है कि लाखों रुपये का अर्थदंड भ्रष्टाचारियों को भरना पड़ा है। लोगों को मनरेगा की लंबित मजदूरी से लेकर ठेकेदारों द्वारा रोके गये रकम तक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस नेक कार्य के लिए इन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित भी किया गया है। इस शख्स ने अपनी एक अलग पहचान प्रदेश में कायम की है। पेशे से अधिवक्ता और अम्बिकापुर निवासी दिनेश सोनी अर्थात डी के सोनी से कौन वाकिफ नहीं है। जिनके नाम से ही भ्रष्टाचारियों कि नींद हराम हो जाती है।



डीके सोनी जो की छत्तीसगढ़ के आदिवासी बाहुल्य जिले सरगुजा के अंबिकापुर में रहते हैं और वकालत के साथ-साथ आरटीआई कानून के माध्यम से आदिवासियों के हित के मुद्दो को हमेशा उठाया है, भ्रष्ट अधिकारियों और राजनेता के विरुद्ध कई मामलों में कार्यवाही कराते देखे गए हैं। मनरेगा योजना में लगभग 5 करोड़ से ज्यादा की रिकवरी अधिकारियों से इन्होंने कराई है। सड़क, स्कूल, बिजली, पानी जैसे बुनियादी सुविधाओं सहित अन्य योजनाओं व भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा अपनी आवाज बुलंद करते रहे हैं। इस के आलावा ग्राम न्यायालय की स्थापना कराने और घर पर न्याय की परिकल्पना को पूरा कराने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका भी लगाई है, इसके अलावा सरगुजा के घने जंगलों जिसमे हसदेव अरण्य आता है उसे कोल उत्खनन के लिए काटने की अनुमति दे दी गई जिसको लेकर इन्होंने सुप्रीम कोर्ट में राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के खिलाफ भी जनहित याचिका लगाया है। जल, जंगल और आदिवासियों की जमीन को बचाने की दिशा में ये एक महत्वपूर्ण कदम है। इसी तरह समय समय पर और भी जनहित के कार्यों में खेल संघों को आगे बढ़ाने में इनकी विशेष रुचि है। छत्तीसगढ़ राज्य के सुदूर वनांचल क्षेत्र अंबिकापुर से आने वाले आरटीआई एक्टिविस्ट डी. के सोनी जी जो पेशे से अधिवक्ता भी हैं उनके द्वारा हमेशा से भ्रष्टाचार, न्याय में देरी एवं विभिन्न क्षेत्र में समाज सेवा हेतु अ नेक उत्कृष्ट कार्य किए गए हैं जिसके लिए उन्हें समय-समय पर सम्मानित भी किया गया है।

श्री डी.के सोनी आम जन के लिए न्याय व्यवस्था को सुदृढ़, सुगम और शीघ्र न्याय प्रदान करने हेतु अपनी संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से हमेशा जमीनी एवं कानूनी लड़ाई लड़ते रहे हैं इसी कड़ी में उन्होंने ग्राम न्यायालय के गठन के लिए भी एक लंबी लड़ाई जारी रखी हुई है।

सरगुजा सोसायटी फॉर फास्ट जस्टिस के अध्यक्ष, आरटीआई एक्टिविस्ट, समाजसेवी, अधिवक्ता श्री डी.के सोनी वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य में उपभोक्ता हितों के संरक्षण और पीड़ित उपभोक्ताओं को न्याय दिलाने हेतु उपभोक्ता आयोग में अध्यक्ष, सदस्य और कर्मचारियों की नियुक्ति, आधारभूत संरचनाओं के निर्माण तथा ई फाइलिंग जैसे बुनियादी व्यवस्थाओं के लिए जमीनी स्तर पर विरोध प्रदर्शन सहित आरटीआई के माध्यम से स्थिति स्पष्ट कर माननीय सर्वोच्च न्यायालय में भी इंटरविनर बनकर लड़ाई लड़ रहे हैं।

सरगुजा सोसायटी फॉर फास्ट जस्टिस के अध्यक्ष एवं आरटीआई एक्टिविस्ट श्री डी.के सोनी जी ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 एवं नियम 2020 में व्याप्त त्रुटि जैसे जिला आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों में अनुभव में अंतर को सुधार हेतु जिससे वरिष्ठ पद अध्यक्ष के लिए अधिवक्ता का केवल 7 वर्ष का अनुभव होना और कनिष्ठ पद सदस्य के लिए 15 वर्ष के अनुभव असंतुलित को सुधार करना, नियुक्तियों में राजनैतिक हस्तक्षेप पूर्णता खत्म करना, चयन समिति द्वारा चयन प्रक्रिया पूरा कर लिए जाने के बाद नियुक्ति प्रदान करने हेतु समय सीमा तय करना, अध्यक्ष पद पर नियुक्ति हेतु पूर्व सदस्यों के कार्यानुभव को भी अनुभव में शामिल करना, सुनवाई की पूरी प्रक्रिया में मध्यस्थता को शामिल करना तथा मध्यस्थता अधिनियम के अंतर्गत वर्तमान मध्यस्थता की व्यवस्था में सुधार कर कंपनियों द्वारा अपने मध्यस्थ पैनल को विवाद उत्पन्न होने वाले राज्य में होने की अनिवार्यता लागू करना जैसे कई और सुधार हेतु जमीनी और कानूनी लड़ाई के साथ साथ संबंधित विभाग, सर्वोच्च व उच्च न्यायालय, राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को भी उक्त त्रुटियों और की जाने वाली सुधारों से अवगत कराया गया है।






**स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष**
**सरगुजा सोसायटी फॉर फास्ट जस्टिस के अध्यक्ष, आरटीआई एक्टिविस्ट, समाजसेवी एवं अधिवक्ता**

# डॉ. डी.के. सोनी जी

**को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनायें**




**राकेश सोनी**
प्रदेश महासचिव
स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन (छ.ग.)



**अखिलेश सोनी**
प्रदेश कोषाध्यक्ष
स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन (छ.ग.)



**राजू सोनी**
प्रदेश संगठन मंत्री
स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन (छ.ग.)




**राजेश सोनी**
प्रदेश उपाध्यक्ष
स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन (छ.ग.)



# पिघलते ग्लेशियरों से गुजर रहा था चरवाहा तभी दिखी लाश, पता चला 28 साल है पुरानी

**करांची**। इंसान की मौत के बाद उसका शरीर तुरंत ही सड़ने लगता है। ऐसे में अगर कोई शख्स जंगल में गुम हो जाए और वहां उसकी मौत हो जाए। तो सालों बाद लाश मिलना संभव ही नहीं होता है। हां, अगर किसी का शव ऐसी जगह पर हो। जहां साल के 12 महीने बर्फ ही रहती हो, वहां भले ही शव सुरक्षित रहे। पर जहां बर्फ हर साल पिघलती हो, वहां कहीं कोई लाश सालों तक ठीक-ठाक रह जाए तो हैरानी की बात ही होगी। पाकिस्तान के रिमोट कोहिस्तान क्षेत्र में यही हुआ। एक पिघलते ग्लेशियर में 30 साल बाद नसीरुद्दीन का शव मिलने की खबर ने दुनिया को हैरान कर दिया है।




### आईडी कार्ड तक था वैसा का वैसा

खान ने बताया कि शव पूरी तरह से सुरक्षित था, उनकी कपड़े फटे नहीं थे और उनमें रखा हुआ आईडी कार्ड अब भी पहले जैसा ही था। उन्होंने बताया, जो मैंने देखा, वह अविश्वसनीय था। नसीरुद्दीन के भाई कथीरुद्दीन ने बताया कि नसीरुद्दीन उस क्षेत्र से भागे थे, क्योंकि उनका परिवार एक दुश्मन परिवार के साथ विवाद में था।

### गुफा में गुम हुए एक भाई

33 साल के नसीरुद्दीन दो बच्चों के पिता थे। जून 1997 में वे अपने भाई कथीरुद्दीन के साथ घोड़े पर सफर कर रहे थे। तभी उन्होंने गोलियों की आवाज सुनी. दोनों आदमी भाग गए, और नसीरुद्दीन स्नो-कैप्ड माउंटेंस ऑफ लेडी वैली में एक नजदीकी गुफा में दौड़ पड़े। लेकिन वे इस गुफा से कभी बाहर नहीं आए।



### 28 साल बाद मिला शव

कथीरुद्दीन ने व्यापक खोज बीन करवाई, लेकिन नसीरुद्दीन का कोई सुराग नहीं मिला। यह जानकारी परिवार ने द एक्सप्रेस ट्रिब्यून को दी। लेकिन, कहानी में हैरान करने वाला मोड़ तब आया, जब 28 साल बाद एक चरवाहे उमर खान को ग्लेशियर के अंदर नसीरुद्दीन का शव मिला।

### परिवार को मिला शव

नसीरुद्दीन को मंगलवार को दफनाया गया, अपने 20 के दशक में एक बेटे और बेटी को छोड़कर। उनके बेटे नईम ने कहा कि वे परिवार के विवाद के कारण सालों से दिन के उजाले में अपने गृहनगर में नहीं गए हैं। अब मैं अपने पिता के शव के साथ आया हूं। उन्होंने कहा, सालों बाद अपने पिता के साथ अपने मूल क्षेत्र की यात्रा का दर्द शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

### एक नई समस्या

परिवार के चल रहे विवाद के कारण नसरूद्दीन अपने भाई से अलग हो गए, जब वे एक अधिक दूर के रास्ते ले रहे थे। कथीरुद्दीन ने कहा, मैं पीछे मुड़ा और उस जगह पर पहुंचा जहां मैंने देखा कि मेरा भाई गुफा के अंदर गया था, लेकिन वहां कुछ भी नहीं था। नसीरुद्दीन के शव के मिलने के बाद, परिवारों के बीच की पुरानी दुश्मनी ने उन्हें उनके गृहनगर में दफनाना लगभग असंभव बना दिया।

## रोचक खबरें

# मौत के बाद के हुए ऐसे अनुभव कि बदल गई जिंदगी!

**ओटावा**। मौत को देखने के अनुभव दुनिया में बहुत से लोगों को हुए हैं। यहां तक कि ये अनुभव भी अलग-अलग तरह के होते रहे हैं। किसी को केवल दूसरी दुनिया में जाने का रास्ता दिखता है, कोई केवल स्वर्ग का दरवाज़ा देख कर लौटा है तो किसी ने फरिश्तों से बातचीत तक की है। ऐसे अनुभव करने वाले अधिकांश लोगों को जिंदगी ही इसके बाद बदल गई है। 2018 में कनाडा की एक नर्स जूलिया इवांस के साथ भी कुछ ऐसा ही पर बहुत अनोखा हुआ था। इस घटना ने जूलिया की जिंदगी पूरी तरह से बदल कर रख दी। असल में जूलिया को लिली के फूलों की महक से एक गंभीर एलर्जिक रिएक्शन शुरू हुआ। इसका नतीजा जल्दी ही कार्डिएक अरेस्ट में बदल गया है। दिल के धड़कना बंद होने से उनकी मौत हो गई थी और उन्हें 'जीवन के बाद' के अनुभव होने लगे। जूलिया ने हाल ही में जेफ मारा के पोडकास्ट पर इस चौंकाने वाली कहानी शेयर की। जूलिया ने बताया कि उस दिन उनका काम का दिन सामान्य था, लेकिन जैसे ही वे अस्पताल पहुंची, उन्हें गले में एक खराश महसूस हुई।नर्सिंग स्टेशन पर लिली के फूलों का गुलदस्ता देखकर उन्हें एहसास हुआ कि वे इन फूलों से एलर्जिक हैं, लेकिन उन्होंने सोचा कि यह हल्की होगी। पता नहीं क्यों वे फूलों की ओर ही चल पड़ीं, जिससे उन्हें गंभीर एनाफायलैटिक शॉक हो गया। एक ने दवा दी, दूसरे ने उनके पति को फोन किया, और एक सहकर्मी उनके साथ बैठा। जूलिया हांफ रही थी। एक डॉक्टर ने जल्दी से एपिनेफ्रिन इंजेक्ट किया, लेकिन यहां एक गलती ने हालात को और खराब कर दिया। सिरिंज में 10 गुना अधिक खुराक थी। उनका दिल तेजी से धड़का और उन्हें लगा कि उनका दिल फट गया। जब चिकित्सक उन्हें बचाने की कोशिश कर रहे थे, जूलिया की चेतना एक काले शून्य में चली गई, जहां उन्होंने अपनी मां की आवाज सुनी। उनकी मां 1983 में ब्रेन एनीयुरिज्म से मर गई थी। उन्होंने अपनी मां को यह कहते हुए सुना, यह ठीक है, हनी। मम्मी यहां है। इसके साथ ही उन्होंने अपने सबसे अच्छे दोस्त की आत्महत्या, अपनी सौतेली मां की डूबने,और अपनी मां के एनीयुरिज्म का दर्द महसूस किया, उनकी मौतों का दोबारा जी कर अहसास किया।



**फिर हो गई वापसी-** अचानक, वे एक अंधकारमय प्रकाश और जीवंत रंगों के क्षेत्र में प्रवेश कर गईं, जो 'सिर्फ प्यार' से भरा था और सभी खोए हुए लोगों की उपस्थिति से। फिर, एक झटके के साथ, वे अपने शरीर में वापस आ गईं। इसे पूरी प्रक्रिया उन्हें एक साल लग गया। इस अनुभव ने जूलिया को हिला कर रख दिया। अब, जूलिया ने एक किताब, द लिली नर्स, लिखी है, जिसमें अपनी कहानी शेयर की है। उनकी कहानी जीवन की नाजुकता और उससे परे के गहरे रहस्यों की याद दिलाती है।

# मृत युवक को जिंदा करने के लिए 5 दिनों तक चलता रहा अंधविश्वास का खेल

**नई दिल्ली**। कासगंज में अंधविश्वास का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां अंधविश्वास की वजह से पांच दिनों तक एक मृतक को जिंदा करने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि किसी जहरीले कीड़े के काटने से युवक की मौत हो गई थी, लेकिन घरवाले अंधविश्वास की वजह से मृतक को जिंदा करने के लिए झाड़-फूंक करवाने लगे। यह मामला कासगंज के अमांपुर थाना के बीनपुरा गांव का है। यहां 5 अगस्त को 26 वर्षीय युवक की जहरीले कीड़े के काटने से मौत हो गई, लेकिन परिजन और गांव वाले उसे मृत नहीं मान रहे थे। इसके बाद सबने तांत्रिक और नीम हकीम की मदद से झाड़ फूंक कराने लगे। ढोंग के सहारे मृतक को जीवित करने की कोशिश शुरू कर दी। पांच दिनों तक बंगाल से आई एक महिला मृतक को जिंदा करने के लिए अंधविश्वास का खेल करती रही और लोग खड़े होकर तमाशा देखते रहे। मृतक की पहचान बीनपुरा गांव के महादीपक के रूप में हुई है। जब युवक को जहरीले कीड़े ने काटा तो परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिर युवक को जिंदा करने के लिए बंगाल से तांत्रिक महिला को बुला लिया। इसके बाद महिला ने गड्ढे में पानी भरकर शव को रखवा दिया और ढ़ोल, थाली बजाकर इसे जिंदा करने का टोटका करती रही।



# इंसानों ने 48 साल पहले भेजा था दूत एलियंस को मिलेगी धरती की लोकेशन!

वॉशिंगटन। नासा अंतरिक्ष में कई अलग-अलग मिशन पर काम कर रहा है। नासा का वॉयेजर 1 भी करीब आधी सदी से अपने काम को अंजाम दे रहा है, लेकिन इसका मिशन अभी तक पूरा नहीं हुआ है। हालांकि, अब इसको लेकर अब दावा किया जा रहा है, जो काफी चौंकाने वाला है। माना जा रहा है कि यह छोटा सा स्पेसशिप एक दिन किसी एलियन सिविलाइजेशन के लिए पृथ्वी और यहां रहने वाले इंसानों के बारे में जानने का पहला ज़रिया बन सकता है।



### एलियन और इंसान

अगर वॉयेजर 1 कभी किसी तकनीकी रूप से उन्नत एलियन से टकराता है, तो वे उसे डिकोड कर सकते हैं। और यह जान सकते हैं कि पृथ्वी पर एक अच्छा जीवन है।

### ओउमुआमुआः फ्यूचर

आज से करीब आठ साल पहले यानी 2017 में जिस तरह लोगों में एक रहस्यमय इंटरस्टेलर ऑब्जेक्ट ओउमुआमुआ को लेकर उलझन थी, उसी तरह एक दिन एलियंस भी सोचेंगे कि वॉयेजर 1 कहां से आया और इसका क्या मतलब है?

### एलियनः हम यहां थे

भले ही इंसान कभी एलियंस से आमने-सामने न मिलें, वॉयेजर 1 हमारा पहला दूत बन सकता है। जो चुपचाप ये ऐलान कर सकता है कि 'हम यहां थे। हमारा वजूद था और हम सितारों तक पहुंच गए।'

**40000 साल** वैज्ञानिकों का मानना है कि 40000 सालों में वॉयेजर 1 किसी अन्य तारे के पास से गुज़रेगा। हैरान करने वाली बात यह है कि इसकी यात्रा अरबों सालों तक जारी रह सकती है। और हमारे जाने के बहुत बाद तक पृथ्वी की कहानी अपने साथ ले जा सकती है।

### प्रोटेक्टिव बबल्स

दरअसल, 1977 में लॉन्च्ड वॉयेजर 1 अब पृथ्वी से 15 अरब मील से भी ज़्यादा दूर है, जो इतिहास में किसी भी स्पेसक्राफ्ट से कहीं ज़्यादा दूर है। यह पहले से ही इंटरस्टेलर स्पेस में सूर्य के प्रोटेक्टिव बबल्स से पार पहुंच चुका है।

### गैलेक्सी

हालांकि, 2030 के दशक के मध्य तक इसकी ताकत खत्म हो जाएगी। लेकिन, फिर भी वॉयेजर 1 लाखों सालों तक गैलेक्सी में घूमता रहेगा और अपने साथ इंसानी तारीख की एक पार्ट लेकर चलता रहेगा।

### गोल्डन रिकॉर्ड

जबकि, वॉयेजर 1 के भीतर गोल्डन रिकॉर्ड है, जो पृथ्वी का एक टाइम कैप्सूल है। इसमें 55 भाषाओं में ग्रीटिंग मैसेज, दुनिया भर के संगीत, हमारे ग्रह की तस्वीरें और यहां तक कि इंसानों की हंसी की आवाज़ भी है। ये सब किसी भी इंटेलिजेंट के लिए है, जो इसे खोज सके।

# डार्क मैटर का रहस्य सुलझा! वैज्ञानिकों ने दिया ब्रह्मांड का सबसे चौंकाने वाला सिद्धांत



**वॉशिंगटन**। हाल में ही डार्क मैटर को लेकर एक वैज्ञानिक ने दो नए सिद्धांत को दिया है। इन सिद्धांतों से हमें यह समझने को मिलेगा कि आखिर ये अदृश्य पदार्थ कैसे काम करता है और ये है क्या। अगर हम इन सिद्धांतों को मानते हैं तो शायद डार्क मैटर को लेकर नजरिया बदल जाए और डार्क मैटर के इस रहस्य से हमें शायद और कोई रहस्यों का जवाब भी देखने को मिल जाए।

### ब्लैक होल या कुछ और?

एक अमेरिकी वैज्ञानिक ने जुलाई 2025 में अपना विचार देते हुए कहा कि डार्क मैटर किसी छाया संसार से आया हुआ हो सकता है और साथ ही ये दुनिया हमारी जैसी ही हो सकती है। वैज्ञानिक प्रोफुमों का कहना है कि जब ब्रम्हांड की शुरुआत हुई थी तो डार्क कण, ग्रैविटी की वजह से आपस में जुड़कर ब्लैक होल जैसी चीजें बन गई होगी या फिर कोई और चीज बनी होगी। ये सारी चीजें ग्रैविटी पर निर्भर करती हैं। वैज्ञानिक प्रोफुमों का ऐसा मानना है कि डार्क मैटर का यह सिद्धांत ब्रह्मांड के अस्तित्व में आए सभी डार्क मैटर को समझने में मदद मिल सकती है।

### क्या है ये सिद्धांत?

आपको बता दें कि ये सिद्धांत एक पुराने सिद्धांत पर ही आधारित है, जिसको दर्पण का मामला कहते हैं और यह सिद्धांत यह कहता है कि जैसे हमारी दुनिया चल रही है उसी तरह से हमारे साथ एक और समांतर दुनिया भी है और इस समांतर दुनिया में भी हमारी दुनिया के जैसे ही नियम हैं। हालांकि, ये दुनिया हमसे पूरी तरह से छुपी हुई है और ऐसा माना जाता है समांतर दुनिया की ग्रेविटी का असर भी हमारी दुनिया पर पड़ता है।

# यहां शादी होते ही पियक्कड़ बन जाती है दुल्हन! ससुराल वाले ही परोसते हैं शराब

**जयपुर**। राजस्थान, जहां संस्कृति और परंपराओं का अनूठा संगम देखने को मिलता है, वहां शादियां केवल दो लोगों का मिलन नहीं, बल्कि रीति-रिवाजों और सामाजिक बंधनों का उत्सव होता है। विशेष रूप से राजपूती शादियों में एक ऐसी रस्म है, जो अपनी अनोखी प्रकृति के कारण चर्चा में रहती है—प्याला या मनवार रस्म. इस रस्म में दुल्हन का स्वागत शराब से किया जाता है, जिसे सौभाग्य और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। हालांकि, गैर-शराबी परिवार इस रस्म को कोल्ड ड्रिंक या जूस के साथ निभाते हैं, जिससे यह परंपरा समकालीन संवेदनाओं के साथ भी तालमेल बिठाती है।



प्याला रस्म, जिसे मनवार रस्म भी कहा जाता है, राजपूत समुदाय की शादियों में एक विशेष स्थान रखती है। इस रस्म में दुल्हन के ससुराल पहुंचने पर उसे एक प्याला या गिलास में शराब पेश की जाती है। यह शराब, जो अक्सर स्थानीय रूप से बनी देसी शराब या व्हिस्की होती है, परिवार की ओर से स्वागत और शुभकामनाओं का प्रतीक होती है। कुछ परिवारों में दुल्हन को केवल प्याला छूने या उसका तिलक करने को कहा जाता है।

### इन इलाकों में है प्रचलित

हालांकि, यह रस्म सभी राजपूती परिवारों या राजस्थान के सभी क्षेत्रों में नहीं अपनाई जाती। उदयपुर, जोधपुर और जयपुर जैसे क्षेत्रों में यह रस्म अधिक प्रचलित है, खासकर उन परिवारों में जो परंपराओं को कड़ाई से मानते हैं। वहीं, बीकानेर और जैसलमेर जैसे कुछ क्षेत्रों में यह रस्म कम देखी जाती है और कई परिवार इसे पूरी तरह छोड़ देते हैं। गैर-शराबी परिवारों में इस रस्म को शीतल पेय, नारियल पानी या फलों के रस के साथ निभाया जाता है। यह लचीलापन दर्शाता है कि राजस्थान की परंपराएं समय के साथ बदलाव को स्वीकार कर रही है।

**क्या है मान्यता** सामाजिक और सांस्कृतिक विशेषज्ञों का मानना है कि प्याला रस्म की उत्पत्ति राजपूतों की योद्धा संस्कृति से जुड़ी हो सकती है। प्राचीन काल में शराब को साहस, उत्साह और उत्सव का प्रतीक माना जाता था। युद्ध से लौटने वाले योद्धाओं का स्वागत शराब से करना आम था और संभवतः यही परंपरा शादियों में शामिल हो गई। हालांकि, आधुनिक समय में शराब के सेवन को लेकर बढ़ती जागरूकता और सामाजिक बदलावों के कारण कई परिवार इस रस्म को संशोधित कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, जोधपुर के एक राजपूत परिवार ने बताया कि वे अब इस रस्म में गुलाब जल या शरबत का उपयोग करते हैं, ताकि सभी मेहमान और परिवारजन इसमें शामिल हो सकें।




# समंदर में फैली रहस्यमय बीमारी, समुद्री जीवों को खत्म कर रहा खतरनाक बैक्टीरिया

**न्यूयार्क**। साल 2013 में उत्तरी अमेरिका के प्रशांत तट पर एक अजीब बीमारी फैली। इसने लाखों सी स्टार्स की जान ले ली। अब यह बीमारी मेक्सिको से अलास्का तक फैल गई है। इसकी वजह से इस क्षेत्र में पाए जाने वाले समुद्री जीव कुछ ही दिनों में एक चिपचिपे पदार्थ में बदल गए।



इस बीमारी को 'सी स्टार वेस्टिंग डिजीज' (एसएसडब्ल्यूडी) कहा गया, जिसने सी स्टार्स को इस तरह नष्ट किया कि उनके शरीर टूट गए और उनके अंग पिघलने लगे। यह समुद्र में किसी जंगली प्रजाति को प्रभावित करने वाली सबसे बड़ी बीमारी मानी गई और इसे समुद्र के 10 सबसे बड़े अनसुलझे रहस्यों में से एक कहा गया। वैज्ञानिक पिछले 10 सालों से यह पता लगाने की कोशिश कर रहे थे कि इस बीमारी का कारण क्या है? अब, पांच साल की मेहनत के बाद, वैज्ञानिकों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने इसका जवाब ढूंढ लिया है। इस शोध में कई देशों के विश्वविद्यालयों, सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों के विशेषज्ञ शामिल थे। उनकी मेहनत से पता चला कि इस बीमारी का कारण एक नया बैक्टीरिया है, जिसका नाम है विब्रियो पेक्टेनिसिडा। ये बैक्टीरिया गर्म जल क्षेत्र में पनपते हैं। चूंकि, मानवीय गतिविधि या फिर ग्लोबल वार्मिंग की वजह समंदर का पानी लगातार गर्म हो रहा है।

### 60 करोड़ सनफ्लावर सी स्टार्स

यह बीमारी खासकर सनफ्लावर सी स्टार को सबसे ज्यादा प्रभावित करती है। यह समुद्री तारा दुनिया का सबसे बड़ा सी स्टार है, जो साइकिल के टायर जितना बड़ा हो सकता है और इसके 24 हाथ हो सकते हैं। यह एक शिकारी जीव है, जो समुद्र में संतुलन बनाए रखता है। लेकिन, इस बीमारी ने करीब 60 करोड़ सनफ्लावर सी स्टार्स को खत्म कर दिया, जिससे यह प्रजाति अब गंभीर रूप से खतरे में है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com